राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 11 अंक-156
लखनऊ, मंगलवार 23 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना परम सौभाग्य : नंदी 03
श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की साक्षी बनीं विभूतियां 12

## संक्षिप्त समाचार

**भारत-बांग्लादेश सीमा से तीन करोड़ का सोना जब्त**

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने सोने की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। दो भारतीय तस्करों को दो सोने की ईंटों और 39 सोने के बिस्कुट के साथ पकड़ा गया। जब्त किए गए सोने की कीमत तीन करोड़ रुपये से ज्यादा है। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि तस्कर भारतीय सीमा से गुजर रहे थे, तभी बीएसएफ जवानों ने पकड़ लिया। आरोपितों के नाम प्रसेनजीत मंडल, श्रीवास मंडल हैं। द. बंगाल सीमा के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी एके आर्य ने कहा कि तस्कर गरीब और भोले-भाले लोगों को छोटी रकम का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं। उन्होंने सीमावासियों से अपील की कि उन्हें सोने की तस्करी से जुड़ी कोई जानकारी मिलती है तो वे इसकी सूचना बीएसएफ हेल्पलाइन नंबर पर दें।

**अंसारी के बेटे की जमानत याचिका पर उप्र सरकार को नोटिस**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हथियार लाइसेंस मामले में माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने उप्र सरकार को नोटिस जारी किया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आर्म्स एक्ट मामले में उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा रखी है। सुनवाई के दौरान अब्बास की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। दरअसल, मऊ सदर से सुभासपा के विधायक अब्बास अंसारी पर खेल कोटे से लिये गए शस्त्र लाइसेंस पर आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कई मामलों में फरार चल रहे हैं।

**प्राण-प्रतिष्ठा के जुलूस पर पथराव, 13 गिरफ्तार**

**मुंबई।** मीरा रोड के नयानगर में श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर जुलूस निकालने वालों पर पथराव करने वाले 13 आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को बताया कि आरोपितों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से आरोपितों की पहचान कर रही है। रविवार की रात मीरा रोड इलाके में स्थित नयानगर में हैदरी चौक पर श्रीराम मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जुलूस निकाला गया था, जिस पर स्थानीय लोगों ने पथराव किया था, जिससे तकरीबन 20 लोग घायल हो गए थे। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। इस मामले में नया नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

**आईसीसी टी-20 टीम का ऐलान, सूर्यकुमार बने कप्तान**

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी20 टीम ऑफ द ईयर 2023 का ऐलान कर दिया है। आईसीसी की इस टीम में साल 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जगह दी गई है। भारत के चार खिलाड़ी इस प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं। आईसीसी टी20 टीम ऑफ द ईयर 2023 में भारत के चार, जिम्बाब्वे के 2, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, आयरलैंड और युगांडा की टीम के एक-एक खिलाड़ी को शामिल किया गया है।

# रामराज बैठे त्रैलोका, हर्षित भये गए सब सोका

## प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को किया सम्पूर्ण, 121 वैदिक आचार्यों ने संपन्न कराया कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज





**अयोध्या।** वैदिक मंत्रों और शंखनाद के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैसे ही श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूर्ण किया और लोगों ने अपने राघव की दिव्य छवि देखी, समूची अयोध्या नगरी भावविभोर हो गई। जो जहां था, वहीं से अपने आराध्य को एकटक निहार रहा था। चारों तरफ घंटा-घड़ियाल और शंख की ध्वनि गूंजने लगी। बूढ़े-बच्चे-नवजवान सब के मुंह से एक साथ 'जय श्रीराम' गुंजायमान होने लगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक विधि विधान से संकल्प लेते हुए पिछले सात दिन से चल रहे प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को सम्पूर्ण किया। इस दौरान मंदिर के गर्भ गृह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कुछ प्रमुख संत भी मौजूद रहे। काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ और आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में 121 वैदिक आचार्यों ने अनुष्ठान संपन्न कराया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आये हैं। यह अलौकिक क्षण है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। मोदी ने कहा कि कैलेंडर में लिखी हुई 22 जनवरी 2024 की तारीख नये कालचक्र का उद्गम है। आज दिग-दिशाएं, दिग-दिगंत सब दिव्यता से परिपूर्ण हैं। इस दौरान उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अपने 11 दिन के व्रत अनुष्ठान की भी चर्चा की। साथ ही उन लोगों को नमन किया जिनके कारण दुनिया भर के रामभक्तों को यह शुभ दिन देखने को मिला है। अपने संबोधन में मोदी ने विपक्ष को भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बनने पर देश में आग लग जाएगी। मोदी ने कहा, ''राम आग नहीं राम ऊर्जा हैं, राम विवाद नहीं राम समाधान हैं।'' श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंदिर परिसर में ही स्थापित जटायु की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री कुबेरटीला गए। वहां उन्होंने भगवान शिव की आराधना की।

### लौटा भारत का आत्म-गौरव : भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि राम राज्य आ रहा है और देश में सभी को विवादों से दूर रहना चाहिए और एकजुट रहना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी सोमवार को अयोध्या मंदिर में राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आई। उन्होंने अयोध्या में राम लला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद कहा कि राम राज्य आ रहा है और हमें सभी विवादों को दूर करना होगा और छोटे-छोटे मुद्दों पर आपस में लड़ना बंद करना होगा। हमें अहंकार छोड़ना होगा और एकजुट रहना होगा। भागवत ने यह भी कहा कि रामलला 500 साल बाद घर लौटे हैं और भारत का आत्म-गौरव भी लौटा है। उन्होंने कहा कि लेकिन वह (राम) क्यों चले गए? वह इसलिए चले गए क्योंकि अयोध्या में विवाद थे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई लोगों की तपस्या के बाद राम लला की घर वापसी हुई। प्रधानमंत्री ने अकेले ही तप किया था और अब, हम सभी को वह करना होगा। भागवत ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा के साथ ही भारत का आत्मगौरव लौट आया है। और आज का कार्यक्रम एक नए भारत का प्रतीक बन गया है जो खड़ा होगा और पूरी दुनिया को मदद प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह जानते हुए कि हर जगह राम हैं, हमें आपस में समन्वय बनाना होगा। साथ रहना ही धर्म का पहला सच्चा आचरण है। भागवत ने कहा कि करुणा दूसरा कदम है, उन्होंने लोगों से कहा कि वे जो कमाते हैं उसमें से कम से कम अपने लिए रखें और शेष दान में दें। उन्होंने कहा कि यह करुणा का अर्थ है। आपको अपनी इच्छाओं को नियंत्रण में रखना चाहिए। जहां सरकारी योजनाएं गरीबों को राहत दे रही हैं, वहीं हमें समाज को भी बांधना चाहिए क्योंकि सभी हमारे भाई हैं। जहां भी आपको दुख और दर्द दिखे, वहां सेवा करें। अयोध्या मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्रतिष्ठा का नेतृत्व प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और लाखों लोगों ने अपने घरों और देश भर के मंदिरों में टेलीविजन पर इसे देखा।

### रामजन्मभूमि ने देश को एक सूत्र में बांधा : योगी

श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से अभिभूत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ न केवल सनातन आस्था व विश्वास की परीक्षा का काल रहा, बल्कि, संपूर्ण भारत को एकात्मकता के सूत्र में बांधने के लिए राष्ट्र की सामूहिक चेतना जागरण के ध्येय में भी सफल सिद्ध हुआ। श्री योगी ने नव्य दिव्य भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अपने संबोधन की शुरुआत देवभाषा संस्कृत के श्लोक से की। उन्होने कहा रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः॥ । उन्होने लोगों को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की बधाई देते हुये कहा हर मन में राम नाम हैं। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगा है। हर जिह्वा राम-राम जप रही है। रोम रोम में राम रमे हैं। पूरा राष्ट्र राममय है। ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि, संभवतः विश्व में पहला ऐसा अनूठा प्रकरण रहा होगा, जिसमें किसी राष्ट्र के बहुसंख्यक समाज ने अपने ही देश में अपने आराध्य के जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए इतने वर्षों तक और इतने स्तरों पर लड़ाई लड़ी हो। सन्यासियों, संतों, पुजारियों, नागाओं, निहंगों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, वनवासियों सहित समाज के हर वर्ग ने जाति-पाँति, विचार-दर्शन, उपासना पद्धति से ऊपर उठकर राम काज के लिए स्वयं का उत्सर्ग किया। अंततः आज वह शुभ अवसर आ ही गया कि जब कोटि-कोटि सनातनी आस्थावानों के त्याग और तप को पूर्णता प्राप्त हो रही है। आज संतोष इस बात का भी है कि मंदिर वहीं बना है, जहाँ बनाने का संकल्प लिया था। गोरक्षपीठाधीश्वर ने अपने गुरु अवेद्यनाथ को स्मरण करते हुये कहा, विचारों और भावनाओं की विह्वलता के बीच मुझे पूज्य संतों और अपनी गुरु परम्परा का पुण्य स्मरण हो रहा है। आज उनकी आत्मा को असीम संतोष और आनन्द की अनुभूति हो रही होगी, जिन परम्पराओं की पीढ़ियां श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ में अपनी आहुति दे चुकी हैं, उनकी पावन स्मृति को यहां पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ।



## एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दिल्ली लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि सरकार प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना शुरू करेगी। इसका लक्ष्य एक करोड़ छतों पर सोलर सिस्टम लगाना है। इस बात को लेकर खुद प्रधानमंत्री ने जानकारी दी है।



सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। मोदी ने आगे कहा कि अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना प्रारंभ करेगी।

### जम्मू-कश्मीर में रहा दिवाली जैसा माहौल

**जम्मू।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जम्मू के साथ ही कश्मीर में सोमवार को दिवाली जैसा माहौल है। जम्मू के सबसे पौराणिक रघुनाथ मंदिर में अखंड पाठ का आयोजन किया गया। चौक चौराहों पर लगी एलईडी पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रसारण देख लोग भावुक हो गए। श्रीनगर के ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर में विशेष पूजा हुई। रामलला के दर्शन का सदियों का इंतजार सोमवार को आखिर समाप्त हो गया। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जम्मू के साथ ही कश्मीर में सोमवार को दिवाली जैसा माहौल रहा। प्रदेश के मंदिरों और प्रमुख चौक-चौराहों पर एलईडी स्क्रीनें लगाकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिखाया गया।

### लखनऊ विवि में विद्यार्थियों ने बनायी भव्य रंगोली



**लखनऊ।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। टैगोर लॉन में एक आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ललित कला के विद्यार्थियों ने मंदिर की शानदार रंगोली सजायी, जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। एक भावपूर्ण भजन संध्या के साथ शुरू होकर, धार्मिक कार्यक्रम सुंदर कांड पाठ के माध्यम से आगे बढ़ा, जो हनुमान चालीसा के गूंजते पाठ और एक जीवंत आरती के साथ समाप्त हुआ। शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से मनमोहक माहौल बना रहा। प्रतिभाशाली ललित कला के छात्रों ने 34×36 माप की अयोध्या में मंदिर के साथ श्रीराम की शानदार रंगोली के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

## प्रदेश में 10 फरवरी तक नहीं मिलेगी ठंड से निजात, जारी रहेगा सर्दी का सितम

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा और इस उत्सव में मौसम भी खुशनुमा हो गया। हवाओं की दिशाएं दक्षिण पूर्व हो गईं, जिससे तेज धूप निकली और पारा बढ़ने से लोगों को सर्दी से थोड़ा राहत मिल गई। हालांकि आगामी दिनों पूर्व की भांति शीतलहर चलेगी।



मौसम विभाग का कहना है कि 10 फरवरी तक सर्दी बरकरार रहेगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एन. सुनील पाण्डेय ने सोमवार को यह बताया कि समुद्री गतिविधियों के चलते हवाओं की दिशाएं पछुआ की जगह दक्षिण पूर्व हो गईं। इन हवाओं के चलने से घना कोहरा जल्द छट गया और दिनभर तेज धूप रही। धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी हो गई और लगभग सामान्य रहा, जिससे लोगों को सिहरन भरी सर्दी से राहत मिली। धूप निकलने से लोग बाहर निकले और खुशनुमा मौसम का आनंद उठाया। हालांकि मौसम की यह स्थिति 24 घंटे तक ही सीमित रहने की संभावना है। आगामी दिनों में फिर से हवाओं की दिशाएं बदलेंगी और शीतलहर लोगों को परेशान करेगी। सर्दी को लेकर जो पूर्वानुमान है, उसके मुताबिक 10 फरवरी तक सिहरन भरी सर्दी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 17.2 और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 86 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 55 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं दक्षिण पूर्व रहीं, जिनकी औसत गति 3.6 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

सम्मान

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों को असाधारण उपलब्धियों के लिए किया पुरस्कृत

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किए गए 19 बच्चे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 19 बच्चों को असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें नौ बालक और 10 बालिकाएं शामिल हैं। विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई, सचिव इंदीवर पांडे भी उपस्थिति रहे।



इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी पुरस्कृत बच्चों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि बालक-बालिकाएं बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उनमें लगन और मेहनत के बल पर पहचान बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि अब समाज के सभी लोगों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को सही राह दिखाएं। समारोह को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय उत्सव का दिन है। उत्सव का दिन इसलिए भी है, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में जनता जनार्दन पूजी जाती है और भारत के भविष्य को आज सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने का अवसर भारत सरकार प्राप्त हुआ है, वो भी हमारे लिए उत्सव से कम नहीं है। पुरस्कार विजेता सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज 19 बच्चों को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो रहा है, जिसमें कला और संस्कृति, वीरता , नवाचार , विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल में बच्चों को पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इन सभी क्षेत्रों में बच्चों ने अपना हुनर, अपना जज्बा, अपना नेतृत्व दिखा चुके हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि देश के प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी ने जिस विकसित भारत की कल्पना की है, उस विकसित भारत के ये बच्चे शिल्पकार हैं। यह पुरस्कार इसलिए भी विशिष्ट है, क्योंकि भारत ने आज विश्व भर में टेक्नोलॉजी के माध्यम से सफलता का परचम लहराया है।

### यह बच्चे हुए सम्मानित

इन पुरस्कार विजेताओं में आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत), अनुष्का पाठक, अरिजीत बनर्जी, अरमान उबरानी, हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, इश्फाक हामिद, मोहम्मद हुसैन, पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया, सुहानी चौहान, आर्यन सिंह, अवनीश तिवारी, गरिमा, ज्योत्सना अख्तर, संयम मजूमदार, आदित्य यादव, चार्वी ए, जेसिका नेई सरिंग, लिन्थोई चनंबम और आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं।

# जिला अस्पताल में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

- पूजा अर्चना एवं शोभायात्रा में जुटे अस्पताल के डॉक्टर कर्मचारी
- अपराह्न में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा शाम को 2100 दीपों को जलाकर मनाई गई दीपावली

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

श्री राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर जिला चिकित्सालय बाराबंकी में नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रारम्भ में डॉ रोहित प्रसाद जिला महासचिव नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन तथा उनकी धर्मपत्नी डा अनुपमा टिक्डेवाल द्वारा पूजन एवं हवन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉ आर एस गुप्ता, जिला प्रचारक श्री सुदीप जी, जिला चिकित्सालय बाराबंकी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार, एनएमओ के अध्यक्ष डॉ रोहित अग्रवाल, डॉ अमित वर्मा,आर पी सिंह विसेन, पवनेन्द्र प्रताप सिंह,बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मनीष सिंह आदि के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद भजन मंडली द्वारा श्री विजय मंत्र का पाठ तदुपरान्त सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। उपस्थित हजारों राम भक्तों ने अयोध्या से प्रसारित प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एल ई डी पर सजीव प्रसारण देखा और जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाते रहे।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार के नेतृत्व में चिकित्सालय परिसर में ही एक फेरी निकाली गई। ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए श्री राम भक्त एवं जय जयकार कर रहे थे। अपराह्न में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा शाम को 2100 दीपों को जलाकर दीपावली मनाई गई।

आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से शिखा भारती, आकांक्षा विद्यालय सतरिख के बच्चों ने पूरे चिकित्सालय परिसर को रंगोली बनाकर सजा दिया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ रंजय गुप्ता, डॉ अमित वर्मा, राजकुमार सिंह, डॉ रूचि टंडन, डॉ अनुपमा टिक्डेवाल, जिला कार्यवाह श्री सुधीर तिवारी, भाजपा नेता श्री संतोष सिंह,अजीत प्रताप सिंह, राकेश पटेल, अजय जय माता दी, जिला कप कार्यवाह डा नन्हे सिंह, विश्वजीत शर्मा, श्री केपी तिवारी, श्री मनोज सिंह, श्री प्रमोद सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके श्रीवास्तव, डॉ आई बी तिवारी,डा पारूल अग्रवाल,डा वीरेन्द्र पटेल, डॉ अरुण गौतम,ललराम जी, सुधाकर वर्मा सहित हजारों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## महल मैरिज लान में दिन भर चला भंडारा

**लखीमपुर खीरी।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में जहां पूरा देश राममय हो गया वहीं जिला लखीमपुर खीरी में भी राम लला की राम भक्ति का उत्साह राम भक्तों में जबरदस्त देखा गया। जगह-जगह भंडारे, राम जुलूस के आयोजन किए गए। संकटा देवी चौराहे से अस्पताल गेट, तिकुनिया से श्रीराम चौराहे तक दीप प्रज्वलन की व्यवस्था की गई है। हर जगह केवल राम धुन ही सुनी गई, जगह-जगह रामायण, सुन्दर पाठ के आयोजन हुए। इसी क्रम मे शहर के रंग महल मैरिज लान ने भी अपने उदयपुर ,गोला रोड कार्यस्थल पर भव्य राम दरबार की स्थापना कर ईरा श्रीवास्तव नगर पालिका अध्यक्ष, के साथ पूजन कर भव्य भंडारा- प्रसाद वितरण का आयोजन किया। पूरे दिन प्रभू का प्रसाद वितरण चलता रहा।

# श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर पूरे नगर क्षेत्र में रही भंडारों की धूम

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आज पूरे नगर में श्री राम भक्तों द्वारा जगह-जगह पर स्टाल लगाकर पूरी सब्जी छोले चावल बूंदी खीर आदि का वितरण किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के ब्रम्हनान वार्ड में युवा हृदय सम्राट रोहित मिश्रा द्वारा श्री रामचरितमानस के पाठ के उपरांत आज प्रसाद के रूप में छोले चावल का वितरण किया गया। पूरे मितई वार्ड में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा, मुख्य चौराहे पर गणेश अग्रवाल द्वारा लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर राजकुमार सोनी द्वारा, आर आर मोबाइल शॉप पर सुधीर जायसवाल संदीप जायसवाल विवेक गुप्ता भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे विक्की द्वारा, संतरी माता मंदिर रनापुर मंदिर के महंत बाबा शक्ति दास द्वारा, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार के गुड्डू कश्यप द्वारा, युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर, पूर्व सभासद विपिन साहू और उनकी टीम द्वारा मेन मार्केट में स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

# खबरें एक नजर में

## हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ के साथ कार्यक्रम आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** एक ओर जहां अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। अयोध्या में श्री राम लल्ला की मूर्ति स्थापना होने के साथ-साथ वही दूसरी ओर भगवान राम के सबसे बड़े भक्त हनुमान जी के मंदिर लखीमपुर खीरी के तहसील गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत ग्राम नगरा सलेमपुर हनुमान मंदिर (महुआरी कुटी) पर नगरा सलेमपुर के ग्रामवासियों की तरफ से सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ भजन-कीर्तन, कार्यक्रम आयोजित करके भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों के साथ-साथ क्षेत्रवासी व ग्राम नगरा सलेमपुर के प्रधानपति जहीरूद्दीन मंसूरी, कीर्ति महेश्वरी, रामकिशोर वर्मा ,हीरा लाल(हीरा लाइट हाउस), पत्रकार आशीष भारती, राजीव भारती (इंडियन गेस्ट हाउस), शिव शंकर वर्मा, रामप्रकाश भारती आदि लोग मौजूद रहे।

## बदमाश को किया पुलिस के हवाले, दो साथी भागने में सफल

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** कस्बा में रविवार की रात चोरी करने का प्रयास कर रहे एक बदमाश को पकड़कर नागरिकों ने पुलिस के हवाले कर दिया है।उसके दो साथी भागने में सफल रहे। नगर पंचायत हैदरगढ़ के कोठी वार्ड निवासी लक्ष्मी नरायन गुप्ता वर्तमान में लखनऊ निवास कर रहे हैं। उनके मकान के एक हिस्से में सूरज सिंह किराएदार हैं। रविवार को आधी रात के बाद बदमाश लक्ष्मी नरायन गुप्ता के मकान में घुसने के लिए दरवाजे की कुंडी तोड़ रहे थे। इसी समय खटपट की आवाज से सूरज सिंह की नींद खुल गई।उन्होंने बदमाशों की आहट की जानकारी मुहल्ले वालों को फोन करके दिया।मुहल्ले के लोगों ने बदमाशों की घेराबंदी कर एक को पकड़ लिया। उसके दो साथी भागने में सफल रहे।बदमाश को पकड़ने के बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।पकड़ा गया बदमाश थाना सुबेहा के भटगवां गांव का लवकुश 26 वर्ष बताया जाता है। पुलिस बदमाश को कस्टडी में लेकर छानबीन कर रही है।

## कीर्तनमयी सुंदरकांड पाठ के साथ हुए भंडारे

**बिजुआ खीरी।** अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूरा इलाका भगवामय हो गया। राम भक्तों द्वारा जगह जगह शोभा यात्रा, कीर्तनमयी सुंदर कांड पाठ के साथ साथ भंडारे का आयोजन किया। पूरे दिन राम नाम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो उठा। सोमवार के दिन भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पड़रिया तुला स्थित श्री बालाजी पावन धाम व श्री ठाकुरद्वारा मंदिर को बहुत ही भव्य तरीके से सजाया गया। जिसके बाद पडरिया तुला ठाकुर जी द्वारा पर पूजन से पहले अयोध्या से आई मिट्टी को रोली में मिलाकर सर्वप्रथम सभी राम भक्तों के मस्तक पर लगाया गया। उसके बाद कीर्तनमयी सुंदर कांड पाठ व हवन पूजन का आयोजन किया। जिसके बाद लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर कस्बे के व्यापारियों द्वारा पंडाल लगाकर चाय व चने का वितरण किया गया साथ ही ठाकुरद्वारा मंदिर में तहरी भोग व हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। वही बिजुआ सीएचसी पर भी सुंदरकांड पाठ व प्रसाद का वितरण सीएचसी अधीक्षक सुभाष वर्मा के नेतृत्व में किया गया। दोपहर बाद बिजुआ कस्बे से हजारों रामभक्तों द्वारा गाजे बाजे के साथ कार व बाईकों से एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में शामिल हजारों रामभक्त हांथो में भगवा ध्वज लेकर, जय श्रीराम के नारों के साथ नाचते गाते चल रहे थे।

# राममय हुआ हैदरगढ़, मंदिरों में वितरित किया गया प्रसाद

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

- ब्लॉक प्रमुख ने कहा की 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री के कर कमलो द्वारा हुआ संपन्न

अयोध्या धाम में बने भगवान श्री राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ जिला पंचायत सदस्य रामदेव सिंह अलपी का पुरवा स्थित हनुमान मंदिर और कालेश्वर महादेव मंदिर रेहुरा पर पहुंचकर पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह ने कहा की 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ यह समस्त देशवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला के नेतृत्व में आज अस्पताल परिसर में सुंदरकांड पाठ के उपरांत स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से फार्मासिस्ट अमरीश मिश्रा बद्री विशाल नागेंद्र मिश्रा डॉ जितेंद्र सोनी डॉक्टर मोनिका शुक्ला शशांक बाजपेई श्रद्धा सिंह ब्रिज कला मीनू गीता सहित सीएचसी स्टाफ उपस्थित रहा।

# भजन कीर्तन के साथ भव्य आयोजन कर मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

रामनगरी अयोध्या मे रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर नगर पंचायत जैदपुर मे भी 22 जनवरी को संगत मंदिर सहित तमाम मंदिरो को सजाया गया।पूजा पाठ भजन कीर्तन के साथ कई जगहो पर भंडारा आदि कर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

जानकारी के अनुसार राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे भी साफ सफाई कर मंदिरो मे जमकर सजावट की गयी।कस्बे के मोहल्ला संगत श्रीराम जानकी बाला जी महाराज मंदिर मे भगवान श्रीराम का भव्य दरबार सजाया गया।जहां हजारो की संख्या में दीप जलाकर खुशी को उजागर किया गया। बजार स्थित दिवेश कुमार डब्बू जायसवाल की दुकान के सामने दिन भर लडडू का वितरण होता रहा।जबकि थाना चौराहा सहित भुयारा मंदिर,शीतला माता मंदिर व तमाम अन्य जगहो पर भंडारा भी किया गया। इस खुशी के मौकै पर थाना जैदपुर मे भी झालरो की सजावट की गयी साथ ही मंदिर में पूजा पाठ भजन कीर्तन भी चलता रहा।जबकि कस्बे से भारी संख्या लोगो का हुजूम अली अकबर कटरा से डीजे ऊंट के साथ पैदल व बाइक पर झंडे लेकर नाचते गाते नारे लगाते हुए थाना चौराहा बाजार होते हुए गढी कदीम शिव मंदिर पहुंचा जहां आतिशबाजी भी की गयी। मिठाई तथा प्रसाद का वितरण करने के साथ पेन्नापुर होते हुए अली अकबर कटरा मे समापन किया गया।कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे भी ज्यादातर दुकाने बंद रही और एक दूसरे को लोग बधाई देते रहे।रात मे भारी संख्या मे लोगों ने घरो मे दीपक जलाये।रोशनी व सजावट भी खूब की गयी। दीपावली की तरह माहोल बना रहा। खूब आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर दिवेश कुमार डब्बू जायसवाल, श्यामू जायसवाल,दीपक निगम,राजन बक्सोर, अमित, मनीश, अजय, रामनेवाज गुप्ता,डीएम वर्मा, रमंशु, उमाकांत पहलवान सहित देखरेख हेतु थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय,सिपाही शैलेश कुमार, गुफरान सहित भारी संख्या मे पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**सिद्धौर, बाराबंकी।** कस्बा सिद्धौर समेत पूरे क्षेत्र में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बड़े धूमधाम से मनाया गया।हजारों श्रद्धालुओं के बीच नवनिर्मित श्रीराम टावर का शिलान्यास सिद्धौर की चेयरमैन रमन्ता रावत द्वारा हवन पूजन कर किया गया। राम जन्मभूमि मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा का नगर में जगह-जगह लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। तथा क्षेत्र के सभी मंदिरों को सजाया गया तथा दीपोत्सव भी मनाया गया।नगर के अमहट वार्ड निवासी राकेश वर्मा व रामप्रसाद वर्मा की देखरेख में हजारों की संख्या में राम बारात निकाल कर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त हुई।स्थानीय नगर पंचायत में कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। तथा गाजे बाजे के साथ सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से राम बारात निकाल कर पूरे नगर में घुमाई गई। नगर के लोगों ने जगह-जगह भगवान श्रीराम की आरती उतार कर स्वागत किया।शाम को दीपोत्सव का दिव्य भव्य आयोजन हुआ।इस मौके पर चेयरमैन रमन्ता रावत,प्रति निधि लल्लू रावत, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्य नाम सिंह वर्मा,डॉ राजेंद्र वर्मा, प्रवीण सिंह सिसोदिया, महंत अनिल पुरी, दिनेश शर्मा,अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी लेखपाल आनंद प्रकाश शिरीष मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसी क्रम में पूरे क्षेत्र के मंदिरों पर अखंड पाठ सुंदरकांड का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।लोगों ने गोले पटाखे फोड़े और खुशी का इजहार किया।पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा हर लोगों में खुशी का माहौल रहा।

# जागेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का हुआ आयोजन

**ग्राम बरोलिया में ग्रामीणों ने सुंदरकांड पाठ के साथ वितरण किया भंडारा प्रसाद**

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर तहसील परिसर में नवनिर्मित जागेश्वर महादेव मंदिर में शिव-परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

बाबा विनोद मिश्रा, अवधेश कुमार मिश्रा, व अभिषेक कुमार मिश्रा के द्वारा बनवाये गए जागेश्वर महादेव मंदिर में चार दिन से लगातार चल रहे अनुष्ठान के बाद सोमवार को शुभ मुहूर्त में भगवान भोलेनाथ और उनके परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही दिन भर भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। वही इस अवसर पर कुंतेश्वर महादेव मंदिर किन्तूर, बड़ा चौराहा कस्बा बदोसराय, मरकामऊ, मूर्ति माता मन्दिर रामसहाय, बिदुर आश्रम बदोसराय पारिजात धाम बरौलिया कोटवाधाम सहित क्षेत्र के विभिन्न गांव में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे के आयोजन किए गए। कुन्तेश्वर महादेव मंदिर पर ग्राम रोजगार सेवक संघ सिरौली गौसपुर की तरफ से सुंदरकांड पाठ कराकर साधु संतों एवं संभ्रांत जनों को अंगवस्त्र भेंटकर प्रसाद वितरण किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष अंजनी दीक्षित अजय यादव प्रेमलता सीमा तिवारी अशोक जितेंद्र दिलीप सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे ।इसी प्रकार कस्बा बदोसराय के मुख्य चौराहे पर संगीतमयी सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन कस्बे के व्यापारियों द्वारा किया गया । अयोध्या में भगवान राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही दिन दिन भर आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई इस अवर पर सतीश गुप्ता, मनीष गुप्ता,पिंटू कनौजिया, अमित पाण्डेय,अजय गुप्ता,आलोक कनौजिया,राजाराम गुप्ता, पवन गुप्ता,वीरेंद्र गुप्ता, सोनू पाण्डेय, आशीष गुप्ता ,आशीष अवस्थी, रचित गुप्ता ,सुमित मौर्या अमन गुप्ता,हर्षित गुप्ता सहित हजारो लोग मौजूद रहे। ग्राम बरोलिया में ग्रामीणों ने सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारा प्रसाद वितरण किया। रामसहांय के मूर्ति माता मंदिर पर ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ल के संयोजन में सुंदरकांड पाठ और भंडारा प्रसाद वितरण कराया गया।मरकामऊ में आंनद, सन्दीप गुप्ता ,कमलेश पवन गुप्ता, आदि ने प्रसाद वितरण कर आतिशबाजी किया।

# बांकेगंज में जगह-जगह चले भंडारे, सुंदरकांड के पाठ

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बांकेगंज क्षेत्र में रामोत्सव की धूम रही। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के अवसर समूचा कस्बा राममय रहा। प्रत्येक मन्दिर पर श्रद्धालु भगवान राम की भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं।

भगत जनों ने भजन कीर्तन, सुंदरकांड से लेकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। बांकेगंज के राधा कृष्ण मंदिर में जन सहयोग से सुंदरकांड का आयोजन गाजे बाजे के साथ किया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ तत्पश्चाप राम भक्तों ने रामोत्सव यात्रा निकाली। यह यात्रा बांकेगंज कस्बे का चक्कर लगाते हुए स्थानीय सीएचसी स्थित हनुमान मंदिर पर जाकर रुकी। वहां भी सुंदर कांड का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा था। अन्य मंदिरों पर भी भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। लोगों ने अपने घरों को सजाया। अधिकांश घरों के ऊपर भगवान राम के ध्वज लहराते हुए दिखाई दिए । हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे सुनाई दे रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर कस्बे में दीप मिट्टी के दीपों की बिक्री भी खूब हुई। इस अवसर पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व पुलिस चौकी पर भंडारे का आयोजन किया गया। बांकेपुर में गाजे बाजे के साथ रामोत्सव यात्रा निकाली गई। सैकड़ो युवा भगवा वस्त्र पहने श्री राम ध्वज लिए यात्रा में शामिल हुए।

# पदयात्रा एवं मोटरसाइकिल रैलियों का हुआ आयोजन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मितौली मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्र में पदयात्राओ एवं मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया इस अवसर पर मितौली प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने पुलिस बल के साथ कोतवाली क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों की अगुवाई की गई। मितौली मुख्यालय पर मास्टर दिनेश भार्गव पूर्व प्रधान मितौली की अध्यक्षता में बाइक रैली का आयोजन हनुमान मंदिर निकट नहर चौराहा भडे बरा से प्रारंभ होकर मितौली के विभिन्न मार्गो से होकर कोतवाली मितौली के सामने स्थित सती मंदिर पर समापन किया गया वही कस्ता कस्बे में शरद अवस्थी पंडित जगदीश प्रसाद त्रिपाठी, विजय कुमार अवस्थी, डॉक्टर रिंकू वर्मा, आशु गुप्ता, योगेश शुक्ला, रामावतार मिश्रा की अध्यक्षता में बाइक रैली एवं फोर व्हीलर रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम कस्ता शिव मंदिर से प्रारंभ होकर अधरोला कस्ता होते हुए भिखनापुर दुबहा रतहरा होते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए नहर चौराहा स्थित चौराहे का नामकरण श्री राम चौराहे के नाम से क्षेत्रीय विधायक सौरभ सिंह सोनू द्वारा किया गया।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर डीएम आवास पर हुआ भंडारा



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर जनपद खीरी में उत्सव का माहौल है। घरों पर लहराते ध्वज, मंदिरों से लेकर बाजार, सरकारी भवनों, दफ्तरों, मोहल्लों में सजीं रंग-बिरंगी लाइटें, जगह-जगह पर होने वाले भंडारे आकर्षण का केंद्र बने हुई हैं। शहर में जय श्रीराम... अंगना मैं सजाऊंगी राम आएंगे, सजा दो घर गुलशन सा, मेरे राम आए हैं जैसे भक्ति गीतों की धुनों पर नाचते-गाते भक्त... हर जगह यही नजारे थे। मंदिरों में जहां एक ओर सुंदरकांड, अखंड रामायण के पाठ चल रहे वही दूसरी ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी रही। श्री रामोत्सव पर्व डीएम आवास द्वार पर हुआ भव्य भंडारा, डीएम ने परिवार संग परोसा प्रसाद अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर डीएम आवास के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य भंडारा हुआ, जिसका डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी अल्पना सिंह, दोनों पुत्री मिशिका और मायरा के साथ पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर भव्य भंडारे का शुभारंभ किया।

## सीडीओ ने चिकित्सालय में बांटे फल

जिला प्रशासन के तत्वावधान में अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर शहर के कुष्ठ आश्रम हाथीपुर, वृद्ध आश्रम नौरंगाबाद और जिला चिकित्सालय ओयल में फल और कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह सहित अपनी पूरी प्रशासनिक अफसरो की टीम संग हाथीपुर कोठार मोहल्ले में संचालित कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर कुष्ठरोगियों को फल और कंबल वितरित किए।

## श्री जानकी जीवन मन्दिर में एसडीएम ने कराया कन्या भोज

शहर के श्री जानकी जीवन मंदिर में गत दिवस को शुरू हुई श्री रामचरितमानस अखंड पाठ आज पूर्ण हुई। इस मोके पर डीएम की धर्मपत्नी, जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह, एसपी की पत्नी कोमल साहा ने राजगोपाल मन्दिर ट्रस्ट श्री अयोध्या जी अधिकृत प्राधिकारी (रिसीवर) एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह के साथ अखंड पाठ पूर्ण होने पर श्री रामचरितमानस की आरती करके प्रसाद वितरण किया। इसके बाद उन्होंने कन्याओं का पूजन अर्चन कर प्रसाद परोसा और उनका आशीर्वाद लिया।



## सीमा पर आने वाले व्यक्तियों की हुई सघन जांच

**तिकुनिया खीरी।** तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी के सीमा चौकी कृष्णानगर में एस.एस.बी, ए.पी.एफ (नेपाल) तथा स्थानीय पुलिस के साथ अयोध्या में होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर सयुक्त बैठक किया गया। बैठक के उपरांत पिलर संख्या 713 गुलेरिया घाट से डॉक्टर घाट तक संयुक्त गश्त संचालित कर सीमा पर आने जाने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की गई। उपरोक्त बैठक तथा गश्त में तृतीय वाहिनी की तरफ से एम. डी.तामाङ , द्वितीय कमान अधिकारी, चेतराम नेगी, सहायक कमांडेंट तथा नेपाल ए.पी.एफ से डीएसपी राजन शाह एवं स्थानीय पुलिस के जवान मौजूद रहे। बताते चले वाहिनी के सीमा चौकियों के द्वारा पूरी मुस्तैदी से दिन रात सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्ती तथा गश्त/नाका के माध्यम से निगरानी की जा रही है 7 सीमा चौकियों में तैनात सूचना कार्मिकों को सूचना एकत्र करने हेतु अलर्ट किये गए है।

# कस्ट हरण मंदिर धाम तक निकली शोभा यात्रा



- नैमिषारण्य धाम के द्वारा दिखाई गईं रामलला की झांकियां

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड क्षेत्र के खंता गांव में श्री राम लला विराजमान को लेकर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर की मौजूदगी में बड़े हर्ष उल्लास के साथ शोभा यात्रा कस्ट हरण मंदिर धाम तक निकाली गई। जुगुल किशोर को लोगों ने फूलमाला पहनकर सम्मानित किया। अयोध्या में श्री राम लला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर मैगलगंज,औरंगाबाद में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने फीता काटकर श्री रामलला चौक का शुभारंभ किया।

वही श्री राम लला विराजमान को लेकर क्षेत्र में जगह-जगह शोभा यात्रा नाच गाने के साथ निकाली गई। जहां पांच सौ वर्षों के बाद आज श्री राम लाल अयोध्या में विराजमान हुए हैं। इस खुशी को लेकर क्षेत्र में जगह-जगह दिवाली उत्सव मनाया गया। वहीं कचियानी गांव में श्री रामलला की भिन्न भिन्न प्रकार की झांकियां विनीत कुमार मिश्र नैमिषारण्य धाम के द्वारा दिखाई गईं। श्री राम लला विराजमान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मैगलगंज थाना प्रभारी,मितौली थाना प्रभारी अपने पुलिस फोर्स के साथ जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था के साथ तैनात रहे। जहां अवसर पर हजारों की संख्या में लोग जय श्री राम के नारे लगाते हुए शामिल रहे।

**संबोधन**

**राम भक्तों का करीब 500 साल का लंबा इंतजार आज खत्म**

# गृहराज्य मंत्री ने अस्थाई गौआश्रय स्थल का किया शुभारंभ

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत मोतीपुर पहुंचकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने नवनिर्मित अस्थाई गौशाला का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृहराज्यमंत्री ने लगभग डेढ़ दर्जन योजनाओं का लोकार्पण भी किया। लोकार्पण के बाद कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राम भक्तों का करीब 500 साल का लंबा इंतजार आज खत्म हो गया है, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अब अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं, पीएम मोदी स्वयं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजा अर्चना में शामिल हुए हैं। वहीं केंद्र सहित राज्य की डबल इंजन सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार रूप से अवगत कराया। ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत मोतीपुर में ग्राम सभा की जमीन न होने के कारण गौशाला बन पाना संभव नहीं हो पा रहा था, बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने ग्राम वासियों को आवारा गौवंशीय पशुओं से निजात दिलाने के लिए ग्राम प्रधान रेनू वर्मा, प्रतिनिधि कुलदीप सिंह केडी को गौशाला के लिए भूमि दान करने ले लिए प्रेरित किया। बीडीओ की प्रेरणा से प्रधान रेनू वर्मा ने गौशाला के लिए दो एकड़ भूमि दानकर एक मिसाल पेश की है।, जिसकी खुले मंच से गृहराज्य मंत्री ने प्रधान के इस कार्य की जमकर सराहना की।

कुलदीप सिंह और उनकी पत्नी प्रधान रेनू वर्मा द्वारा गौशाला के शुभारंभ से पहले 24 घंटे रामायण का अखंड पाठ कराया गया उसके समापन के बाद 300 कन्याओं को कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया गया, कन्याओं को दान स्वरूप एक-एक भोजन थाल और दक्षिणा स्वरूप 21-21रुपए भी दान कर विदा किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश कुमार पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी उपदेश वर्मा, पवन कुमार द्ववेदी, धीरेंद्र सिंह, विनय मौर्या, सीओ निघासन सहित निघासन सिंगाही तिकुनियां की पुलिस बल मौजूद रहा।



महा नागेश्वर मन्दिर से निकाली गई भगवान श्री राम की शोभायात्रा



हजरतगंज में निकलती शोभा यात्रा



जी.पी.ओ. मंदिर में भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

## खबरें एक नजर में

### भाजपा मुख्यालय पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राम मंदिर की प्रतिष्ठा का कार्यक्रम न सिर्फ अयोध्या में बल्कि पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। वही इसको लेकर राजधानी लखनऊ में स्थित भाजपा मुख्यालय पर भी इसकी तैयारी की गई है फूलों से और रंग-बिरंगे कपड़ों से पूरे मुख्यालय को सजाया गया। वहीं भाजपा के संस्कृति प्रकोष्ठ के द्वारा श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर भाजपा मुख्यालय पर सुंदरकांड का पाठ भी किया गया है जहां भारी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं हजरतगंज चौराहे के पास एलईडी के माध्यम से इस अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी कराया गया।

### शिक्षकों को बिना सीएमओ के प्रमाणपत्र के नहीं मिलेगा अवकाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के अवकाश पर अंकुश लगाया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रमाणपत्र के आधार पर ही चिकित्सकीय अवकाश मान्य होगा। 10 वीं-ब 12 वीं की परीक्षा में अक्सर देखा गया है कि कुछ प्रधानाचार्य, अध्यापक, केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक का काम नहीं करना चाहते हैं और चिकित्सकीय अवकाश ले लेते है। इससे केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने सभी सीएमओ को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि यदि कोई प्रधानाचार्य या अध्यापक चिकित्सकीय अवकाश के लिए आवेदन करते हैं, तो संस्तुति से पहले परीक्षण कर लें कि अवकाश देना आवश्यक है या नहीं क्योंकि परीक्षा का कार्य अत्यन्त आवश्यक एवं समयबद्ध है।

### तीन दिवसीय स्वर्ण संगीत नाट्य समारोह आज से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्वर्ण संगीत एवं नाट्य समिति के तत्वावधान में 23 जनवरी से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय स्वर्ण संगीत नाट्य समारोह का आयोजन वाल्मीकि रंगशाला उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर, लखनऊ में शाम 6.30 बजे किया जाएगा। तीन दिवसीय स्वर्ण संगीत नाट्य समारोह का शुभारंभ 23 जनवरी को आयोजक संस्था स्वर्ण संगीत एवं नाट्य समिति की प्रस्तुति के अन्तर्गत मौलियर द्वारा लिखित एवं तरूण मुखर्जी द्वारा निर्देशित नाटक कंजूस का मंचन होगा। 24 जनवरी को श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति की प्रस्तुति के तहत बी. एल. गौर द्वारा लिखित एवं अचला बोस द्वारा निर्देशित नाटक मीठी ईद एवं 25 जनवरी को आकांक्षा थियेटर आर्टस की प्रस्तुति के अन्तर्गत सागर सरहदी द्वारा लिखित एवं द्वय नाट्य निर्देशक अनुपम बिसारिया और अश्विनी मक्खन द्वारा निर्देशित नाटक मसीहा का मंचन होगा।

### टिम्बर एसोसिएशन ने किया भंडारे का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी के द्वारा खजुहा में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। त्रिवेदी ने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा पूरी दुनिया के राम भक्तो के लिए आज एक भावुक दिन है। सभी राम भक्त आज का दिन कभी नही भूल सकते आज राम भक्तों हेतु खजुआ में प्रसाद वितरण का आयोजन संगठन के बैनर पर किया गया और सभी राम भक्तो को बधाई दी गई। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक अख्तर खान, प्रदेश सचिव रूप यादव, नगर उपाध्यक्ष एजाज खान उर्फ अच्छू, प्रखर श्रीवास्तव, अनुराग अग्रवाल, पवन प्रजापति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पर्व व उत्सव समिति ने किया समारोह का सजीव प्रसारण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में चल रहे राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पूरे देश में देखा जा रहा है। इस पल के साक्षी करोड़ों देशवासी बने हैं। राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण आयोजित किया। इसे श्रद्धालुओं ने सजीव देखा और संस्था के इस प्रयास की सराहना की। अयोध्या में बने राम मंदिर में सोमवार को रामलला विराजमान हो गए राजधानी लखनऊ के ऐशबाग स्थित मालवीय नगर जमुना झील किनारे स्तुत बरदानी हनुमान मन्दिर में भी जमुना झील बचाओं समिति द्वारा रविवार से राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया जो सोमवार को संपन्न हुवा। जिसके बाद प्रसाद वितरण व तहरी भोज के बाद भजन संध्या के साथ 21000 दीपक से मन्दिर परिसर को जगमग किया गया व जमकर आतिशबाजी के नजरों से आसमान जगमगा उठा पस दौरान भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। नंदा खेड़ा मन्दिर में स्थानित लोगों प्रभु राम के आगमन पर एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया जो देर रात तक चलता रहा।

### रामचरित मानस का किया गया पाठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विभव खंड 2 गोमती नगर में हनुमान टेकरी मंदिर में रामचरितमानस का पाठ एवं प्रसाद का वितरण भंडारे का आयोजन किया गया। हवन पूजन करते हुए महिला मंडल द्वारा भगवान के भजनों को उद्घोष करते हुए जय श्री राम जय श्री राम बोलते हुए महिला मंडल की टोली निकलते हुए भगवान राम के दरबार में नृत्य भजनों से हनुमान टेकरी मंदिर में पुष्प वर्षा भी की गई। महिला मंडल में मुख्य रूप से अजीत त्रिपाठी निशा मिश्रा अनु तिवारी आरती पाल ममता पूनम विजयलक्ष्मी पूजा एवं विभव खंड 2 के अध्यक्ष एवं सचिव भी भंडारे का आयोजन सफल बनाने में अपना योगदान दिया गया।

### निर्माण श्रमिकों को इजराइल में रोजगार की टेस्टिंग आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर कल 23 जनवरी पूर्वाह्न 11 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में आयोजित निर्माण श्रमिकों को इजराइल में रोजगार दिए जाने संबंधी कार्यक्रम मेंमुख्य अतिथि के रूप में एवं व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम में निर्माण श्रमिकों को इजराइल में सेवायोजित कराये जाने हेतु टेस्टिंग कराई जाएगी।

# राजधानी के बाजार हुए राममय, भंडारे से लेकर निकाली गई राम की झांकी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा का जश्न लखनपुरी में खूब देखने को मिला। शहर के बाजार से लेकर सोसायटी और कार्यालय राममय नजा आए। सुबह से लेकर दोपहर तक जहां लोगों ने बाजारों में भंडारे का आयोजन किया वहीं दूसरी तरफ शाम होते हुए बाजारों में दिये जलाने के साथ पटाखे छोड़े गए। इसमें पुरान लखनऊ से लेकर नया लखनऊ गोमती नगर, इंदिरा नगर के बाजारों में रौनक देखने लायक था। भूतनाथ में जहां लखनऊ व्यापार मंडल और उप्र आदर्श व्यापार मंडल दोनों ही संगठन से जुड़े व्यापारियों ने भंडारे का आयोजन किया।




वहीं बग्गी के साथ झांकी भी निकाली। झांकी का नेतृत्व व्यापार मंडल के सदस्य अरविंद पाठक ने किया। इसके अलावा भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता , उत्तम कपूर समेत कई कारोबारियों ने पूरे दिन यहां प्रसाद वितरण किया। इस दौरान लगातार यहां भगवान राम से जुड़े भक्ती गाने बजते रहे। बाजारों में श्रीराम की तस्वीर वाले भगवा ध्वज सजे दिखे। यहियागंज में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में 550 कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा राम भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया। दोपहर 2 बजे से रामोत्सव पद यात्रा सैकड़ो राम भक्तों के साथ जय श्रीराम के नारे के साथ नाचते गाते निकाला गया। ढोल, नगाड़ा, तासा, डमरू व डीजे के साथ बर्तन बाजार चौराहे से विसातखाना, रेडीमेड, लोहा बाजार, किराना बाजार, राम मन्दिर सुभाष मार्ग होते हुए रकाबगंज पुल नादान महल रोड होते हुए बर्तन बाजार पर समाप्त हुई। इस दौरान हरीश चन्द्र अग्रवाल, महेश प्रसाद गुप्ता, नीरज गुप्ता, नरेश कुमार, संजय अग्रवाल विनय गुप्ता, कुश मिश्र समेत कई कारोबारी और स्थानीय लोग वहां मौजूद रहे। उप्र आदर्श व्यापार मंडल ने शहर में कई जगह भंडारा लगाया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि लोहिया अस्पताल के सामने सुंदर कांड का पाठ कराया गया जबकि बाकी जगह शहर में 50 से ज्यादा जगहों पर भंडारा लगाया गया है। बाजारों में आने वाले हर व्यक्ति का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से नजीराबाद, अमीनाबाद समेत कई बाजारों में सुंदर कांड का आयोजन किया गया। संगठन के महामंत्री सुरेश छाबलानी ने बताया कि पूजा पाठ के साथ ही व्यापारियों ने लिए नजीराबाद बाजार में लाइव प्रसारण के लिए एलईडी लगवाई गई थी। स्क्रीन पर सभी व्यापारियों ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखा। इसके अलावा श्रीराम टॉवर पर भंडारा लगाया गया। नीरज जौहर के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों के बीच भंडारे का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने यहां जश्न मनाते हुए डांस भी किया। अयोध्या रोड पर अयोध्या रोड व्यापार मंडल की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें करीब 5000 से ज्यादा लोगों के बीच तहरी, सब्जी, पूड़ी, रायता और बूंदी का वितरण किया गया। व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष सतनाम सिंह ने बताया कि सुबह से ही संगठन के लोग राम भक्ति में लग गए थे। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल से जुड़े सभी दुकानों पर भगवा झंडा पहले ही लगा दिया गया था। इस दौरान नितीन अग्रवाल, गुंजन तोलानी, चिराग जकोठिया, रिषी मेहरा समेत सैकड़ों व्यापारियों ने इसमें हिस्सा लिया।

## अखिलेश यादव से मिला बीएचयू छात्राओं का प्रतिनिधिमण्डल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालयों के छात्राओं के एक प्रतिनिधिमण्डल ने आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह एवं उपाध्यक्ष नेहा यादव के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल में शामिल छात्राओं ने बताया कि एक नवम्बर 2023 की रात बीएचयू कैम्पस में गैंगरेप की घटना हुई। पीड़िता की न्याय की मांग को लेकर बीएचयू में प्रदर्शन हुआ तो पुलिस और सरकार ने लीपापोती कर मामले को खत्म कर दिया। न्याय दिलाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं के साथ एबीवीपी के लोगों ने मारपीट की और हम छात्र-छात्राओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में झूठा मुकदमा कर दिया गया। छात्राओं पर एस.सी एस.टी जैसी गंभीर धाराएं लगायी गयी। गैंगरेप घटना में शामिल तीनों अपराधियों के भाजपा के बड़े नेताओं से सम्बंध है। उनके साथ तस्वीरें है।

भाजपा सरकार पूरे मामले में लीपापोती कर अपराधियों को बचाने की कोशिश जारी थी। शांतिपूर्ण तरीके

**▸ स्टूडेंट्स के खिलाफ गंभीर धाराओं में झूठा मुकदमा दर्ज किया गया**

से न्याय दिलाने की मांग करने वाले छात्रों को धमकाया जा रहा है। प्रतिनिधिमण्डल ने पीड़िता के लिए न्याय के साथ छात्रों पर लगाए गए झूठे केस खत्म किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमण्डल ने मांग की कि बीएचयू कैंपस में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उचित प्रकाश, बस सेवा और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो। बीएचयू में मेस फीस से लगायत हॉस्टल कर्फ्यू टाइमिंग तक, लैंगिक भेदभाव वाले सभी नियमों को तत्काल खत्म किया जाए। बीएचयू में विशाखा गाइडलाइंस लागू कर ळैबैभ् का तत्काल गठन हो, रोहित वेमुला एक्ट लागू हो। हॉस्टल आवंटन में ओबीसी आरक्षण लागू हो तथा सभी नियुक्तियों में आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। जातिगत जनगणना आयोजित कर सही आंकड़ें सार्वजनिक हो। विकलांग छात्र-छात्राओं के लिए का गठन हो तथा कैंपस को उनके लिए सुगम बनाया जाए। बीएचयू यूपीएससी कोचिंग में आरक्षण प्रभावी ढंग से लागू हो और प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए।

## प्राण-प्रतिष्ठा के बाद जगह-जगह हुआ सुंदरकांड का पाठ और भंडारे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर राम मय हुआ। सोमवार को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन जगह जगह हुए सुंदरकांड और भंडारे। पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बना हुआ है। जय श्री राम के नारे से गूंजायमान हुआ बीकेटी क्षेत्र में शोभायात्रा भी निकाली गई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बख्शी का तालाब सहित पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

सोमवार को हुए अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां देश में खुशियों की लहर सी दौड़ रही है। वहीं बख्शी का तालाब क्षेत्र राम मय हो गया है। बीकेटी क्षेत्र सहित इटौंजा, महोना, छठामील और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों जगहों पर विशाल भंडारा सहित अन्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। क्षेत्र के मंदिरों पर रामायण, भजन, कीर्तन व सुंदरकांड का भी आयोजन राम भक्तों द्वारा किया गया। वहीं कठवारा गांव स्थित आदि शक्ति स्वरूपा मां चंद्रिका

**▸ मंदिर में हुआ दीपोत्सव जलाए गए 5100 दीप**

देवी मंदिर के पास स्थित प्राचीन पातालपुरी पंचमुखी हनुमान गढ़ी मंदिर पर भी वृहद सीत राम कार्यक्रम चलाया गया। भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि क्षेत्र में होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। वहीं मंदिर के व्यवस्थापक निर्मल दास जी ने बताया कि मंदिर में शाम को दीपोत्सव में 5100 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता संजेश सिंह और क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला द्वारा विशाल भंडारा में भक्तों को बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। ट्यूबवेल कालोनी एयरफोर्स रोड़ पर बख्शी का तालाब सांस्कृतिक विकास मंच द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ, भजन व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बीकेटी बड़ी बाजार में व्यापारियों द्वारा हवन पूजन किया गया तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रसाद वितरित किया।

## मलिन बस्तियों ने एलईडी लगाकर दिखाया लाइव प्रसारण

**लखनऊ।** अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी कैसरबाग कार्यालय प्रांगण में लगाई गई श्री राम जी के चित्र पर आरती की। इसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े पर डांस करते हुए जय श्री राम के उद्घोष के साथ रामलला के चित्र पर पुष्प वर्षा की। करीब एक घंटा तक लगातार पटाखे फोड़े गए और आकाशीय आतिशबाजी करके उपस्थित पदाधिकारियों को लड्डू खिलाकर बधाई प्रेषित की। कार्यालय के बाहर हर तरफश्री राम के भगवा झंडा लिए कार्यकर्ता उत्साहित होकर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाइयां देते नजर आए। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, विवेक सिंह तोमर, राकेश सिंह, टिंकू सोनकर ने कार्यालय के बाहर 51 किलो लड्डुओं का वितरण किया। कार्यालय पर उत्सव के अवसर पर सभी मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, मंडल पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सीएमएस के संस्थापक जगदीश गांधी का निधन

**▸ 25 दिनों से मेदांता अस्पताल में चल रहा था इलाज**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीएमएस के संस्थापक प्रबंधक जगदीश गांधी का निधन हो गया है। उनका लखनऊ के मेदांता अस्पताल में 25 दिन से इलाज चल रहा था। डॉ गांधी ने रविवार रात 12 बजकर 1 मिनट पर अंतिम सांस ली। कार्डियक अरेस्ट के बाद ब्रेन में ऑक्सीजन की कमी के चलते उन्हें 28 दिसंबर को मेदांता में भर्ती कराया गया था, तभी से उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट रखा गया था। सीएमएस के सूचना विभाग ने बताया-फिलहाल उनके



परिवार के सदस्य देश से बाहर हैं। उन्हें सूचना भेज दी गई हैं। मंगलवार को उनके पार्थिव शव को ब्डै गोमतीनगर एक्सटेंशन कैंपस में रखा जाएगा।

उसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। डॉ. जगदीश गांधी का जन्म एक किसान परिवार में अलीगढ़ जनपद के ग्राम बरसौली में 10 नवम्बर 1936 को हुआ। उनकी माता बासमती देवी एक धार्मिक महिला थीं। उनके पिता फूलचंद्र अग्रवाल गांव के लेखपाल थे। कहा जाता हैं कि डॉ.जगदीश गांधी बचपन से ही महात्मा गांधी की सत्य, अहिंसा, सेवा, सादगी और सर्व-धर्म समभाव से प्रभावित थे। 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की हत्या की खबर सुनकर जगदीश प्रसाद अग्रवाल का मन विचलित हो गया। उस समय वे कक्षा 6 के छात्र थे। जगदीश ने अपने पिता की सहमति से स्कूल के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर अपना नाम 'जगदीश प्रसाद अग्रवाल' से बदलकर जगदीश गांधी करने का निवेदन किया।

**श्रद्धांजलि : आज बंद रहेंगे विद्यालय**

उत्तर प्रदेश के समस्त निजी विद्यालय, एंग्लो इंडियन स्कूल एवं मिशनरी स्कूल डॉक्टर जगदीश गांधी के निधन अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है।

### 27 जनवरी तक स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाने के निर्देश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में शीतलहरी के प्रकोप के चलते 27 जनवरी तक स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई के आदेश जारी किए गए हैं। लखनऊ डीएम सूर्यपाल गंगवार की तरफसे जारी आदेश में कहा गया हैं कि जिन स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा नही हैं, वहां पर 10 बजे से 3 बजे तक क्लास चले पर यूनिफॉर्म की बाध्यता नही होगी। आदेश में कहा गया हैं कि स्टूडेंट्स को ठंड से बचाने के लिए कक्षाओं में पर्याप्त प्रबन्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही टेम्परेचर मेन्टेन करने के लिए जरूरत पड़ने पर हीटर के प्रयोग करने की बात कही। वही क्लास, प्रैक्टिकल और एग्जाम क्लासेज के लिए स्टूडेंट्स को बाहर-खुले में नहीं बैठाया जाएगा। साथ ही यूनिफार्म पहनने की बाध्यता भी नही रहेगी। राजधानी लखनऊ में इससे पहले 20 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाई गई थी। इस बार अवकाश की डेट आगे नही बढ़ाई गई है पर ऑनलाइन पढ़ाई के निर्देश जारी हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक शीतलहर चलने का अनुमान जताया हैं।

# रामलला के आगमन के शुभ अवसर पर राजधानी में 30 बच्चों का हुआ जन्म

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अयोध्या में प्रभु श्री राम का आगमन हो चुका है। चारों तरफ खुशियां मनाई जा रही है। जिस शुभ मुहूर्त में भगवान श्री राम का अयोध्या में आगमन हुआ है। इस शुभ अवसर पर कई लोगों के घर किलकारी गूंजी। उन्ही में से एक पीयूष रघुवंशी हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर में भी एक बच्ची का जन्म हुआ है। उन्होंने खुशी जताते हुए प्रभु श्री राम का धन्यवाद किया है।

उन्होंने बच्ची को प्रभु श्री राम का प्रसाद बताया और साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि घर वालों ने बच्ची का नाम शास्त्रिका रखने का फैसला लिया है। पीयूष रघुवंशी के मुताबिक बेटी



और उसकी मां इस समय झलकारी बाई अस्पताल में भर्ती हैं। राजधानी के सरकारी अस्पतालों में सुबह से लेकर दोपहर के बीच में करीब 30 बच्चों का जन्म हुआ है। जिसमें बच्चियों की संख्या अधिक रही है। केजीएमयू के क्वीन मेरी अस्पताल में 10 बच्चों का जन्म हुआ है। उसमें पांच बेटियां और पांच बेटे शामिल हैं। इसके अलावा राजधानी के दो बड़े महिला अस्पताल झलकारी बाई और डफरिन में सुबह से लेकर दोपहर के बीच में 15 बच्चों का जन्म हुआ है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हर तरफ उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुभ मुहूर्त में होना था। ऐसे में बहुत सी गर्भवती महिलाएं जिनका प्रसव 22 जनवरी के आसपास होना था। वह चाहती थीं कि उनके बच्चे का जन्म 22 जनवरी के दिन ही हो। यही वजह है कि कई गर्भवती महिलाओं ने राजधानी के सरकारी और निजी अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में डॉक्टर से सिजेरियन प्रसव 22 जनवरी के दिन करने का अनुरोध किया था। हालांकि डॉक्टरों ने साफ कर दिया था कि सामान्य प्रसव पर उनका कोई बस नहीं होता और सिजेरियन प्रसव कुछ विशेष मामलों में ही किया जाता है।

**हर्षोल्लास** | आरएसएस के आमंत्रण पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए सम्मिलित

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना परम सौभाग्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी अपनी पत्नी पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ सम्मिलित हुए। जिन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आमंत्रित किया गया था।

नन्दी ने कहा कि श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना परम सौभाग्य की बात है। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्री राम के आगमन की बेला पर आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मलित होते हुए नन्दी ने कहा कि अगर कहूं कि आज हमारे



अभिलाषा, पूरे परिवार और पीढ़ियों के लिए जीवन का सबसे बहुमूल्य दिन है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि अयोध्या प्रभु श्रीराम जी की अयोध्या है, सनातन आस्था की ऊर्जापुंज और दिव्य, भव्य और नव्य अयोध्या है। नन्दी ने कहा कि पूरे देश-दुनिया से मात्र 7,700 अतिथि प्रांगण में मौजूद थे। किन्तु हमारा मानना है कि हम सब प्रभु के सम्मुख अतिथि नहीं बल्कि उनके अनन्य सेवक के रूप में बैठे थे। सौभाग्यशाली रामभक्तों में सम्मिलित होना हमारा और अभिलाषा पर साक्षात् प्रभुकृपा एवं आशीर्वाद है। अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहना सुखद है, जो शब्दों की व्याख्या से परे है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही पीढ़ियों और पूर्वजों का पुण्य फलित हुआ।

### स्वतंत्र देव सिंह ने हनुमान सेतु मंदिर में किया श्रीराम का पूजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में आज भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। भगवान श्रीराम के विराजमान होने को लेकर पूरे देश में काफी ज्यादा उत्साह है। वहीं राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजधानी लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर के राम दरबार में भगवान श्रीराम का श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर आरती की। साथ ही भक्तों ने उत्साहित होकर जय श्री राम के खूब जमकर जयकारे लगाए। बता दें कि हनुमान सेतु मंदिर के राम दरबार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान राम लला को जल, दूध, दही, शहद, तेल और पंचामृत से स्नान कराया गया। इसके बाद सुंदर वस्त्र मुकुट फूल माला पहनाकर उनकी पूजा-अर्चना की गई और राम लला की आरती की गई। इस दौरान भक्त काफी खुश और उत्साहित नजर आए और जय श्री राम के जयकारे से पूरा मंदिर राममय हो गया। वहीं मंदिर में ढोलक, तबला से राम भजन की लगातार धुन बजाई जा रही है। दर्शन करने आए भक्तों ने कहा कि पहली बार इस मंदिर में भगवान श्रीराम का श्रृंगार और भव्य पूजन देखने को मिला है। ऐसे में काफी ज्यादा उत्साह है। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में भगवान राम लला आज विराजमान हो रहे है। जिसको लेकर देश के वासियों को काफी ज्यादा खुशी है।

## पूरे देश में हर्ष का माहौल, भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन कर लोगों ने जताई खुशी

# प्राण प्रतिष्ठा : 105 वर्षीय पुराने राम मंदिर में दिखाया सजीव प्रसारण

- प्राण प्रतिष्ठा होते ही दागने लगे गोले तमाशे
- जगह-जगह आयोजित हुआ भंडारा



**बहराइच समृद्धि न्यूज**

**राहुल सोनी।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शहर के 105 वर्ष पुराने पंचायती श्री राम मंदिर में लाइव प्रसारण दिखाया जा रहा है। मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होते ही गोला पटाखे दगने लगे। जरवल रोड में हवन पूजन के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।शहर के छावनी चौराहे पर स्थित प्राचीन 105 वर्ष पुराने राम जानकी मंदिर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुंदर काण्ड का आयोजन चल रहा है। इसके साथ भव्य भंडारे का आयोजन करने के साथ अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जा रहा है। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। मंदिर के पुजारी राधा कृष्ण पाठक ने बताया कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का सपना पूरा हो गया है। काफी खुशी है।

**मातृ शक्तियों ने भजन कीर्तन का किया आयोजन :-** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में वीरांगना वाहिनी की संयोजिका बेबी श्रीवास्तव व वीरांगना वाहिनी की सह संयोजिका किरण मिश्रा के द्वारा अखंड रामायण के पाठ को संपन्न करने के उपरांत मंदिर में कीर्तन भजन और लाइव दर्शन व प्रसाद की व्यवस्था मोटेश्वर महादेव मंदिर में सुचारु रूप से की गई है जिसमें कई राम भक्त एवं मातृ शक्तियों के साथ भजन कीर्तन का आयोजन का सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है।

**अखंड रामायण पाठ के साथ हुआ भंडारा :-** गायत्री नगर पंचायत रिसिया में स्थित मोहल्ला राजेंद्र नगर के गायत्री मंदिर में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अखंड रामायण पाठ भंडारा एवं रात्रि में दीपोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ सोहनलाल श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत रिसिया में श्री राम जन्मभूमि पर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त भव्य आयोजन किया गया है।

**मोदी जी कान्हा का घर निर्माण करा दीजिए :-** गुरु कृपा डिवाईन ग्रेस पब्लिक स्कूल बहराइच की 07 वर्षीय छात्रा आरविका व 05 वर्षीय छात्रा अदविता ने पीएम मोदी से की मार्मिक अपील।दोनों छात्राओं ने अपने हाथ से मंदिर स्वरूप का निर्माण करके मथुरा में कान्हा जी के घर का निर्माण करने की मांग की है।

**श्रीराममय हुआ सीमावर्ती नगर रुपईडीहा:-** श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा के पावन,ऐतिहासिक और चिरप्रतीक्षित अवसर पर पूरा रुपईडीहा नगर श्रीराम की भक्ति में सराबोर दिखाई दिया। स्वतः स्फूर्त प्रेरणा से जन जन इससे जुड़ गया।क्या व्यापारी और क्या किसान मजदूर, अमीर गरीब सबने अपना अपना कारोबार बन्द करके श्रीराम लला के स्वागत में पलकें बिछा दीं। दोपहर के बाद श्रीराम जानकी और रामदूत श्रीहनुमान् जी की भव्य झांकी के साथ ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गयी जो देखते ही बनती थी। जगह जगह पर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। दर्जन भर से अधिक जगह पर भण्डारे लगाये गये थे।जहां भक्तों का स्वागत भिन्न भिन्न प्रकार के व्यञ्जनों से किया जा रहा था। सुरक्षा बल, स्थानीय पुलिस बल एवं एस एस बी के जवान पूरी सतर्कता के साथ शोभायात्रा के साथ पूरे समय तैनात रहे।

**प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाला शोभायात्रा किया विशाल भंडारा:-** श्री अयोध्या धाम में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या धाम के रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने पूजन अर्चन कर विशाल शोभायात्रा निकाला एंव विशाल भंडारा करवाया। श्रीअयोध्या धाम रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने बताया कि सनातन धर्म के लिए बहुत खुशी की बात हैं। कि सनातन धर्म प्रेमियों की वर्षो की प्रतीक्षा आज पूरी हुई। पूरे देश उत्साह जैसामाहौल है। महिलाओं ने भजन भी गाया। इस कार्यक्रम में आकाश धवन, उज्जवल धवन, शवेत धवन, सुधीर सिंह, राजेश शुक्ला, अनुराग मल्होत्रा, दीपक जायसवाल, गुड्डू निषाद, दयाशंकर निषाद, विश्वनाथ निषाद, रोहित चौबे, संजय चौबे समेत रामभक्त मौजूद रहें। दूसरी और खैरा चौराहे पर जगदीश जायसवाल बाबा की और से विशाल भंडारे का वितरण किया गया।

## जय श्री राम के नारों से गूंजे जरवल रोड के चौक चौराहे व गलियां



- आकर्षण का केंद्र रही प्रभु श्री राम की झांकियां
- बुलडोजर पर सवार होकर जय श्री राम के उद्घोष लगाते दिखे राम भक्त



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को सुबह से ही लोगों में अपने प्रभु श्री राम के आने की खुशी दिखी। गौरतलब हो कि प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर नगर वासियों के द्वारा नगर की गलियों एवं चौक चौराहों को झंडे व झंडियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह होते ही जगह-जगह पर डीजे बजाने शुरू हो गए जिसमें प्रभु श्री राम के भजन से धीरे-धीरे पूरा माहौल भक्ति मय हो गया। जगह-जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में राम भक्तों ने प्रसाद को ग्रहण किया। वहीं दूसरी तरफ आरपीएस इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा प्रभु श्री राम सीता की झांकी निकल गई जिसे देखते ही पूरा माहौल भगवा मय हो गया। रैली में डीजे के साथ चल रहे छात्र व अभिभावक रामधुन के गानों पर भाव मुग्ध रहे रहे। जगह-जगह पर राम सीता की झांकी पर पुष्पों की वर्षा की गई। इस दौरान आरपीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक/ संस्थापक रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव, अभय कुमार जैन, प्रज्ञा श्रीवास्तव, सरिता पोरवाल ,पंकज तिवारी, आलोक मिश्रा, आलोक राव, सुमित गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, मोहित पोरवाल, संजय यादव सहित विद्यालय के अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

झांकियों के साथ भगवा रैली भी निकाली गई तो जय श्री राम के नारों से माहौल पूरा धर्म मय हो गया। पूरे बाजार को राम भक्तों ने जय श्री राम के तारों को गुंजायमान कर दिया। रैली में डीजे के साथ-साथ चल रहे हजारों की संख्या में को भगवान राम के जय घोष लगाते हुए चल रहे थे। शिव मंदिर से शुरू होकर सब्जी मंडी चीनी मिल मोड गल्ला मंडी बस स्टॉप तिराहा होते हुए पूरे नगर का भ्रमण करते हुए डीजे पर बज रहे रामधुन की भजन पर थिरकते दिखे लोग। लोगों ने झांकियां पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रैली वह झांकियों के दौरान अधिकांश लोग भगवा कपड़े व साफे पहने हुए थे। रैली में कोई उपद्रव ना होने पाए इसके दृष्टिगत जरवल रोड थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ गस्त करते दिखे।बाजार व चौक चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। इस दौरान जरवल ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार पोरवाल, राकेश पोरवाल, ओम प्रकाश अवस्थी, संजय राव, सत्येंद्र शुक्ला, पूर्व प्रधान अजय कुमार वर्मा, वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार राव, चंदन गुप्ता, विवेक मिश्रा, माधव राम शुक्ला, नीरज अग्रवाल, धन लाल यादव, बबलू बैंक, रवि शुक्ला, संजय सोनी पंकज सोनी राजन सोनी संतोष सोनी बबलू सोनी भानु प्रताप सिंह टिंकू सिंह राहुल सिंह सुभाष चंद्र गुप्ता सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर महाकाल सेवामंडल की बेटियों ने शहर की एक किलोमीटर सड़क पर बनाई अद्भुत रंगोली




**बहराइच।** पूरे देश के साथ यूपी के बहराइच में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम मची है। यहां शहर से लेकर गांव तक उत्सव का माहौल है। हर तरफ राम ही राम हैं। सोमवार को बहराइच शहर की लगभग एक किलोमीटर की सड़क पर श्री महाकाल सेवक मंडल की बेटियों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में रंगोली बनाई जिसे देख कर हर कोई निहारता ही रह गया।जिले में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोग अलग अलग तरह से खुशी मना रहे हैं। शहर क्षेत्र में भी बेटियों ने अलग तरह से खुशी मनाई। श्री महाकाल सेवक मंडल की महिला टीम ने छावनी से पीपल चौराहे तक की सड़क पर रंगोली बनाई है।श्री महाकाल सेवक मंडल के अध्यक्ष करन कुमार रस्तोगी ने बताया कि सोमवार शाम को श्री महाकाल सेवक मंडल की पुरषों की टीम द्वारा 11 हजार दीपक जला कर दीपोत्सव के साथ आतिश बाज़ी का भी कार्यक्रम किया गया। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सजीव प्रसारण बहराइच के लोगो को दिखाने के लिए बहराइच के सिद्धनाथ मंदिर पर एक विशाल एलईडी भी मंडल की तरफ से लगाई गई है। सुंदर काण्ड के साथ प्रसाद वितरण भी किया गया है। रंगोली बनाकर बेटियां काफी खुश दिखीं। रंगोली बनाने में एक दूसरे का सभी ने सहयोग किया।

## रामजन्मभूमि आंदोलन में शामिल कारसेवको को किया गया सम्मानित

**स्वर्णकार महासभा ने माला पहना कर वा चांदी के नोट दे कर किया सम्मानित**



**बहराइच।** प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कैसरगंज में आयोजित कार्यक्रम में रामजन्मभूमि आंदोलन में शामिल कारसेवको को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कैसरगंज रहे। कार्यकम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ज्योति प्रज्जवलित करके तथा श्री राम जी की फ़ोटो पर पुष्प अर्पित करके हुआ। इस अवसर पर कारसेवकों का स्वर्णकार महासभा के पदाधिकारियों ने माला पहना कर वा चांदी के नोट दे कर सम्मानित किया। सभासद प्रतिनिधि हिमांशु सिंह ने श्री राम पट्टिका पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर आंदोलन में शामिल कारसेवक भगवान दास सोनी, प्रमोद गुप्ता, गंगा धर मिश्र, कौशलेंद्र चौधरी, बुधसागर गुप्ता, कर्म चंद्र गुप्ता आदि ने बताया राम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लेना हम सभी के लिए गर्व की बात है। मंदिर आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में कार सेवक कैसरगंज से अयोध्या के लिए रवाना हुए। दर्जनों साथी गिरफ्तार किए गए, लेकिन कार सेवकों का जोश कम नही हुआ। हमे गर्व है कि हम इस आंदोलन का हिस्सा बने। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें लोगो ने श्री राम जी की जय जय कार के बीच प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह, स्वर्णकार महासभा के अध्यक्ष दद्दन सोनी, महामंत्री अन्नू सोनी, संजय सोनी, कक्का सोनी, भगवान दास सोनी, हिमांशु सिंह, प्रमोद सिंह, रवि सोनी, बद्री बाबा, पवन सोनी आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### देवस्थानों व मंदिरों की कराई गई साफ सफाई



**रुपईडीह/ गोडा, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा एवं राम उत्सव के चलते बेलवा भान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला व पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने गांव के देवस्थानो व मंदिरों की साफ सफाई करते हुए सभी ग्राम वासियों से 22 जनवरी सोमवार को अपने घरों पर राम उत्सव मनाने की अपील की। ब्लॉक रुपईडीह के ग्राम पंचायत बेलवाभान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला के नेतृत्व में गांव के काली माता देवस्थान व शंकर शिवाला परिसर की साफ सफाई कर मन्दिर की रंगाई पुताई कराते हुए मन्दिर पर आयोजित राम उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवाहन किया। जिला उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला ने लोगों को भगवान श्री राम व अयोध्या अंकित भगवा झंडा लोगों में वितरित करते हुए उपस्थित लोगों व ग्राम वासियों से 22 जनवरी सोमवार को अपने घरों पर भजन कीर्तन करते हुए राम उत्सव मनाने की अपील की। इसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा, कोटेदार शिवकुमार शुक्ला , दीनानाथ शुक्ल, आशीष शुक्ला, अंकित शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, विजय मिश्रा, शिवम मिश्रा, बड़कऊं तिवारी, विनय श्रीवास्तव, जटाशंकर मिश्रा, पीयूष मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अंगद राठौर, दद्दन शुक्ला, सत्यदेव शुक्ला, दूधनाथ शुक्ला, आनंद शुक्ला, गोले मिश्रा, पुत्तन मिश्रा,राजन शुक्ला रहे।

### कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं ग्रामवासी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** ग्राम सभा कटहामाफी में APS ग्लोब स्कूल के सामने से कटहा माफी घोसियाना एवं शुक्ल पुरवा को जाने वाली सड़क पर नालियों का पानी इस तरह भरा हुआ है कि लोगों का रास्ता चलना दुश्वार हो गया है लोग चप्पल व जूते में गंदे पानी लगाकरअपने घरों में जानें के लिए मजबूर है ग्राम वासियों का कहना है ना तो कोई जनप्रतिनिधि या फिर सरकार का कोई भी नुमाइंदा इस तरफ झांकने नहीं आता, तमाम जगहों पर शिकायत की गई लेकिन अब तक किसी का ध्यान इस तरफ नहीं गया द्ब प्रकरण ग्राम सभा से जुड़ा होने के कारण जिला पंचायत राज अधिकारी के संज्ञान में देने की कोशिश की जाा रही है अब देखना यह है कि जिला पंचायत राज अधिकारी का सफाई कर्मियों पर क्या आदेश होता है।

### गूलर के पेड़ को चोरी से काटकर बेच देने की शिकायत

**रुपईडीह /गोडा, समृद्धि न्यूज।** बिछुड़ी में बिना परमिट के ही हरा गूलर का पेड़ कुछ लोगों के चोरी से काटकर बेच देने की शिकायत मंजू पाण्डेय ने स्थानीय पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। कौडिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिछुड़ी की निवासिनी मंजू पांडेय पत्नी आनंद कुमार पांडेय ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके खेत के मेड़ पर एक गूलर का पुराना हरा पेड़ लगा हुआ था। जिसे गांव के ही कुछ लोगों द्वारा चोरी से बिना परमिट के ही काटकर बेच देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह रिश्तेदारी में गई हुई थी। वहां से लौटकर आई तो देखी कि लोगो द्वारा पेड़ काटकर उठा ले जा रहे थे। जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने थाना पर तहरीर व वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही। जिस पर उन्होंने स्थानीय पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में उप वन क्षेत्राधिकारी दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### फसलों को नुकसान पहुंचा रहे छुट्टा जानवर, जिम्मेदार मौन

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार के छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने और सड़क एवं खेतों में इनके ना दिखाई पड़ने के आये दिन किये जा रहे तमाम दावों के बावजूद किसानों को छुट्टा पशुओं के आतंक से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कि किसान सर्द रातों में भी खेतों में रतजगा करने को मजबूर हैं। बता दें कि छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने के नाम पर क्षेत्र में कई गौशालाएं संचालित होने और उनमें हजारों की संख्या में जानवरों को रखे जाने के मद में भारी धनराशि भी कागजों में खर्च दिखाई जा रही हैं फिर भी विकास खंड कर्नलगंज व परसपुर क्षेत्र में सड़कों और खेतों में मवेशियों की भरमार है और यह छुट्टा पशु दिन रात किसानों की हरी भरी फसल नष्ट कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में किसानों को फसलों की रखवाली करने के लिए रतजगा करना पड़ता है। भीषण सर्दी के बीच किसान फसलों की रखवाली करने के लिए खेतों में लकड़ी का मचान बनाकर रहते हैं। परसपुर के राजा टोला,पंडित पुरवा, गंगा पुरवा, झाली, खंभा, आंटा, गोरछान पुरवा,बरवन पुरवा, मधईपुर खांडेराय,मिझौरा, बनवरिया सहित कई गांवों में छुट्टा पशुओं के आतंक से ग्रामीण काफी त्रस्त हैं। मदन सिंह, विष्णू सिंह, बब्बन सिंह,जीतू तिवारी, विनय सिंह, संदीप सिंह, प्रमोद सिंह, अनुज सिंह आदि किसानों का कहना है कि दिन हो या रात इन छुट्टा गोवंशों, पशुओं से फसल को बचाने के लिए खेत पर ही रहना पड़ता है और रतजगा करना पड़ रहा है। भीषण सर्दी में भी किसान खेतों में रात गुजारते हुए काफी परेशान हो रहे हैं। खेतों की रखवाली करने के बावजूद मौका पाकर छुट्टा पशु झुंड में आकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसानों की मेहनत पर सिस्टम की लापरवाही भारी पड़ रही है। परसपुर में किसानों को छुट्टा मवेशियों से बचाने के लिए बड़ी मशक्कत करना पड़ता है। फसलों को बचाने के लिए किसानों को कटीले तारों के अलावा लकड़ी, झाड़ी और बांस लगाना पड़ता है। किसानों का कहना है कि इसके बावजूद मवेशी खेतों में घुस जाते हैं और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बारी-बारी से खेत की रखवाली करनी पड़ रही है। पूस के महीने के बर्फीली रातों में खेतों पर रहना काफी मुश्किल भरा है लेकिन क्या करें मजबूरी है। अगर रखवाली नहीं करेंगे तो पशुओं का झुंड फसल चौपट कर जाएगा और मेहनत बेकार हो जाएगी। किसानों का कहना है कि जिम्मेदार लोग इनको पकड़वाकर गोशाला में बंद कराएं और पशुओ को छोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करें तो शायद समस्या का समाधान हो सके।

# प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई जगह-जगह शोभायात्रा

**गोंडा / कटरा बाजार / मनकापुर, समृद्धि न्यूज।**





सोमवार को अयोध्या में भगवान प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा।क्षेत्र में सभी मंदिरों पर भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारे का आयोजन किया गया।पूरा क्षेत्र राममय रहा।कस्बा कटरा बाजार में हजारों रामभक्तों द्वारा गाजे-बाजे के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी ने की।शोभा यात्रा कस्बा के पीपल तिराहा से सम्मय माता मंदिर होते हुए हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंची,जहां पर आरती के बाद समापन हुआ। शोभायात्रा चंद्रपाल शर्मा (क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज) व संजय कुमार गुप्ता (थाना प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार) की देख-रेख में सकुशल संपन्न हुई।इस अवसर पर सुरेंद्र तिवारी छल्लू,धर्मेंद्र चौहान,राजेश रस्तोगी,अमन पांडेय,शिव शंकर पांडेय, रितेश रस्तोगी, पिंटू, देवी प्रसाद तिवारी सहित हजारों रामभक्त उपस्थित रहे।

*मनकापुर नगर पंचायत मे राम भक्तो द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई:-* अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मनकापुर नगर पंचायत मे स्थित श्री राम जानकी पंचायती मंदिर रामलीला मैदान से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई

श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मनकापुर व मनकापुर नगर के समस्त राम भक्तों द्वारा नगर स्थित श्री बानंगड़ देवी मंदिर, खाकी दास मंदिर, राधा कृष्णा मंदिर, मोटे नाथ मंदिर वआदि पूजा स्थलों पर पूजा-अर्चना की तो कहीं रामचरित मानस का अखंड पाठ आयोजन किया वहीं रामलीला मैदान स्थित चक चका दास हनुमानगढ़ी पर श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया।

*भक्ति में डूबा पूरा शहर गूंजे भजन और ढोल नगाडे :-* अयोध्या के भव्य श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन ऐतिहासिक बन उठा।सोमवार को सुबह से ही घर मंदिर, प्रतिष्ठान में राम भजन गूंजे।सड़कों पर जगह जगह प्रोजेक्टर की मदद से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। रेलवे स्टेशन रोड, बहराइच रोड समेत कई मार्गों पर युवा जय श्री राम के जयघोष लगाते रहे।समाजसेवी सुशील मिश्रा के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों पर जमकर डांस किया।आतिशबाजी की गई। पूरा जिला राममय दिखाई दिया। सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए।

*जिला प्रशासन ने 132 स्थान पर लगाए एलसीडी:-* जिला प्रशासन द्वारा 132 स्थान पर 132 एलसीडी के माध्यम से लोगों को सीधे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया जा रहा है।पूरे गोंडा जिले में हर्षोल्लास के साथ लोग जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रसाद वितरण भी कर रहे हैं। लोगों द्वारा अपने घरों सहित आसपास की मंदिरों को भी फूलों से सजाया गया है।पूरे गोंडा शहर को भगवा पताके से भगवा कर दिया गया है और लगातार पूरे जिले में भगवा पताका लहरा रहा है।पर्यटन विभाग द्वारा भी जिले के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों पर भी अखंड रामायण पाठ और सुंदर कांड का आयोजन किया गया है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद सभी लोगों को प्रसाद वितरित किए गए जिसको लेकर के जिला प्रशासन और विभिन्न संगठन के लोगों ने सारी तैयारियां की थीं।और वही साथ ही देर शाम दीपोत्सव को लेकर भी जगह-जगह तैयारी की जा रही है। और वही जिले में शाम को यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है।जिला प्रशासन द्वारा 132 स्थान पर 132 एलसीडी के माध्यम से लोगों को सीधे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया है।

**कदम कदम पर भंडारे, ग्रहण किया प्रसाद:-** प्राण प्रतिष्ठा का दिन दिवाली से भी भव्य तरीके से मनता दिखा।सुबह से ही सड़कों पर कदम कदम पर भंडारे आयोजित किए जाने लगे।कही पूड़ी हलवा तो कहीं सब्जी पूड़ी प्रसाद में बांटी गई।प्रसाद ग्रहण करने को भारी भीड़ जुटी रही।वही प्रोजेक्टर पर देख बने ऐतिहासिक पल के साक्षी अयोध्या में चल रही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह प्रोजेक्टर लगाए गए थे।यही से अयोध्या के भव्य पूजन को देख रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**घरों से लेकर मंदिरों में लोगों ने देखा रामलला प्राण की प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण:-** आखिर लोगों का लंबा इंतजार आज खत्म हो गया।शहर वासियों ने अपने घर में बैठकर टीवी और मंदिरों में लगी एलईडी आदि पर भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा।लोगों ने भगवान की मनमोहिनी मूरत देखकर बहुत ही अच्छा महसूस किया।जगह-जगह लगी एलईडी पर लोग प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखते नजर आए।

**समाजसेवी सुशील मिश्रा ने रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन किया :-** वहीं गोंडा जिले के ऊंचे झंझरी गांव निवासी सात समुंदर पार समाजसेवी सुशील मिश्रा ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिले के कई मंदिरों में राम भक्त सुशील मिश्रा के लोगों द्वारा अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है।बड़ी ही धूमधाम से लोगों द्वारा अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड पाठ कहा गया बड़ी ही धूमधाम से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मनाया गया।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पर हजारों लोगों को प्रसाद वितरित किए गए।

**अयोध्या से सटे गोंडावासियो ने मनाई दिवाली:-** भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रही थी लेकिन गोण्डा में लोगों ने दिन में ही दिवाली मनाई। जगह-जगह आतिशबाजी की गई।इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला और लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया मुंह मीठा किया भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होते ही पूरा शहर भगवान श्री राम के जयकारों से गूँजे उठा।इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और एक दूसरे को गले मिलकर इस मंगल दिन की शुभकामनाएं दीं।

**जिला प्रशासन ने सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम:-** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर के 132 से अधिक स्थानों पर एलसीडी के माध्यम से लोगों को सीधा लाइव प्रसारण दिखाया गया है और जगह-जगह पर धार्मिक कार्यक्रम भंडारा का भी आयोजन किया गया है जिसको लेकर के पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।कहीं भी किसी भी प्रकार की दिक्कत लोगों को नहीं होने दी गईं है और रूट डायवर्जन भी किया गया है। श्री राम के नाम से एक दीया अवश्य जलाएं आज पूरे गोंडा जिले में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर के अवकाश घोषित किया गया है और सभी लोगों से निवेदन किया गया कि सभी लोग अपने घरों में ही रहकर के और धार्मिक स्थलों पर मंदिरों पर रहकर के धूमधाम से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मनाए और शाम को भगवान श्री राम के नाम से एक दीया अवश्य जलाएं।

## नरायनपुर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम



**कटरा बाजार/गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम नारायणपुर कला क्षेत्र में भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गाँव -गाँव अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया तथा लोगों में प्रसाद वितरण भी किया गया।प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम राम भक्तों द्वारा अपने मंदिरों,प्रतिष्ठानों व घरों पर बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया।सांसद प्रतिनिधि कैसरगंज सुनील सिंह द्वारा नारायणपुर कला की राम जानकी मंदिर व अपने निजी आवास पर रामायण पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया,साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को श्री सिंह द्वारा पौष्टिक आहार वह खिलौना किट का वितरण किया गया तथा ईश्वर से बच्चों को कुपोषण मुक्त करने की प्रार्थना की।

**श्री राम के नाम एक दिया अवश्य जलाएं :-** कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी रामभक्तों से सांसद प्रतिनिधि ने निवेदन किया कि सभी लोग अपने ग्राम पंचायत की मंदिरों पर प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मनाएं और शाम के समय घर व मंदिर पर एक दीपक श्री राम प्रभु के नाम का अवश्य जलाएं।

# जिले के अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ किया रुट मार्च




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व गणतंत्र दिवस को लेकर दिलाया सुरक्षा का**

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशानुसार जनपद अयोध्या में नव निर्मित श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा था व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद की जनता मे सुरक्षा की भावना तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी नगर, सिटी मजिस्ट्रेट, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट व थाना दरगाह शरीफ, कोतवाली नगर, कोतवाली देहात की फोर्स के साथ शहर क्षेत्र के मोहल्ला मूंगफली मंडी एरिया, जामा मस्जिद एरिया, ट्रांसफार्मर तिराहा क्षेत्र, गुदड़ी, बक्शीपुरा , नाजीपुरा, सिविल लाइन, तिकोनी बाग, अकबरपुरा, रायपुर राजा, ड़ीगिहा, अग्रसेन चौक, छावनी चौराहा, काजीकटरा, चांदपुरा, हमजापुरा, बड़ी ईदगाह, सलारगंज, गुलाबीरकॉलोनी, दरगाह शरीफ एरिया तथा नूरी क्लिनिक एरिया में मय पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। रूट मार्च का उद्देश्य जनपद में कानून व्यवस्था शांति व्यवस्था बनाये रखना है।

### प्राण प्रतिष्ठा के समय पुलिस रही सख्त, संवेदनशील क्षेत्रों में किया पैदल भ्रमण



सोमवार को बौंडी थाना क्षेत्र के अति संवेदनशील खैराबाजार में बौंडी पुलिस ने अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए फ्लैग मार्च व सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसओ बौंडी अंजनी कुमार राय ने बताया कि एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अति संवेदनशील खैराबाजार में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। बौंडी पुलिस ने खैरा बाजार - खैरा चौराहे तक फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। वहीं मरौचा-बौंडी मार्ग से गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच भी की गई। बौंडी एसओ अंजनी कुमार राय ने लोगों से बात करके शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपील की। इस मौके पर बेडनापुर चौकी प्रभारी टीएन मौर्या, एसआई राधेश्याम यादव,हूबराज सिंह, राकेश पांडेय हेड कांस्टेबल मुन्नी लाल,चक्रधारी यादव, विनोद कुमार, कांस्टेबल दीपांशु कुशवाहा,गौरव श्रीवास्तव, रामगोपाल वर्मा, राहुल गुप्ता, रजनीश कुमार, पुष्पांजलि सिंह, सम्पूर्णानंद पांडे, सचिन सिंह मौजूद रहे।

# रामोत्सव पर रायबरेली भगवामय, चारों तरफ गूंजा.. मेरे घर राम आए हैं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम उत्सव में रायबरेली भी राममय हो गया। आस्था और उल्लास का संगम बना कि जिले के लोग श्रीराम उत्सव में लीन हो गए। पूरे दिन जिले की सड़कों पर जय श्रीराम का उद्घोष होता रहा। रामभक्तों में उत्साह का माहौल नजर आया। अयोध्या में हो रही दिव्य अलौकिक राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रायबरेली में भी गजब का उत्साह नजर आ रहा है। प्रभु श्री राम के आगमन के उपलक्ष्य के अवसर पर रायबरेली जिला प्रशासन द्वारा भव्य राम बारात और झांकी निकाली गई। राम बारात में शहर भर के राम भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। ये राम बारात जीआईसी से निकल कर चंदापुर स्थित जगमोहनेश्वर मंदिर पर समाप्त हुई। रास्ते मे जगह जगह लोगो ने फूल बरसा कर और आरती उतार कर रामराम बारात का स्वागत किया।



- आस्था और उल्लास के संगम में डूबे लोग
- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में दिखा उत्साह
- जिले का हर छोटा बड़ा मंदिर हुआ राममय

## डीएम ने राम बारात की अगवानी कर उतारी आरती



रायबरेली में निकाली गई भव्य राम बारात की झांकी उमड़ा राम भक्तों का जन सैलाब, जय श्री राम के की नारे लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव व अपर जिला अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी सीओ सिटी अमित सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम ने शहर के जीआईसी स्कूल से आरती करने के साथ शंखनाद करके राम बारात को रवाना किया।राम बारात शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए अस्पताल चौराहा कैनाल रोड डिग्री कॉलेज चौराहा से घंटाघर होते हुए चंदापुर मंदिर में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विधिवत पूजा पाठ व आरती करके राम बारात की अगवानी की।

## धूम धाम से निकली रामलला की बारात : एसपी



एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने भी राम बारात की आरती उतारी। डीएम हर्षिता माथुर ने बताया कि आज 22 जनवरी का दिन है जो रायबरेली में भी धूम धाम से रामलला की बारात निकाली गई है यह गर्व का विषय है।एसपी ने कहा कि जैसे 22 फरवरी के दिन प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हमारी एलाईव की टीम सहित सभी सुरक्षा कर्मी भी लगाए गए है। मंदिर के जगह-जगह पर महिला पुलिस चप्पा-चप्पा पर निगरानी कर रही है।

## जेल मे दिखाया गया प्राण- प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

अयोध्या में हो रही राम लला प्रतिष्ठा को लेकर जिला कारागार रायबरेली में किया गया भव्य आयोजन जिला जेल में बंदियों को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिला कारागार में इस समय लगभग 1200 से अधिक बंदी बंद है जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा ने बताया कि आज सुबह से ही जेल में रामचरितमानस के बालकांड के पाठ का आयोजन किया जा रहा है, राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज जिला कारागार में 101 बंदियों ने व्रत रखा है। बंदियों द्वारा ही 501 दीए बनाए गए जिसको शाम को प्रज्वलित किया जाएगा। आज का दिन बंदियों के लिए भी ऐतिहासिक दिन माना जाएगा क्योंकि उन्हें जेल में रहते हुए भी सजीव प्रसारण के साथ-साथ पूजा पाठ करने की पूरी स्वतंत्रता दी गई और उनके लिए स्पेशल भोजन की भी व्यवस्था की गई ।



## मंदिरों पर अखंड रामायण और भंडारे का हुआ आयोजन

भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां देश विदेश में तरह-तरह की आयोजन किया जा रहे हैं वही रायबरेली भी अछूता नहीं रहा क्या शहर क्या गांव भगवान के भक्तिमय रस में सराबोर दिखा हर व्यक्ति, एक तरफ मंदिरों में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया वहीं भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसके उपरांत हर्ष घर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दीपक जलाए गए और दिवाली की तरह पूरा शहर जगमग करने लगा।

## पहली बार सर्दियों में दिखा दीपावली जैसा नजारा

भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश प्रदेश शहर गली मोहल्ले में दीपावली जैसा नजारा देखने को मिला लोगों के द्वारा अपने घर को रंगोली और दीपकों से सजाया गया। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के महा उत्सव में अपनी भागीदारी दी और भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की।

# जगह-जगह राम उत्सव की धूम, जम कर बंटा राम प्रसाद



- भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनना जीवन का सौभाग्य : लाला अवस्थी

**लालगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लालगंज नगर में आज जगह-जगह राम उत्सव की धूम रही। मेन रोड से लगभग 40 दुकान में हर जगह भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की धूम मची रही। जगह-जगह भगवान राम की आकर्षक झांकी लगी और भव्य भंडारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जगह जगह पर सुंदरकांड, विशाल सुंदर-सुंदर तोरण द्वार, और पंडाल लगाए गए। प्रशासन की ओर से भी कहीं अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए पुलिस मुस्तैदी से तैनात रही। मेन रोड में बिल्लू सरदार की दुकान के सामने समाजसेवी लाला अवस्थी ने अपनी टीम के साथ भव्य भंडारा आयोजित किया जो सुबह 10बजे से शाम तक चला। भंडारे में चाय, पूड़ी, सब्जी, बूंदी आदि का वितरण किया गया।भंडारे में भगवान राम दरबार की सुंदर सजावट कर पूजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमोद कुमार तिवारी, कुक्की सरदार, शिवम पांडेय,सिद्धार्थ त्रिवेदी, श्रीकान्त त्रिवेदी, टी के शुक्ला, बीनू तिवारी, मिंटू सिंह,शिव महेश बाजपेई, अतुल शर्मा, शिवम मिश्रा,विनय कुमार, सत्यम मिश्रा, अभिषेक शर्मा,अंकुर वर्मा, आदित्य मिश्रा, पारुल शुक्ला, मयंक त्रिवेदी, आकाश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सुबह से लेकर शाम केवल जय श्री राम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र का शायद ही कोई ऐसा मंदिर बचा हो जहां पर भंडारा रामचरितमानस का पाठ सुंदरकांड या फिर किसी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन न किया गया हो ।80 वर्ष के बुजुर्गों ने बताया कि आज से पहले इस तरह का माहौल हमने अपने जीवन काल में कभी नहीं देखा की बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक केवल राममय गए और अपने भगवान आराध्य श्री राम की भक्ति में ऐसे लीन हुए की हर तरफ से केवल राम-राम ही सुनाई दे रहा था। नगर से लेकर गांव तक हर जगह केवल एक ही नारा और उद्घोष सुनाई दे रहा था जय श्री राम जय श्री राम महराजगंज नगर में दिनभर दर्जनों शोभा यात्रा निकाली गई विभिन्न विद्यालयों द्वारा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शोभायात्रा में हजारों की संख्या में शामिल लोग केवल जय श्री राम जय श्री राम के नारे ही लग रहे थे जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया महराजगंज कस्बे के मेन तिराहे पर व्यवसाई विमल रस्तोगी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं क्षेत्र भर में भंडारों की घूम रही महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के जनई ग्राम पंचायत बहादुर नगर मऊ थुलवासा हरदोई वही चंदापुर में मुंडे वीर बाबा से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों लोग शामिल हुए अशर्फाबाद के हनुमान मंदिर पर भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।पहरे मऊ में भी विभिन्न मंदिरों पर भंडारे दिनभर चलते रहे और लोग जगह-जगह मिष्ठान भी एक दूसरे को जमकर खिलाते हुए नजर आए

### पति-पत्नी में हुई सुलह



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जो जीवन के हर पहलू को भगवान् राम से जुड़ा साबित करता है। वीडियो यहाँ के महिला थाने का है। यहाँ एक पति पत्नी के विवाद का आज पटाक्षेप हुआ था। आज ही दोनों के बीच लिखा पढ़ी में समझौता भी हो गया। फाइनल काऊंसिलिंग के बाद जब यह जोडा महिला थाने की एसओ पुष्पा सिंह के पास पहुंचा तो लिखा पढ़ी से मुकर गया। महिला थाने की एसओ लिखा पढ़ी से मुकरने का कारण पूछा तो पति ने कहा मैडम हम लोग लिखा पढ़ी आज करेंगे क्योंकि आज बाइस जनवरी है और इसी दिन अयोध्या में भगवान् राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। महिला थाने की एसओ ने इतना सुना तो उन्होंने राहत की सांस ली और सहर्ष तैयार हो गयीं। दरअसल पति पत्नी के विवाद से जुड़े मामलों की महिला थाने में काऊंसिलिंग होती है। कई बैठक के बाद फाइनल समझौता एसओ की मौजूदगी में होता है। बछरावां के रहने वाले इस जोड़े की आज फाइनल समझौते की लिखा पढ़ी कल होनी थी जिसे पति ने आज बाइस जनवरी के लिए बढ़वा लिया क्योंकि उस दिन अयोध्या में भगवान् राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।

### सपाइयों ने छोटे लोहिया की मनाई पुण्यतिथि



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को शुक्लागंज राजधानी मार्ग सब्जी मण्डी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पण्डित जनेश्वर मिश्र (छोटे लोहिया) की पुण्यतिथि पर पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि पण्डित जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के पुरोधा थे। समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे अनेकों बार केन्द्र में मन्त्री रहे। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही बंगला। इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पुर्व युवा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में पूर्व नगर अध्यक्ष उमालाल यादव, राजन कनौजिया, फरहान अहमद, मुश्ताक खान (नाटे), अनिल गिहार, इमरान खान, सर्वेश कुमार, मोहम्मद इरफान, मुख्तार खान, मोहम्मद शाहिद, विशाल गौतम, सीके लाल, अनिल बटलर, जेपी यादव, दिलीप यादव, सुरेश गौतम, राजा गिहार, शेरु रैनी, चुन्नीलाल, अनूप साहू, राहुल यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवधपुरी में तब्दील हुई महाराज बच्छराज की पूरी बछरावां

- भगवामय हुआ बछरावां कस्बा
- जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हुई कस्बे की गलियां



**बछरावां रायबरेली**

वर्तमान समय में लगभग 500 वर्षों की प्रतिक्षा के पश्चात अयोध्या में होने वाले भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भारतवर्ष में ही नहीं अपितु विश्व के अन्य राष्ट्रों में भी हर्ष एवं उत्साह का माहौल बना हुआ हैद्य इसी माहौल को लेकर भारतवर्ष के प्रत्येक कोने कोने में प्रभु श्री राम की झांकियां, शोभा यात्राएं, अखंड श्री रामचरितमानस पाठ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान एवं रंगमंचों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत बछरावां कस्बे में रामलीला मैदान से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गईद्य जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, गणेशा ग्रुप, वैष्णो ग्रुप, खाटू श्याम परिवार, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, समरसता मंच बछरावां, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सुंदरकांड समिति बछरावां, मेला कमेटी, न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला कमेटी बछरावां, कावरिया मंडल बछरावां, शिव शक्ति सेवा समिति बछरावां, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बछरावां मंडल, समाजवादी पार्टी बछरावा, अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी बछरावां एवं भारतीय जनता पार्टी बछरावां सहित अन्य सभी धार्मिक संगठन एवं राजनीतिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने इस शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लियाद्य यह शोभायात्रा जब श्री राम प्रभु, माता जानकी एवं भैया लक्ष्मण के साथ हनुमान जी की झाकी को अपने भव्य रूप मे लेकर कस्बे की गलियों से गुजरी तो कस्बे की समस्त गलियां जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो गईद्य महाराज बछराज की पुरी बछरावां को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो बछरावां आज अवधपुरी में तब्दील हो गया हैद्य कस्बे के मार्गों से निकलने वाले हर प्राणी की जुबान से केवल जय श्री राम के ही उद्घोष निकल रहा हैद्य साथ ही साथ शोभा यात्रा में भक्ति संगीत एवं प्रभु श्री राम के गीतों पर राम भक्त थिरकते हुए भी नजर आएद्य इस शोभा यात्रा के मौके पर सभी संगठनों के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु, थाना अध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद शर्मा मय फोर्स सहित एवं हजारों की संख्या में राम भक्त व कस्बा वासी मौजूद रहे।

# संकट मोचन धाम चौराहा के नाम से जाना जाएगा मामा चौराहा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय कालोनी में इन्दिरा उद्यान के समीप विराजमान श्री संकट मोचन धाम के नाम से आज मामा चैराहे का नामकरण हुआ। नगर पालिका परिषद, रायबरेली के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने बाकायदे नियम कानून से , मामा चैराहे का नाम बदलकर 'संकट मोचन धाम चैराहा' कर दिया। इस पर मंदिर कमेटी ने नपाप अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के.शुक्ल, संकट मोचन धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, महन्त महामंडलेश्वर गणेशानन्द पुजारी दिनेश शुक्ला, महन्त कृष्ण बिहारी, शुभम पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, अजय माली, प्रबन्धक सुनील



कुमार तिवारी, जेई शुभम पाण्डेय, रवि कुमार, अमर गोपाल, रमेश, शैलेश मिश्र, शमशेर क्षेत्रीय सभासद पुष्पा यादव, जी.एस.शुक्ला, अजय पाल आदि मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि उक्त पंचमुखी हनुमान मंदिर की स्थापना 2002 में विधि विधान से हुई थी। इस चैराहे का नामकरण नगर पालिका अध्यक्ष ने आज कर दिया।

# राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रायपुर नेरुवा में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



- हम बड़े खुशनसीब हैं जो इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं : रतिपाल रावत

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां पूरे देश में राम नाम की गूंज रही और जगह-जगह पर शोभायात्रा के साथ भंडारे का आयोजन किया गया इसी कड़ी में रायबरेली जनपद के शिवगढ़ कस्बे में भी जगह-जगह पर शोभायात्रा निकलने के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी राम भक्तों में एक अलग ही खुशी का माहौल देखने को मिला गौरतलब हो कि सोमवार को अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां पूरे देश में राम नाम की गूंज रही वही रायबरेली जनपद के शिवगढ़ विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा में भी ग्राम प्रधान रतिपाल रावत की अध्यक्षता में गांव में स्थित महादेव बाबा मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने भगवान श्री राम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही राम भक्तों द्वारा अपने आराध्य प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा भी निकाली गई भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंच कर राम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान रतिपाल रावत ने कहा कि सैकड़ों वर्षों के बाद हम सबके आराध्य प्रभु श्री रामलला अपने घर आए हैं हजारों कार सेवकों का बलिदान आज सफल हुआ हम बड़े खुशनसीब हैं जो इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं आज ऐसा लग रहा है मानो धरती पर फिर से त्रेता युग आ गया हो हम सभी अपने प्रभु के स्वागत में घर घर दीप जलाकर खुशी मनाएंगे इस अवसर पर सोहनलाल, संदीप, अजय कुमार, विजय रावत सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

# राम के आगमन पर 21000 दीपकों से जगमगाया डलमऊ गंगा घाट

- भव्य आयोजन से राम मय हुआ डलमऊ
- राम झांकी व गंगा आरती में शामिल हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



भगवान राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर डलमऊ में भव्य आयोजन किया गया भगवान राम एवं गंगा आरती के बाद भव्य दीपोत्सव से गंगा घाट जगमग हो गये सुंदर झालरों से डलमऊ के घाटों को सजाया गया सोमवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर डलमऊ के वीआईपी घाट से लेकर रानी शिवाला घाट महावीरन घाट संकट मोचन घाट पथवारी देवी घाट पर 21000 दीपक जलाए गए सुबह से ही डलमऊ तहसील क्षेत्र में राम भक्तों के द्वारा भरी लाव लश्कर के साथ राम दरबार की भव्य झांकी निकाली गई ढोल नगाड़े और डीजे की धुन पर राम भक्तों ने राम के जयकारों के साथ झांकी निकाली जिस पर राम लक्ष्मण सीता और हनुमान की झांकियां सजाई गई जगह-जगह पर सजी हुई मनमोहक झांकी एवं भंडारों से कस्बा राम मय हो गया शाम होते ही डलमऊ के वीआईपी घाट पर पहुंचे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड ने राम दरबार की आरती के साथ गंगा आरती किया और भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए सुबह से ही स्वास्थ्य शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग की महिला कर्मचारियों के द्वारा मनमोहक झांकी तैयार की गई एवं दीप जलाए गए तहसील प्रशासन एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों से लगे रहे इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त का और अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव को जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा तहसीलदार ध्रुव नारायण शाहिद बड़ी संख्या में कस्बे वासी उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के दिन बच्चों का हुआ जन्म, किसी ने रखा राम तो किसी ने सीता

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में हो रही राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले के हर कोने-कोने के मंदिरों में रामलला की धुन बज रही है और जय श्री राम के नारे लगाए जा रहे है और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम के साथ ही भंडारे का भी आयोजन चल रहा है। वहीं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिला जिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। जिन गर्भवती महिलाओं ने आज बच्चों को जन्म दिया है वे माताएं अपने बच्चों का नाम राम और लड़कियों का नाम सीता रखी हैं। जिला महिला अस्पताल पीसीएमसी रेनू चौधरी ने बताया की आज दोपहर तक कम से कम पांच महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया है। कोई अपने बच्चे का नाम राम रख रहा है तो कोई सीता। इसीलिए लोग ज्यादा से ज्यादा डिलीवरी कराना चाहते है।

# सैकड़ों वर्षो से की जा रही तपस्या आज पूरी हुई : प्रभात साहू

- प्राण प्रतिष्ठा पर मां के मंदिर में भी हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर मां जसवन्तरी देवी मंदिर प्रांगण पर चेयरमैन सरला साहू प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा श्री राम मंदिर की हो रही प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर हजारों लोगों को दिखाया गया। वहीं मंदिर परिसर में ही एक विशाल प्रांगण में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया जिसमें पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी अजय अग्रवाल सहित तमाम बड़े नेता भाजपा के शामिल हुए अपने-अपने विचार रखें भाजपा नेता प्रभात साहू ने कहा मेरे पिता सत्यनारायण गुप्ता द्वारा मंदिर के लिए बहुत ही संघर्ष किया गया मेरे घर पुलिस छापा डालती थी और वह भेष बदलकर घर से निकल जाते थे आज मंदिर बन रहा है तो हम सभी राम भक्तों की सैकड़ों वर्षों पूर्व की गई तपस्या आज पूरी हुई है।

अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत और सम्मान किया गया उसके बाद मां जसवन्तरी देवी मंदिर से एक शोभा यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों पर निकली गई जिसका लोगों ने फूलों से स्वागत किया ।

इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला पूर्व विधायक राजाराम त्यागी पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा सभासद प्रतिनिधि अमित त्रिपाठी सभासद नूरुल हसन सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राममय हुआ शहर का माहौल, बड़े हनुमान मंदिर में अयोध्या कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

- बनारस के आचार्यो द्वारा किया गया महाआरती का आयोजन
- प्रभु श्रीराम की अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा सनातन धर्म की पुर्नस्थापना हैं : विमल द्विवेदी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पौष माह शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि विक्रम संवत्सर 2080 अंग्रेजी कैलेंडर में 22 जनवरी का दिन इतिहास में दर्ज हो गया। जब अयोध्या में जन्मस्थान पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री एवम प्रभारी विमल द्विवेदी की अगुवाई में बड़े हनुमानजी के मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। आज प्रमुख तौर पर बड़े हनुमानजी के मंदिर में अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विशाल स्क्रीन लगाकर भक्तों की सुगमता के लिए किया गया। साथ ही भक्तों के लिए भोजन प्रसाद का भी प्रबन्ध किया गया। शाम को महाआरती बनारस से पधारे गंगा आरती के आचार्यो द्वारा की गई। विभिन्न झांकियों ने आमजन को दिनभर सम्मोहित किया। 21000 दीपकों से शाम मंदिर में दीपोत्सव मनाया गया। बच्चों द्वारा निर्मित रंगोली विशेष आकर्षण बनी रही साथ ही पुष्पों से बने राम आगमन पथ से श्रीराम का आगमन हुआ और प्रभु श्रीराम के रूप में कलाकार सिंहासन पर आरूढ़ हुए। विशेष अतिथियों के तौर पर एसडीएम सदर, मजिस्ट्रेट उन्नाव, सदर विधायक पंकज गुप्ता, एस डीएम सदर, सिटी मजिस्ट्रेट नगर के हजारों रामभक्तों के साथ अनीता द्विवेदी, दीपा त्रिपाठी, हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, विकास सिंह सेंगर, एडवोकेट राघवेंद्र पांडेय, अभिषेक तिवारी, मनीष अवस्थी, आचार्य कमलेश बाजपेई गायत्री परिवार, मनीष मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिवेदी, आदि मौजूद रहे।

## सभासद ने कराया महाप्रसाद व कम्बल का वितरण



उन्नाव। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर नगर पालिका उन्नाव के वार्ड नंबर-3 आदर्श नगर स्थित बड़ी नहर पर सभासद राकेश साहू द्वारा महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा ने असहायो को कम्बल वितरण किया। इसी क्रम में गांधीनगर तिराहा पर कंचन, आशू, सफी, अशफाक द्वारा चाय व मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया।

# भगवान श्रीराम की निकाली भव्य शोभायात्रा



**उन्नाव, समृद्धिन्यूज।**

सोमवार को शुक्लागंज नगर में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए। लोगों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत भी किया। इस दौरान नगर राममय दिखाई दिया। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को नगर पालिका गंगाघाट द्वारा व नपा अध्यक्ष कौमुदी पाण्डेय के नेतृत्व में नगरवासियों द्वारा श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। वही आनंद घाट पर शाम करीब 6 बजे जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने गंगा में दीपदान किया। इसके पूर्व दोपहर 12 बजे जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन यू.पी. द्वारा बाइक रैली व चाय वितरण का आयोजन किया गया।

## आमजन के राम

राम की कहानी युगों से भारत को संवारने में उत्प्रेरक रही है। इसीलिए राष्ट्र के समक्ष सुरसा के जबड़ों की भांति फैले हुए सद्य संकटों की रामकहानी समझना और उनका मोचन इसी से मुमकिन है। शर्त यही है राम में रमना होगा, क्योंकि वे जन रंजन भंज न सोक भयं हैं। बापू का अनुभव था कि जीवन के अंधेरे और निराश क्षणों में रामचरित मानस में उन्हें सुकून मिलता था। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि राम का असर करोड़ों के दिमाग पर इसलिये नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। आदमी तब उसी मिसाल के अनुसार अपने कदम उठाने लग जाता है। इन्हीं मिसालों से भरी राम की किताब को एक बार विनोबा भावे ने सिवनी जेल में ब्रिटेन में शिक्षित सत्याग्रही जेसी कुमारप्पा को दिया और कहा, दिस रामचरित मानस ईज बाइबल ऐंड शेक्सपियर कम्बाइन्ड। लेकिन इन दोनों अंग्रेजी कृतियों की तुलना में राम के चरित की कहानी आधुनिक है, क्योंकि हर नई सदी की रोशनी में वह फिर से सुनी, पढ़ी और विचारित होती है। तरोताजा हो जाती है। गांधी और लोहिया ने सुझाया भी था कि हर धर्म की बातों की युगीय मान्यताओं की कसौटी पर पुनर्समीक्षा होनी चाहिए। गांधीजी ने लिखा था, कोई भी (धार्मिक) त्रुटि शास्त्रों की दुहाई देकर मात्र अपवाद नहीं करार दी जा सकती है। (यंग इण्डिया, 26 फरवरी 1925)। बापू ने नये जमाने के मुताबिक कुरान की भी विवेचना का जिक्र किया था। लोहिया तो और आगे बढ़े। उन्होंने मध्यकालीन रचनाकार संत तुलसीदास के आधुनिक आलोचकों को चेताया, मोती को चुनने के लिए कूड़ा निगलना जरूरी नहीं है, और न कूड़ा साफ करते समय मोती को फेंक देना। रामकथा की उल्लास-भावना से अनुप्राणित होकर लोहिया ने चित्रकूट में रामायण मेला की सोची थी। उसके पीछे दो प्रकरण भी थे। कामदगिरी के समीप स्फटिक शिला पर बैठकर एक बार राम ने सुन्दर फूल चुनकर काशाय वेशधारिणी सीता को अपने हाथों से सजाया था। (अविवाहित) लोहिया की दृष्टि में यह प्रसंग राम के सौन्दर्यबोध और पत्नीव्रता का परिचायक है, जिसे हर पति को महसूस करना चाहिये स्वयं लोहिया ने स्फटिक शिला पर से दिल्ली की ओर देखा था। सोचा भी था कि लंका की तरह केन्द्र में भी सत्ता परिवर्तन करना होगा। तब नेहरू-कांग्रेस का राज था। फिर लोहिया को अपनी असहायता का बोध हुआ था, रावण रथी, विरथ रघुवीर की भांति। असमान मुकाबला था, हालांकि लोहिया के लोग रथी हुए उनके निधन के बाद। लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अकसर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था। महात्मा गांधी के विषय में एक अचंभा अवश्य होता है। द्वारका के निकट सागर किनारे वे पैदा हुए पर जीवनभर सरयूतटी राम के ही उपासक रहे। वे द्वारकाधीश को मानो भूल ही गये। शायद इसलिए कि गांधीजी जनता के समक्ष राम के मर्यादित उदाहरण को पेश करना चाहते हों। रामराज ही उनके सपनों का भारत था, जहां किसी भी प्रकार का ताप नहीं था, शोक न था।

# अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिन

**स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे।**

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



**गांधी के रामराज्य का सूत्रपात नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीरामलला की प्रथम आरती करेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम किया है। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। र**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अब अंततः 22 जनवरी 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मन्दिर में पुर्नस्थापित करने का गौरव प्राप्त हो रहा है। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिवस है। राम राष्ट्र की संस्कृति है, राम राष्ट्र के प्राण है, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है।

सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, 'इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निशान तक दिखाई न दे।' सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, '' राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवश्यक है।'' गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता।

स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे। यह भी कम दुखद नहीं है कि उस निर्णय के बाद भी मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाने वाले विघ्नसंतोषी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। यहां तक कि प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन की पूरी तैयारियां हो जाने के बाद भी उसे विफल करवाने में एक वर्ग जी-जान से जुटा है। कुछ धर्माचार्य भी इस मुहिम में शामिल हो गए हैं। शाश्वत राष्ट्रीय अस्मिता को तात्कालिक और राजनीतिक हानि-लाभ की दृष्टि से देखा जा रहा है।

वास्तव में, कपटी और विकृत सिद्धांतकारों की परेशानी सहज और स्वाभाविक है। कई दशकों की उनकी दुकान के उठ जाने की सबल संभावना कोई सामान्य घटना नहीं है। उनके शब्द चुक गए हैं। प्रयोग में लाये नये शब्दों की शब्द शक्ति समाप्त हो गई है। वे अपनी पुरानी और सतही अवधारणाओं के बंधुआ श्रमिक हैं। किसी नये शब्द संसार की सृष्टि कर पाना अब उनके लिए संभव नहीं है। इन सभी ने गांधीवाद को बेच खाया। इनका समाजवाद पिट गया। पूंजीवाद का संताप भोग रहे देशों की दुर्दशा सबके सामने है। उनके सामने समस्या है कि क्या कहें, क्या करें? नश्वर को अनश्वर ओर समय सापेक्षता को सनातनता मानकर की गई भूल का परिमार्जन करने का उनमें साहस भी नहीं है। यही कारण है राष्ट्रीय संताप को समाप्त करने का अभियान अयोध्या से प्रारंभ हुआ और राष्ट्रीय अस्मिता राम रथ पर सवार होकर सोमनाथ से अयोध्या की ओर चली तो इन छद्मवेशियों के मोहल्ले में कोहराम मच गया।

जिस दल की वैचारिक धारा में देश के सभी नागरिक समान रूप से शामिल नहीं होंगे, वह दल विकल्प नहीं बन सकता। वह देश का हित भी नहीं कर सकता। देश किसी छोटे-बड़े प्रतिशत का नहीं, उस शत प्रतिशत का होता है जो इसके प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध, बिना शर्त और सहजभाव से समर्पित होते हैं। देश की आबादी के इस सहज समर्पण को ही राष्ट्रीयता की संज्ञा प्रदान की गई। देश की आबादी का हर वह अंश जो असहज हो, अपने विषय में अलग से सोचता हो, केवल अपने हित को ही राष्ट्रहित समझता हो, अराष्ट्रीय है। इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और इसका पालन पोषण करने वाले सभी लोग अराष्ट्रीयता को बल प्रदान करने के अपराधी हैं। राष्ट्र का घायल स्वाभिमान, आहत मन, टूटा विश्वास, अपमानित इतिहास और कुंठित राष्ट्रीय अस्मिता के परिमार्जन का दैवीय अवसर उपस्थित है। परमात्मा द्वारा प्रेरित ईश्वरीय कार्य सम्पन्न करने का सौभाग्यशाली क्षण 22 जनवरी को वह मुहूर्त होगा जब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अपने पूर्वजों की पराजय को विजय में बदलने और बलिदानों को मूल्य चुकाने के लिए इस राष्ट्रीय दायित्व का जो लोग निर्वाह करेंगे वे भविष्य में कलेजे का रक्त बनेंगे। वे इतिहास के प्राणवान पृष्ठ लिखेंगे राष्ट्रीय गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की यह कथा इतिहास के पन्नों पर सोने का शब्द बनकर उभरेंगे और तभी वास्तविक स्वाधीन भारत राष्ट्र का पुनर्जन्म होगा।

गांधी के रामराज्य का सूत्रपात नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीरामलला की प्रथम आरती करेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम किया है। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। राम मंदिर के निर्माण से भारत में रामराज्य आने वाला है। भारत की जय जयकार दुनिया में हो रही है।

विचार

# प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आर्थिक विकास दर जा सकती है 10 प्रतिशत के पार

**प्रहलाद सबनानी**

**मुद्रा स्फीति की दर वर्ष 2013 में 10 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई है। इससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है और उनके व्यय करने की क्षमता बढ़ी है। देश में डिजिटल क्षेत्र का तो जैसे कायाकल्प ही हो गया है। वर्ष 2016 में डिजिटल व्यवहार देश के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 4.4 प्रतिशत ही हो पा रहे थे जो वर्ष 2023 में बढ़कर 76.1 प्रतिशत से भी अधिक होने लगे हैं। इसी प्रकार, देश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की संख्या वर्ष 2014 में 16 से बढ़कर वर्ष 2023 में 23 हो गई है।**

किसी भी देश में आर्थिक विकास को अतुलनीय गति देने में केवल 10 वर्ष का समय बहुत कम माना जाता है। इतिहास गवाह है कि कई देशों को आर्थिक विकास की रफ्तार को गति देने में दशकों लग जाते हैं। चीन ने वर्ष 1980 का आसपास अपने देश में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए थे परंतु इनका परिणाम दशकों बाद दिखाई दिया था, लगभग यही स्थिति अन्य देशों की भी रही है। परंतु, भारत ने पिछले केवल 10 वर्षों के दौरान अर्थ के कई भारत में आधारभूत ढांचे को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा गया है क्योंकि किसी भी देश के आर्थिक विकास को गति देने में आधारभूत ढांचे का विकसित अवस्था में होना अति आवश्यक माना जाता है।

भारत में वर्ष 2013 में केवल 4,100 किलोमीटर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया जा सका था जो वर्ष 2023 में बढ़कर 28,100 किलोमीटर का हो गया है। राष्ट्रीय हाईवे भी वर्ष 2014 के 25,700 किलोमीटर से बढ़कर वर्ष 2023 में 53,700 किलोमीटर के हो गए हैं और भारत में वर्ष 2014 में केवल 74 एयरपोर्ट थे, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 148 हो गए हैं। इस प्रकार के आधारभूत ढांचे को विकसित करने से भारत में रेल्वे ट्रैक, राष्ट्रीय हाईवे सहित सड़क मार्ग एवं एयरपोर्ट की उत्पादकता बढ़ी है एवं पेट्रोल, डीजल की खपत में कमी होकर देश में पर्यावरण की स्थिति को सुधारने में भी सहायता मिली है।

मुद्रा स्फीति की दर वर्ष 2013 में 10 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई है। इससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है और उनके व्यय करने की क्षमता बढ़ी है। देश में डिजिटल क्षेत्र का तो जैसे कायाकल्प ही हो गया है। वर्ष 2016 में डिजिटल व्यवहार देश के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 4.4 प्रतिशत ही हो पा रहे थे जो वर्ष 2023 में बढ़कर 76.1 प्रतिशत से भी अधिक होने लगे हैं। इसी प्रकार, देश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की संख्या वर्ष 2014 में 16 से बढ़कर वर्ष 2023 में 23 हो गई है, भारतीय मेडिकल संस्थानों (आईआईएम) की संख्या वर्ष 2014 के 13 से बढ़कर वर्ष 2023 में 20 हो गई है, मेडिकल कॉलेजों की संख्या वर्ष 2013 में 385 से बढ़कर वर्ष 2023 में 693 हो गई है और अखिल भारतीय मेडिकल साईंस संस्थानों (ऐमस-एआईआईएमएस) की संख्या वर्ष 2014 में 7 से बढ़कर वर्ष 2023 में 25 हो गई है। कुल मिलाकर पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में महत्वपूर्ण संस्थानों को भारी संख्या में विकसित किया गया है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार वर्ष 2014 में 28,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर था जो वर्ष 2023 में दुगने से भी अधिक होकर 60,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। विदेशी निवेशकों का विश्वास भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2013 में विदेशी निवेशकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में 2,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया था जो वर्ष 2023 में दुगने से भी अधिक होकर 4,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के ऋण-सकल घरेलू उत्पाद अनुपात को लेकर चिंता जताते हुए कहा था कि आगे आने वाले समय में भारत के लिए यह अनुपात 100 के स्तर को पार कर सकता है, यदि ऐसा होता है तो यह भारत के आर्थिक विकास को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकता है। परंतु, भारत में निगमों का औसत ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात वर्ष 2015 के 65 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है और, उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2028 तक केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों का ऋण- सकल घरेलू उत्पाद अनुपात भी कम होकर 80 प्रतिशत के निचले स्तर पर नीचे आ जाएगा।

केंद्र सरकार पर लगातार यह आरोप लगता रहा है कि केंद्र सरकार के संस्थानों को बेचा जा रहा है। जबकि अब केंद्र सरकार के विभिन्न 25 संस्थानों ने पिछले एक वर्ष के दौरान अपने निवेशकों की पूंजी में 100 प्रतिशत से अधिक का संवर्धन किया है। विशेष रूप से आईआरएफसी ने 437 प्रतिशत, इरकोन ने 343 प्रतिशत, आरवीएनएल ने 321 प्रतिशत, कोचीन शिप्यार्ड ने 247 प्रतिशत, पीएफसी ने 250 प्रतिशत, रैलटेल ने 247 प्रतिशत, आईटीआई ने 245 प्रतिशत, हुड़को ने 245 प्रतिशत तक का संवर्धन निवेशकों के निवेश में पिछले एक वर्ष के दौरान किया है। आज न केवल विदेशी संस्थागत निवेशक और भारतीय संस्थागत निवेशक बल्कि खुदरा निवेशक भी केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों में निवेश करने पर अधिक भरोसा जता रहे हैं। और फिर अब तो अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी 22 जनवरी 2024 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत एवं पूज्य संत मंडल के सानिध्य में सम्पन्न की जा चुकी है। यह एक ऐसा कारण बनने जा रहा है जिसके चलते भारत की आर्थिक विकास दर 10 प्रतिशत से भी आगे निकल सकती है, जो वर्तमान में 7 प्रतिशत के आसपास चल रही है। दरअसल अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर एक राष्ट्र मंदिर के रूप में विकसित हुआ है, जिसके चलते न केवल भारत के नागरिक बल्कि अन्य देशों में सनातन संस्कृति का पालन करने वाले नागरिक भी भारी संख्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने हेतु अयोध्या आएंगे।

# गांव में टिकाऊ आजीविका

**भारत डोंगरा**

सोना सहरिया एक आदिवासी महिला है जो तालबेहट ब्लाक के बम्होरा गांव में अपने छोटे स्तर की खेती-किसानी से संतोषजनक आजीविका प्राप्त कर रही है। खेत और किचन गार्डन में बहुत सी सब्जियां लगी हैं, नीबू और अमरूद के पेड़ लगे हैं, जैविक खाद तैयार हो रही है, पर यह स्थिति एक दशक पहले नहीं थी। उस समय सोना के पति इंदौर में प्रवासी मजदूर के रूप में ईट भट्टों पर मजदूरी करते थे। उन दिनों को याद करते हुए वे बताते हैं कि किसी-किसी दिन तो पूरा दिन मेहनत कर पांच रुपए की ही आमदनी होती थी। खूब मेहनत करने के बावजूद न अपने लिए बचत कर पाते थे, न गांव में अपने घर के लिए। जैसे ही उन्हें खबर मिली कि अब गांव में स्थिति सुधर रही है तो प्रवासी मजदूरी छोड़कर गांव वापस आ गए और नए सिरे से खेती जमाने के हिम्मत भरे प्रयास करने लगे।

आज उसके परिणाम सामने आ चुके हैं-हरे खेत लहलहा रहे हैं, नींबू और अमरूद के पेड़ भी खड़े हैं। अपने लिए पर्याप्त खाद्य प्राप्त हो रहा है, कुछ बिक्री भी हो रहा है। आर्थिक स्थिति को वे संतोषजनक मान रहे हैं और भविष्य के लिए उम्मीद भी है। सोना के खेत में सावां और कोदो जैसे मिलट या मोटे अनाज भी उगाए जा रहे हैं, ताकि इन पौष्टिक गुणों वाले, पर उपेक्षित मोटे अनाजों की वापसी हो सके। सोना ने बड़े बर्तन दिखाए जिनमें मोटे अनाजों के बीज संग्रहित किए जाएंगे व इस श्बीज बैंकश् के माध्यम से अन्य किसान भी मोटे अनाज उगा सकेंगे। यह बदलाव एक स्वयंसेवी संस्था परमार्थ व प्रशासन के सहयोग से हुए जल-संरक्षण से आया है। सोना स्वयं भी इस संस्था से जुड़ी हैं।

इसके साथ सोना ने गांव की सामूहिक भलाई के प्रयास जारी रखे हैं, पर दूसरी ओर पास में तेन्द्रा जैसी बस्तियां आज भी हैं जहां अधिकांश लोग प्रवासी मजदूर के रूप से बाहर गए हुए हैं। तालबेहट ब्लाक के हनौता गांव में सहरिया आदिवासी व दलित परिवार प्रायरू ऐसी स्थिति में वर्षो से रहते आए हैं जब पानी के अभाव में वे खेती नहीं कर पाते थे व प्रवासी मजदूर के रूप में इंदौर, दिल्ली, पंजाब आदि में भटकते रहते थे। ईट भट्टों पर या जहां भी काम मिले, बहुत कम मजदूरी पर कार्य करने को मजबूर थे, पर अब इस मजबूरी पर रोक लगी है। रबी की फसल तो कई किसानों ने पहली बार ली है। हनौता में यह सार्थक बदलाव इस कारण आ सका, क्योंकि परमार्थ संस्था ने यहां से आठ किलोमीटर दूर बेतवा नदी से एक भूमिगत पाईप लाइन द्वारा इस गांव के अनेक परिवारों को सिंचाई उपलब्ध करवाई। शांति सहरिया के खेत में मूली, मटर, टमाटर, बहुत सी सब्जियां लगी हैं, अमरूद व नींबू के पेड़ भी हैं। अब शांति के परिवार को प्रवासी मजदूरी के लिए भटकना नहीं पड़ता। बबलू अहिरवार का केवल एक हाथ है, दूसरा हाथ दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके लिए तो यह और भी महत्वपूर्ण है कि गांव में उसकी खेती जम गई है व उसे प्रवासी मजदूरी के लिए नहीं जाना पड़ता। ग्राम बंडा (बबीना प्रखंड, जिला झांसी) के किसान हीरालाल इन दिनों बहुत प्रसन्न हैं।

वजह स्पष्ट है कि विविधता भरी बहुत सी फसलें, विशेषकर बागवानी की फसलें उन्होंने प्राप्त की हैं व उत्पादकता भी बढ़ी है। बैंगन, करेला, तुरई, लौकी, कद्दू, मिर्ची, भिंडी, लोभिया, मटर, आलू के बीच उन्होंने कुछ फूल भी उगाए हैं। उनके पड़ौसी किसान अजय भी ऐसे ही प्रसन्न हैं। वे बताते हैं कि अधिक नहीं तो उत्पादन कम-से-कम डेढ़ गुना तो बढ़ ही गया है। वे व बंडा गांव के सात-आठ अन्य किसान अपनी उपलब्धि के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर खेती को श्रेय देते हैं। हीरालाल बताते हैं कि इससे पानी की बहुत बचत होती है तथा साथ में मिट्टी पर भी अनुकूल असर पड़ता है। मिट्टी व पानी का संरक्षण हो जाए व साथ में उत्पादकता बढ़ जाए तो लगता है कि सब कुछ अनुकूल ही हो रहा है। यह सही है, पर इसमें एक पेंच भी है। इस खेती के लिए जो यंत्र, पाईप आदि चाहिए उनका खर्च अधिक है व प्रति एकड़ खेत लगभग एक लाख रुपए का निवेश मांग रहा है।



## राशिफल

**मेषः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**तुलाः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

# नेताजी की दृष्टि में श्रीराम और रामराज्य

**डॉ. जयंत चौधरी**

(सुभाष जयंती 23 जनवरी पर विशेष)



**सुभाष की मां भी भगवान राम की भक्त थीं। किशोरावस्था में ही सुभाष ने देश के लोगों की शांति के बारे में भी पत्र लिखा। इसमें उन्होंने लिखा, भगवान के दिखाए रास्ते को आत्मसात किए बिना और पूजा के बिना शांति नहीं है। नश्वर जीवन में यदि कोई सुख है तो घर-घर जाकर गोविंद का नाम जपने के अलावा सुख का और कोई रास्ता नहीं है। जब मैं ऊपर देखता हूं, मां, मुझे और भी अधिक पवित्र दृश्य दिखाई देता है! मुझे रामायण का एक और दृश्य याद आता है। मैंने वाल्मीकि के पवित्र तपोवन में दिन रात महर्षि की पवित्र वाणी में वेद मंत्र पढ़ते हुए देखा, मैंने वृद्ध महर्षि को ध्यान मुद्रा में बैठे देखा - उनके चरणों में दो शिष्य - कुश और लव दिखे।**

अमर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी की तरह सीधे रामराज्य की बात नहीं की। उनकी किसी भी राजनीतिक सभा में रामधुन नहीं बजाया जाता था लेकिन श्री रामचन्द्र के त्याग, आदर्श और संघर्ष की जीवन गाथा उनके पूरे जीवन के आदर्शों और दर्शन में मिलती है। सुभाषचंद्र जब किशोरावस्था में थे तभी से उन्होंने रामायण के आंतरिक भावों का चित्रण किया था। जब वे 13-14 वर्ष के थे तब उन्होंने अपनी मां प्रभावतीदेवी को एक पत्र में लिखा, मां, भारत भगवान के महान प्रेम की भूमि है। इस महाद्वीप में लोगों को रास्ता दिखाने के लिए भगवान ने हमेशा अवतार लिया है। युगों-युगों से भगवान के अवतार ने धरती को पाप-मुक्त किया और हर भारतीय के दिल में धर्म और सच्चाई के बीज बोए। भगवान ने मानव शरीर धारण किया है और अपने अवतार के रूप में कई देशों में जन्म लिया है, लेकिन उन्होंने किसी भी देश में इतनी बार अवतार नहीं लिया है, इसलिए हम कहते हैं कि हमारी मूल भारत माता ईश्वर के महान प्रेम की भूमि है।

नेताजी लिखते हैं, दक्षिण में पवित्र गोदावरी दो कुंडों को भरकर कलकल ध्वनि के साथ निरंतर बहती रहती है - कैसी पवित्र नदी है! जैसे ही मैं देखता या सोचता हूं, मुझे रामायण का पांचवां अध्याय याद आ जाता है - तब मैं अपने मन की आंखों में राम, लक्ष्मण और सीता को देखता हूं, जो राज्य और वैभव को त्याग कर गोदावरी के तट पर खुशी के साथ समय बिता रहे हैं, सांसारिक दुखों या चिंताओं को छोड़कर नैसर्गिक परमानंद के साथ। वे तीनों अपने दिन परमानंद में बिताते हैं, प्रकृति की पूजा करते हैं और भगवान की पूजा करते हैं - और इस बीच हम लगातार सांसारिक दुखों से जल रहे हैं।

उसी उम्र में, सुभाष चंद्र ने यह भी उल्लेख किया कि आम लोग सुख के लिए हाहाकार कर रहे हैं लेकिन उनका कारण - हमारा कोई धर्म नहीं है, कुछ भी नहीं। नहीं है, राष्ट्रीय जीवन भी नहीं है। अब हम एक कमजोर शरीर वाले गुलाम, भ्रष्ट, पापी राष्ट्र हैं! अफसोस! हे सर्वशक्तिमान! यह भारत की कैसी शोचनीय स्थिति है! क्या तुम हमें नहीं बचाओगे? यह तुम्हारा देश है, लेकिन भगवान देखो, तुम्हारे देश की क्या हालत है! आपके अवतारों द्वारा स्थापित सनातन धर्म कहां है? हमारे पूर्वजों आर्यों ने जिस जाति और धर्म को बनाया और स्थापित किया था, उसे अब त्याग दिया गया है। हे दयालु हरि, कृपया रक्षा करें!

सुभाष की मां भी भगवान राम की भक्त थीं। किशोरावस्था में ही सुभाष ने देश के लोगों की शांति के बारे में भी पत्र लिखा। इसमें उन्होंने लिखा, भगवान के दिखाए रास्ते को आत्मसात किए बिना और पूजा के बिना शांति नहीं है। नश्वर जीवन में यदि कोई सुख है तो घर-घर जाकर गोविंद का नाम जपने के अलावा सुख का और कोई रास्ता नहीं है। जब मैं ऊपर देखता हूं, मां, मुझे और भी अधिक पवित्र दृश्य दिखाई देता है! मुझे रामायण का एक और दृश्य याद आता है। मैंने वाल्मीकि के पवित्र तपोवन में दिन रात महर्षि की पवित्र वाणी में वेद मंत्र पढ़ते हुए देखा, मैंने वृद्ध महर्षि को ध्यान मुद्रा में बैठे देखा - उनके चरणों में दो शिष्य - कुश और लव दिखे। महर्षि उन्हें शिक्षा दे रहे थे। वेदों की पवित्र ध्वनि से आकर्षित होकर क्रूर सर्प भी अपना विष खो चुका है, फन उठाकर चुपचाप मंत्रों को सुन रहा है। गोकुल गंगा में जल पीने आये हैं - वे भी एक बार मुख उठाकर उस पवित्र मंत्र को सुन रहे हैं जिसे सुनने से कान सार्थक हो जाते हैं। पास ही एक हिरण लेटा हुआ है - वह लगातार महर्षि के मुख की ओर बिना पलकें झपकाए देखता रहता है।

रामायण में सब कुछ पवित्र है चाहे वह तिनका ही क्यों ना हो। लेकिन अफसोस! हम, धर्मत्यागी के रूप में, अब उस पवित्रता को नहीं समझ सकते। एक और पवित्र दृश्य याद आता है। भुवन तारिणी विपदा हरिणी भागीरथी बह रही हैं। इसके तट पर योगिकुल बैठे हैं - कुछ आधी बंद आंखों से ध्यान में डूबे हुए हैं - कुछ कानन के फूल लेकर मूर्तियां बनाकर पूजा कर रहे हैं, चंदन धूप जैसी पवित्र सुगंध फैली हैं - कुछ मंत्रोच्चार कर रहे हैं। क्षितिज के समय कुछ लोग गंगा के पवित्र जल की ओर आ रहे हैं। कोई गीत गा रहा है और पूजा के लिए जंगली फूल चुन रहा है। ये दृश्य आंख और मन को प्रसन्न करते हैं। लेकिन अफसोस! आज वे ऋषि कहां हैं? उनका पवित्र मंत्र कहां है? उनके यज्ञ, हवन आदि कहां हैं? सोचकर कलेजा फट जाता है!

युवावस्था की इसी भावना ने 1914 में मई-जून की चिलचिलाती गर्मी में सुभाष चंद्र को पहली बार हिमालय बुलाया। वे भगवा धारण कर घर से निकले। काशी, वृन्दावन, हरिद्वार आदि अखाड़ों में संतों के जीवन के विभिन्न व्यावहारिक अनुभव लिए। उसके पहले वर्ष क्रिसमस की छुट्टियों में 18-19 दोस्तों के साथ सुभाष ने साधु जीवन जीने के इरादे से शांतिपुर में गंगा के किनारे एक खाली घर में कुछ दिन बिताए। बिल्कुल नरेंद्रनाथ दत्त के स्वामी विवेकानन्द बनने के जीवन की शुरुआत की तरह।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजनों की रही धूम

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।



चरखारी में आज अयोध्या में हो रहे भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धार्मिक स्थलों के साथ ही शिक्षण संस्थानों में भी रामधुन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा आदि का आयोजन किया गया, बी पार्क के पास में स्थित मंदिर श्री राम जानकी में 14 जनवरी मकर संक्रांति से आज 22 जनवरी तक रामधुन संकीर्तन के साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन करने के साथ ही आज 22 जनवरी को भंडारा दिया गया, व्यापारियों द्वारा भी अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता दी गई, नगर चरखारी के मंदिरों में मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जी मंदिर श्री सीताराम जी मंदिर श्री मोहन राम जी मंदिर श्री गुमान बिहारी जी मंदिर श्री गोवर्धन नाथ जी मंदिर श्री दिहुलिया हनुमान जी मंदिर श्री गोपाल जी मंदिर भड़ेरिया के हनुमान जी और गणगौर मंदिर आदि में अयोध्या में हो रही भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशेष पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरण के साथ सभी के कल्याण और सुख समृद्धि की कामना की गई, मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जी के श्री महंत जुगुल भारती के संरक्षण में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक मंदिर में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन-भजन, रामधुन एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया, जिसके बाद भगवान की दिव्य आरती के साथ ही श्री राम स्तुति के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण करते हुए विश्व कल्याण की कामना की गई, सभी धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा आतिशबाजी करते हुए पटाखे आदि छुटाये गये, उत्साही रामभक्तों द्वारा नगर में राम जी के जयकारों को लगाते हुए बाइक रैली निकाली गई, नगर में स्थित धार्मिक स्थलों पर संपन्न धार्मिक आयोजनों में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं जिसमें पुरुष एवं महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, समाजसेवी इंजी. अमित कुमार पटेरिया, शुभम द्विवेदी प्रखण्ड संयोजक बजरंग दल एवं अनिल तिवारी आदि युवाओं की भी नगर में हो रहे धार्मिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता रही।

## गूंजे जयश्रीराम के जयकारे व मंदिरों में हुआ हवन पूजन



- सुंदरकांड के पाठ के आयोजन के साथ ही वितरित किया प्रसाद
- जिले के प्रमुख चौराहों पर दिखाया गया लाइव टेलीकास्ट

महोबा। जिस घड़ी का सभी को इंतजार था वह घड़ी आ गई और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के प्रमुख चौराहों पर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। सुंदर कांड, भजन कीर्तन के साथ ही भंडारों का आयोजन किया गया। शहर के आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक सहित अन्य प्रमुख जगहों पर लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया और भक्तों द्वारा भंडारे की भी व्यवस्था जगह-जगह की गई थी। अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर मुख्यालय के सभी मंदिरों में धार्मिक आयोजन किया गया। बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा पूजन कराया गया। धार्मिक स्थलों और मोहल्लों मोहल्लों विभिन्न धार्मिक आयोजन कराए गए। शक्तिपीठ मां बड़ी चंद्रिका मंदिर में अखंड रामायण, मंत्र जप, वहन पूजन और महाआरती की गई। शेखनपुरा स्थित शंकर जी मंदिर, बाल रूप हनुमान मंदिर, लक्ष्मी माता मंदिर परिसर में दोपहर को महिलाओं ने ढोलक मजीरा की धुन पर देवी भजन गाए और शाम को मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ कराया गया बाद में महाआरती की गई।चरखारी में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर की मौजूदगी में लोगों ने अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखा और यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें एमएलसी ने सभी को प्रसाद वितरित किया। सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने भी मंदिर पहुंचकर हवन पूजन किया और इस दिन को अद्भुत बताया। पूरा जिला रामभक्ति में लीन नजर आया।

## माधव संकीर्तन मंडल की शोभा यात्रा का हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत



इटावा, समृद्धि न्यूज।

अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में शहर में नौ विशाल रथों पर झांकियों एवं ÷राम आयेंगे÷ की गूंज के साथ शहर में श्री राम शोभायात्रा निकली। यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर भक्त श्रद्धालुओं द्वारा जमकर पुष्प वर्षा एवं आरती कर स्वागत किया गया।

शोभायात्रा टिक्सी मंदिर के सामने स्थित सिद्ध गुफा मोहाल से आरंभ हुई जो छैराहा,पचराहा,राजागंज, बलदेव चौराहा,तहसील चौराहा, बजाजा लाइन, नगर पालिका चौराहा, तिकोनिया, नौरंगाबाद चौराहा होते हुए स्टेशन बजरिया के पास शिव मंदिर पहुंची,जहां सभी को भंडारा वितरित किया गया।इससे पूर्व अरविंद पोरवाल, डा.एस के भदौरिया तथा बलदेव स्वीट्स पर सुरेश चंद्र यादव की ओर से हलवा, चाय एवं मिठाई का प्रसाद बांटा गया। इस शोभायात्रा में सबसे आगे गणेश भगवान,शंकर पार्वती तथा नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स द्वारा भव्य रथ पर सजाई गई बाल स्वरूप के सीताराम लक्ष्मण,हनुमान की सबसे मनोरम झांकी ने सबका मन मोह लिया। इसके अलावा सेना समेत महाबली हनुमानजी की विशेष झांकी फिर मंडल का श्री राधा माधव युगल सरकार का डोला तथा सबसे पीछे श्री राम दरबार की झांकी की अनेक जगह भक्तों ने आरती उतारी। इसके साथ ही भजन, कीर्तन करते हुए श्रद्धालुजन विशेषकर महिलाओं ने भजनों पर जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा में धर्म प्रचारक मनुपुत्र दास, सदर विधायक सरिता भदौरिया, इंजी.हरि किशोर तिवारी, राजेंद्र कुमार दीक्षित, शिव महेश दुबे, कृपा नारायण तिवारी, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, अनंत अग्रवाल, राम कुमार चौधरी, विरला शाक्य, गुड्डी वाजपेई, रमेश राजपूत, अजय धाकरे, सभासद शरद वाजपेई, डा.राजीव त्रिपाठी, अरविंद दीक्षित, राधा माधव संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, महामंत्री विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, महिला संयोजक मनीषा शुक्ला, राजेश वाजपेई, अरविंद पोरवाल, नारायण किशोर वाजपेई मौजूद रहे।

## श्री गड़ोखर धाम में आयोजित किया गया धार्मिक कार्यक्रम

महोबा। जिले के विकासखंड पनवाड़ी के श्री गड़ोखर धाम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य श्रीराम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा लाइव कार्यक्रम को सभी राम भक्तों के साथ सुना। इस दौरान पनवाड़ी ब्लाक प्रमुख अंजना अनुरागी सहित मातृशक्ति द्वारा भजन कीर्तन का गायन किया गया द्य महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया पनवाड़ी ब्लाक प्रमुख ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है जो इस दिन के साक्षी बने है। उन्होंने सभी से अपने-अपने घरों में दीपक जलाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी अंजना अनुरागी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं. श्रीप्रकाश अनुरागी, ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी, ग्राम प्रधान देवनपुरा संतोष राजपूत, जिला उपाध्यक्ष हरनारायण यादव, जिला महामंत्री मंगल महान, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, चरखारी ग्रामीण मंडल प्रभारी नीरज द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा, विहिप खंड पनवाड़ी संयोजक राम जी दुबे, अजय द्विवेदी, दीपक पाठक, मोहित सिंह, नरेंद्र गुप्ता, धर्मेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में राम भक्त , मातृशक्ति, खंड विकास अधिकारी संतराम, एडीओ मुकेश, सचिव निर्देश पटेल उपस्थित रहे।



## जगह-जगह मंदिरों में एवम सार्वजनिक स्थल में हुए भजन कीर्तन, जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा क्षेत्र

अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूर्ण होने पर आज जगह जगह मंदिरों में एवम सार्वजनिक स्थल में हुए भजन कीर्तन एवम जय श्री राम के उदघोष से गूंज उठा क्षेत्र पनवाड़ी महोबा

राम लला विराज मॉन होते ही पूरे जगह एक सनातनी उत्सव में परिवर्तन हो गया पांच सौ वर्ष की तपस्या के बाद आज मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जो जन जन के आदर्श आज अयोध्या में प्रतिष्ठित हुए पनवाड़ी कस्वा के राम जानकी मंदिर बड़ी माता मंदिर थाना पनवाड़ी,मैन बाजार कुटी एवम बलदाऊ जी के मंदिर नेहरू इंटर कालेज एवम गड़ोखरधाम साईंधाम निस्वारा आदि जगहों पर सुबह से ही राम धुन एवम कीर्तन कर भगवान राम के विराजमान होने की खुशी प्रदर्शित की गौरतलब हो कई स्थानों पर सीधा लाइव कवरेज भी टेलीविजन चैनल पर दिखाया गया उल्लेखनीय हो कि आज उक्त अवसर पर भंडारा प्रसाद चले नेहरू इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं ने रंगोली बनाकर सन्ध्या बेला में21हजार द्वीप प्रज्वलित



किये तो दूसरी तरफ साई धाम में प्रातः सुंदर कांड का पाठ किया गया तत्पचात चाय और खीर खा कर भक्तगणों ने राम मंदिर में प्रतिष्ठित होने की खुशी मनाई उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी ने क्षेत्र के सभी मंदिरों में अपनी ओर से प्रसाद वितरण कराया द्वीप उत्सव में नेहरू इंटर कालेज में प्रवन्धक डॉ सतीश गुप्ता अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र तिवारी संजय द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी व अन्य विचार मंच के अतिथि गण मौजूद रहे प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाठक ने सभी आगन्तुको का आभार व्यक्त किया और सभी को इस अवसर पर चाय जलपान कराया और खुशी व्यक्त की शिरडी साई बाबा मंदिर में उपस्तित जन डॉ जे पी मिश्र संजय द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज द्विवेदी एवम मण्डल अध्यक्ष भाजपा पवन सोनी उपस्तित रहे एवम सभी ने प्रसाद पाकर इस माहौल को ऐतिहासिक रूप से स्वीकार किया और पूजा अर्चना के इस दिव्य भव्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## खबरें एक नजर में

### भजन कीर्तन व दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में श्रीराम के आगमन पर यहां भैंसान गांव के श्रीराम मंदिर पर दिनभर भजन कीर्तन हुए तथा प्रसाद वितरित किया गया।
कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र कुमार तिवारी की अगुवाई में आयोजित हुए।
उक्त भजन कीर्तन व दीपोत्सव कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रहीं। सभी राम भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। वयोवृद्धा श्यामा देवी के राम भजन पर मौजूद सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए थे। कार्यक्रम में अवधेश कुमार अग्निहोत्री, आशीष अग्निहोत्री, कांती देवी और सुभाष चंद्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### प्राचीन शिवमंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हुई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** कस्बा लखना के मुहाल ठाकुरान में डाकघर में स्थित प्राचीन शिवमंदिर परिसर पर भगवान का शिवदरबार व शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा बडे ही हर्षोल्लास व उमंगतापूर्ण वातावरण में श्रद्धाभाव से सम्पन्न हुई। कस्बा लखना के मुहाल ठाकुरान स्थित डाकघर में प्राचीन शिव मंदिर का गोपाल कृष्ण सारस्वत व दीप्ती सारस्वत द्वारा जीर्णोद्धार कराकर अपने पिता स्वं धन्नामल चाचा रामस्वरूप सारस्वत की पुण्य स्मृति में श्री विष्णु भगवान के उद्गम परिसर मन्दिर पर आयोजित मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान महाराज गजानन के साथ रामदरबार नन्दी बाबा व शिवदरबार की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिविधान से करायी गई। आचार्य उमाशंकर दुबे,पवन मिश्रा,नगेन्द्र तिवारी, अनिल कुमार दुबे,दयाशंकर सारस्वत द्वारा सम्पन्न कराये गये अनुष्ठान में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के साथ सभी ने सामूहिक रूप से पूजन अर्चन उपरान्त हवन में पूर्णाहुति डाल सर्वकल्याण की कामना की। इससे पहले प्रतिमाओं की शोभा यात्रा ने सम्पूर्ण ग्राम में भ्रमण किया। इस मौके पर बनबारीलाल सारस्वत, सुनीता सारस्वत, अमृता सारस्वत, अंकित, प्रणव, नबनीत दीप्ती दीक्षित,राहुल शिवानी सारस्वत, माधव दीक्षित के अलावा पूर्व चेयरमैन अशोक सिंह एडवोकेट, जयसिंह राठौर, रामप्रकाश पाल, ओम प्रकाश पाल,दिनेश यादव पूर्व सभासद,अखिलेश भदौरिया, दिनेश वर्मा,देवेश त्रिपाठी, प्रो के के दीक्षित सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

### बहुओं ने ससुर पर धारदार हथियार से किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के ग्राम पंचायत पचदेवरी निवासी महिलाओं ने चोरी से भैंस बिक्री कर दी। इसकी जानकारी होने पर ससुर ने विरोध किया तो सभी ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। खून से लथपथ ग्रामीण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचदेवरी निवासी छोटेलाल (60) भैंस पालन का काम करते हैं। जिला अस्पताल में भर्ती छोटेलाल का कहना है कि उनकी बहुएं चोरी से भैंस के बिक्री कर देती हैं। अब तक दोनों तीन भैंस भेज चुकी हैं। जिसका रविवार सुबह छोटे लाल ने विरोध किया साथ ही भैंस न बेचने की बात कही।छोटेलाल का कहना है किस नाराज उसकी बहू मनीषा और मनु ने खुरपी से उसे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनने पर परिवार के अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर वृद्ध को बचाया। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल वृद्ध के बेटे राम निवास ने थाने में तहरीर दी है। यहां हालत गंभीर होने पर ग्रामीण को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीओ एके सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

### ढोल-नगाड़ो के साथ निकली शोभायात्रा, लोगों ने की पुष्पवर्षा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** रामलला के आगमन से सफीपुर नगर व क्षेत्र में उल्लास और उमंग का माहौल रहा। ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। लोगो ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। बहुप्रतीक्षित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जैसे ही सम्पन्न हुआ, आस्थावानों में जन सैलाब उमड़ पड़ा। उत्साह और उमंग देखते ही बनती थी। भगवा टोपी और रामनाम की पट्टिका डाल हाथ में झंडा लेकर सड़को पर उतर पड़े। हर कोई अपने आराध्य के आगमन की खुशियां मनाता दिखा। अखंड पाठ, सुंदर कांड, भजन, कीर्तन के दौर शुरू हो गए। एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला देरशाम तक चलता रहा। वही नगर के अलग-अलग स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई। बैंडबाजो और बजाओ ढोल स्वागत में, प्रभू श्रीराम आये है। जैसे भक्ति गीतों पर नर-नारी थिरकते हुए उनका उल्लास देखते ही बनता था। हनुमान मंदिर से निकली शोभा यात्रा का विधायक बम्बालाल दिवाकर, भाजपा नेता हरिशरण लाला ने अगुवाई की। वही मोटेश्वर मंदिर से पूर्व सभासद संजीव गुप्ता, साकेत गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामजी गुप्ता, मुन्ना सेठ, तनय अवस्थी, प्रिन्स द्विवेदी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शंकरी मंदिर से होकर पुनः मोटेश्वर मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा का विधायक बम्बालाल दिवाकर, हरिशरण लाला, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी ने स्वागत किया।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर व्यापार मंडल ने किया चाय का वितरण



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के साबित गंज बाजार में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों नें चाय व टोस्ट का वितरण किया गया।
उद्योग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल, जिला.सचिव जैनुल आबदीन, रेडीमेड एसोसिएशन. के अध्यक्ष देव गुप्ता, जिला संगठन मंत्री गुलजार अहमद गामा सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में शहर के प्रमुख बाजार बजाजा लाइन को गुब्बारों से सजाया गया। व्यापारियों नें व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित की मौजूदगी मे जम कर आतिशबाजी चलाई गई। इस अवसर पर रवि अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुरेश दुबे, विशाल अग्रवाल, देव गुप्ता, गौरव मिश्रा, अभय टंडन, रवि दुलहानी, अंकुर अग्रवाल, शिवदत पाल,दयाशंकर शंखवार, आदित्य पटेल, प्रभात सक्सेना, आलमगीर, जहांगीर, हरि सिंधी, अर्चना अग्रवाल, तरूण जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया सुरक्षा का जायजा

महोबा, समृद्धि न्यूज।



**साइबर पेट्रोलिंग कर सोशल मीडिया पर रखी जा रही है पैनी नजर**

श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा एवं आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के दृष्टिगत एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम सक्रिय हैं।

अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी नगर जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दूबे के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने जनपद में मजबूत सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बेहतर यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारी पुलिस बल के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों रेलवे स्टेशन, ट्रेन की चेकिंग, ट्रैक की चेकिंग, बस स्टेशन एवं बसों की चेकिंग, होटल, ढाबा, रैनबसेरों इत्यादि की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान एएसचेक टीम भी मौजूद रही। संयुक्त टीम द्वारा चप्पे-चप्पे पर पुलिस टीम की मौजूदगी का अहसास कराया गया व संदिग्ध व्यक्ति एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग की गई। सभी होटल/ढाबा एवं रैनबसेरों में ठहरने वाले वक्तियों एवं वस्तुओं की भी चेकिंग की गई व इनके संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनपद में अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्जनपदीय सीमा पर बैरियर चेक पोस्ट बनाकर प्रत्येक आने जाने वाले की सघन चेकिंग की जा रही है । पुलिस अधीक्षक सीमा क्षेत्र अन्तर्गत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि बैरियर और चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए साथ ही सीमा से लगने वाले मप्र के थानों से सम्पर्क बनाये रखा जाए ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान आसानी से किया जा सके । बार्डर पर लगे पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि सतर्क रहकर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जाए । रेलवे स्टेशन एवं रेलवे ट्रैक के आस पास निवासित /किरायेदारों के सत्यापन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है तथा प्रत्येक संदिग्ध की चेकिंग कर सख्त हिदायत दी जा रही है, पुलिस टीम द्वारा मिश्रित आबादी वाले स्थानों में भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर स्थानीय जनता से संवाद किया जा रहा है। इसी तरह पुलिस की सोशल मीडिया पुलिस टीम द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साइबर पैट्रोलिंग की जा रही है जिसमें रैडिक्लाइज्ड तत्वों का चिन्हीकरण, चेकिंग व निगरानी करते हुए सतत मानिटरिंग की जा रही है, जिससे आपत्तिजनक पोस्ट पर सम्बन्धित अराजकतत्व को चिन्हित कर उसके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

## महिला की हत्या कर आभूषण एवं नगदी चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज।



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस, थाना वैदपुरा, थाना बसरेहर व थाना फ्रेण्डस कॉलोनी पुलिस ने महिला की हत्या कर आभूषण एवं नगदी चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार कर कब्जे से 63,540 रूपये नकद, 2 चाँदी के सिक्के, चाँदी का दीपक, मोबाइल फोन, हाथ घडी, बैग ताला तोडने व बॉक्स खोलने के उपकरण बरामद किये। डायल 112 द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दुर्गा कालोनी निवासी सरिता चौहान पत्नी जितेन्द्र थाना फ्रेंण्डस कालोनी इटावा अपने घर की चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी है। मृतका के हाथ और पैर बंधे हैं तथा घर का सामान बिखरा पड़ा है। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा जनपदीय फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतका सरिता चौहान के पति जितेन्द्र चौहान की तहरीर के आधार पर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर धारा 302/404 भादवि पंजीकृत कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु एसओजी/सर्विलांस, थाना फ्रेंडस कॉलोनी, थाना वैदपुरा व थाना बसरेहर से पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रांतर्गत महिला की हत्या कर आभूषण व नगदी चोरी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि दुर्गानगर कालोनी इटावा में महिला की हत्या से संबंधित आरोपी समृद्धि हॉस्पिटल के पास खडे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए गठित पुलिस टीम द्वारा समृद्धि हॉस्पिटल के पास से दो आरोपियों साजिद खान पुत्र शाहबाज खान निवासी स्वरुपनगर थाना कोतवाली इटावा, आकाश यादव पुत्र भानुप्रताप सिंह निवासी बीएसएस ऑफिस के पास थाना कोतवाली इटावा को गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में जय प्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी मय टीम, उ.नि. नागेन्द्र चौधरी मय टीम, सुधीर सिंह प्रभारी थाना फ्रेंडस् कॉलोनी, समित चौधरी थानाध्यक्ष वैदपुरा मय टीम, उ.नि. सनत कुमार थानाध्यक्ष बसरेहर मय टीम, उ.नि. विपिन कुमार, हे.का. रवि शंकर, हे.का. प्रवीन कुमार,का. राहुल शर्मा, का. ओमप्रकाश, चालक का. शशिकान्त का सराहनीय योगदान रहा।

### पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण केम मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रानतर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि वांछित आरोपी विकास पुत्र विमल निवासी ग्राम कुवरा थाना भरथना जनपद इटावा जो कृष्णानगर चौराहे पर फ्लाई ओवर की तरफ कही जाने की फिराक में खड़ा हैं। सूचना पर पर कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा कृष्णानगर चौराहे पर खड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पकडे गये व्यक्ति से नाम/पता पूछा गया तो उसने अपना नाम विकास पुत्र विमल निवासी ग्राम कुवरा थाना भरथना इटावा बताया। इस सफलता में देवेन्द्र सिंह, उ.नि. हाकिम सिंह, का. सुमित मलिक का सराहनीय योगदान रहा।

## आबकारी निरीक्षकों की दबिश में 70 लीटर कच्ची शराब बरामद, मुकदमा दर्ज

बहराइच समृद्धि न्यूज।

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत उप आबकारी निरीक्षक मोतीपुर व नानपारा द्वारा दबिश देकर 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। आबकारी टीम द्वारा 12सौ किग्रा लहन बरामद कर उसे नष्ट किया गया। इन मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कराई गई है। आदित्य कुमार आबकारी निरीक्षक मोतीपुर आदित्य कुमार तथा आबकारी निरीक्षक नानपारा विमल मोहन वर्मा आबकारी टीम के सोनू कुमार , पवन कुमार, कमलेश कुमार, आबकारी सिपाही अमित कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही , वाहन चालक जावेद हुसैन कै साथ ग्राम राजापुर कला में जंगल एवं नाले के किनारे संदिग्ध स्थलों पर आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मौके पर लगभग 12 सौ किग्रा लहन बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ।

## सपा कार्यकर्ताओं ने छोटे लोहिया के पुण्यतिथि को किया स्मरण

- आजीवन सपाइयों को संघर्ष व वैचारिक रूप से मजबूत होने की प्रेरणा देते रहे जनेश्वर मिश्र : नंदेश्वर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र ईमानदारी और सादगी के प्रतीक थे। उन्होंने पूरा जीवन समाजवादी आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया और गरीबों की हक की लड़ाई लड़ते रहे। यह बात जिला महासचिव सुनील कुमार निषाद ने सपा कार्यालय पर आयोजित जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि कार्यक्रम में कही। सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव के निर्देशानुसार जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। निवर्तमान जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी नंदेश्वर नंद यादव ने कहा कि देश के बड़े समाजवादी नेता व पार्टी के स्तंभ रहे जनेश्वर मिश्र आजीवन सपाइयों को संघर्ष व वैचारिक रूप से मजबूत होने की प्रेरणा देते रहे। इस गोष्ठी मे नि जिलाध्यक्ष अनु जाति/जनजाति प्रकोष्ठ संत कुमार पासी, नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य हर्षित त्रिपाठी सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# जनमानस में दिखा आस्था का स्वरूप

## जय श्री राम के जयकारों के बीच हुए आयोजन, ढोल नगाड़े तो कहीं पटाखे छुड़ाकर दिन में दिखी दीपावली की झलक

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार का दिन जहां एक और रामनगरी अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में विराजमान श्री राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू हुआ वैसे ही यहां नगर में राम भक्तों की आस्था का उत्साह देखते ही बनता था सुबह से शाम तक गली कूंचो और चौराहों तथा बाजारों में भक्ति का सैलाब ऐसा उमड़ा की हर कहीं जय श्री राम के नारे और विभिन्न आयोजनों की लंबी श्रृंखला ने दिन में ही दीपावली का एहसास करा दिया। ढोल, नगाड़ों की ध्वनि के बीच भक्तों ने जुलूस निकाला तो वहीं पटाखे छुड़ाकर जश्न मनाया।

सोमवार की सुबह घने कोहरे के साथ सर्द लहर की रही बावजूद इसके सुबह से ही जगह-जगह जय श्री राम के स्वर गूंजने लगे नगर की गलियों में तो हर एक घर से जय श्री राम जय श्री राम बोलकर ही लोगों ने आपसी अभिवादन की शुरुआत की और जैसे-जैसे कोहरा कम हुआ जगह जगह राम भक्तों की आमद दिखलाई देने लगी नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चन किया गया तो वहीं राम भक्तों के लिए विशेष प्रसाद वितरण और भंडारों का आयोजन खास तौर पर लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था शायद ही कोई ऐसी गली चौराहा या बाजार का अन्य कोई हिस्सा ऐसा रहा हो जहां राम भक्तों का उत्साह देखने को ना मिला हो और यह सिलसिला शाम तक अनवरत जारी रहा।

### हनुमान चालीसा-सुंदरकांड से गूंज उठे स्वर

**उरई।** अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ सोमवार को जिस तरह से नगर में भक्ति और आस्था की लहर दिखलाई थी वह अद्वितीय थी हर किसी की जुबान पर यही देखा गया कि उन्होंने अब तक इस तरह के धार्मिक माहौल को नहीं देखा हनुमान चालीसा सुंदरकांड और अखंड रामायण पाठ के स्वर इस तरह से गूंजते सुनाई दिए मानो सब कुछ राम मय हो गया हो घर के बाहर कदम रखते ही जय श्री राम जय श्री राम के नारे कहीं भजन कीर्तन तो कहीं हनुमान चालीसा सुंदरकांड और अखंड रामायण पाठ के स्वर चहूंओर गूंजते सुनाई दे रहे थे। छोटे-छोटे मासूम बच्चों ने अपने-अपने मोहल्लों की गलियों में ही जय श्री राम के लिखे झंडा लेकर अपने उत्साह से सबको आकर्षित किया।

### शिक्षक भवन में कराया गया खिचड़ी भोज

**उरई।** अयोध्या धाम में रामलला प्राण प्रतिष्ठा से राममय माहौल को और सुंदर बनाने की मंशा से स्टेशन रोड स्थित शिक्षक भवन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन कर रामभक्तों के साथ ही राहगीरों को खिचड़ी खिलायी। इस दौरान उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ठाकुरदास यादव, रामराजा द्विवेदी, देवेंद्र यादव पूर्व सभापति, राममनोहर पटेल, ब्लाक मंत्री इंद्रजीत भदौरिया, भानु यादव, रघुवेन्द्र श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, सुनील निरंजन अध्यक्ष वेतन भोगी, प्रवीण महान, संजीव भदौरिया सहित अनेकों शिक्षक मौजूद रहे।

### कोटरा चेयरमैन की अगुवाई में निकाली श्रीराम शोभा यात्रा



कारसेवकों को सम्मानित करते चेयरमैन सियाशरण व्यास।

**कोटरा (जालौन)।** कस्बा कोटरा में आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा कोटरा से श्री राम मंदिर के कार्यसेवक रहे एवं जेल यात्रियों को माला पहनाकर एवं साल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। अयोध्या में राम प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर नगर में आरएसएस,विश्व हिंदू परिषद और उनके आनुषंगिक संगठनों ने नगर में भव्य राम शोभायात्रा निकाली। इसके पहले पूरे नगर को भगवा झंडों से पाट दिया गया। भगवामय रामोत्सव में हजारों लोगों ने श्रीराम का उदघोष करते हुए अपनी आस्था प्रकट की। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पहले बच्चों की मनमोहक झांकी के साथ रामभक्तों ने शोभायात्रा निकाली। नरसिंह मंदिर से हजारों लोगों ने जय जय श्री राम का उद्घोष करते हुए बस स्टैंड से होते हुए पूरे बाजार से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में महिलाओं ने भी नृत्य करते हुए शोभायात्रा को आनन्ददायक बना दिया। उल्लास और भक्तिमय माहौल से सारा नगर राममय हो गया। राम प्राण प्रतिष्ठा के लिए आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी प्रद्युमन कुमार ने शोभायात्रा के साथ नगर के प्राचीन नरसिंह मंदिर पर रामायण का आयोजन किया है। कस्बे में आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष सियाशरण व्यास एवं अधिशाषी अधिकारी प्रद्युमन कुमार के नेतृत्व में कस्बे में साफसफाई व्यवस्था काफी सुंदर दिखाई दी गई।

### भाविप परिवार ने किया प्रसाद वितरण



श्री राम के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते लोग

**उरई।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा उरई परिवार द्वारा अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के घंटाघर चौराहा पर मिष्ठान (प्रसाद) का वितरण किया गया इसमें परिषद के क्षेत्रीय सचिव इं. अजय इटोरिया प्रांतीय उपाध्यक्ष द्वय लखन लाल चदैया, राजेशचन्द गुप्त, शाखा अध्यक्ष राजेश निगोतिया, सचिव प्रवीण गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि इटोदिया, पूर्व अध्यक्षगणों में सुनील दोहरिया, भूपेन्द्र कंथारिया, अनिरुद्ध गुप्ता, संजय सुहाने, डा. केएन सिंह, डा. मनोज दिवौलिया, सुधीर गुप्ता, पप्पू हरकौती, अरूण, उमाशंकर गुप्ता, रामनरेश गुप्ता, सीताराम अग्रवाल, अश्वनी पुरवार, संजय लहरिया, विमल गुप्ता, कुलदीप गुप्ता देवेन्द्र माधव, जवाहर सुहाने, शुभम गुप्ता, महिला संयोजिका श्रीमती ऊषा सिंह, श्रीमती प्रीति बंसल, श्रीमती अनुराधा गुप्ता, श्रीमती कल्पना गुप्ता, हमारे कार्यक्रम संयोजक रामबाबू कौशल जीएवंसमस्त सदस्य गण उपस्थित रहे साथ ही विशेष सहयोग गोयल बर्तन भंडार द्वारा किया गया।

### श्री राम के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन

**उरई।** नगर के मणिन्द्रालय में भगवान श्री राम के चित्रों और उनसे जुड़े दुर्लभ संग्रह की पुस्तकें धर्म ग्रंथों और डाक टिकटों सहित विभिन्न वस्तुओं का प्रदर्शनी के तौर पर लोगों ने अवलोकन किया इतिहासकार डॉ. हरिमोहन पुरवार और संध्या पुरवार के संग्रह से प्रस्तुत इस प्रदर्शनी ने भी भगवान श्री राम की विभिन्न झांकियां प्रस्तुत कर राम भक्तों को आकर्षित किया।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों में दिखा उत्साह

**चोपन,सोनभद्र।** नगर सहित आसपास के मंदिरों में सोमवार को अयोध्या धाम में हो रही श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किये गये साथ ही दोपहर बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में रामभक्त प्रसाद ग्रहण किये7नगर के काली मंदिर में जय मां काली सेवा समिति के सौजन्य से हरिकिर्तन और सुंदरकांड पाठ कराया गया, कैलास मंदिर, दुर्गा मंदिर ,गौरीशंकर महादेव मंदिर नर्वदेश्वर महादेव मंदिर,प्रीतनगर हनुमान मंदिर,शीतला मंदिर के साथ ही नगर पंचायत द्वारा हाइडिल कालोनी में स्थित हनुमान मंदिर पर सुबह सुंदरकांड का संगीतमय पाठ कराया गया तत्पश्चात हवन पूजन के बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# विधायक के प्रयास से होगा सड़क का निर्माण

## एक लेयर डालने के बाद ठेकेदार ने 3 महीने पहले रोक दिया था काम

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय नगर की मुख्य बाजार टरननगंज में एक लेयर डालने के बाद 3 माह का समय गुजर चुका है लेकिन कार्यदायी संस्था के द्वारा अभी तक निर्माण कार्य शुरू नही किया है।इस मामले को गंभीरता से लेकर अधिशासी अभियंता तथा कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारो को जल्द काम पूरा करने पर जोर दिया गया है।

ज्ञात हो कि नगर की मुख्य बाजार की पौने 2 किमी लंबी तथा 7 मीटर चौड़ी सीसी सड़क के निर्माण के लिए तीन करोड़ 73 लाख रुपए लागत से निर्माण कार्य शुरू हुआ था। लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय के अभियंताओं की मौजूदगी में आर.एन अग्रवाल आगरा की ठेकेदार कंपनी को टेंडर मिला था। विगत दिनों ठेकेदार कंपनी के द्वारा अमलतास से लेकर डाकघर तक सड़क में 4 इंची मोटाई की सीसी की एक लेयर डाली गई थी। इसके बाद दीपावली का त्यौहार शुरू हो गया था। त्यौहार में मजदूर घर चले गए थे, त्योहार के 3 महीने गुजर जाने के बाद भी ठेकेदार कंपनी के द्वारा अभी तक निर्माण का शुरू नहीं किया गया है। दुकानदारो ने इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय विधायक बिनोद चतुर्वेदी को दास्तान बता कर रूबरू कराया। जब सड़क निर्माण के लिए एक लेयर डाली गई थी 3 महीने बीत जाने के बाद भी काम बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने कार्यदायी संस्था व ठेकेदार कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी भी कार्यस्थल से गायब है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग तथा ठेकेदार कंपनी के द्वारा कार्यस्थल पर एस्टीमेट संबंधी कोई सूचना बोर्ड भी नहीं स्थापित कराया। क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि कार्यदायी संस्था ठेकेदार कम्पनी को सड़क निर्माण का रनिंग पेमेंट 50 लाख धनराशि का हो गया है। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने विभागीय अधिशासी अभियंता से वार्ता करते हुए जोर दिया है कि सप्ताह भर के अंदर कम्पनी से बाजार टरनंनगंज की सड़क निर्माण कार्य कराया जाये। उन्होंने बताया कि शिथिलता बरतने तथा मनमानी के कारण इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विधायक ने जनता को भरोसा दिया कि ठेकेदार कम्पनी की मिक्सर मशीनें तथा उपकरण प्लांट में आ चुके हैं।

# डीएम-एसपी ने कालपी में जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था परखी



**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को मद्देनजर रख कर पुलिस बिभाग, स्थानीय प्रशासन तथा खुफिया एजेंसियों के कर्मचारी दिनभर एलर्ट रहे। सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा ने कालपी नगर के सार्वजनिक तथा प्रमुख स्थानो का निरीक्षण कर के जायजा लिया। तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ के साथ नगर के फुलपावर चौराहा में सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत परखी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाये। सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कॉमेंट करता है तो ऐसे लोगों के खिलाफकठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार को खुफिया एजेंसियों के अधिकारी तथा कर्मचारी चप्पे चप्पे पर मौजूद रहे तथा प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखे रहें।

### रैकेट इंडिया पहल के तहत हुए स्वच्छता कार्यक्रम

**जालौन (उरई)।** रैकेट इंडिया पहल के तहत ग्राम हीरापुर में श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी रामकिशोर दास के अतिथि में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी रामकिशोर दास ने कहा कि स्वच्छता का जीवन में विशेष महत्व है। जीवन में स्वच्छता हमेशा काम आती है। चाहे दैनिक दिनचर्या हो या पूजा पाठ, स्वच्छता सभी जगह महत्वपूर्ण है। स्वच्छता के अभाव में हम लोग जाने अनजाने बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रैकेट का प्रयास है कि गंदगी से होने वाले रोगों को समूल नष्ट किया जाय। जब व्यक्ति स्वच्छ होगा तो स्वस्थ होगा। उन्होंने डायरिया को लेकर ग्रामीणों को जानकारी दी और स्वच्छता की शपथ दिलाई। गुलाबी दीदी गंगाश्री ने महिलाओं को विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वच्छता के सात सूत्रों को समझाया और उनका पालन करने की सलाह दी और हाथ धोने का सही तरीका बताया। साबुन से हाथ धोना, शौचालय को साफ सुथरा रखना, टीकाकरण, स्तनपान, स्वच्छ जल का उपयोग, जिंक और ओरआरएस के महत्व को बताया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान गिरीश याज्ञिक, मुकेश कुमार, माताप्रसाद प्रजापति, सुरेश शुक्ला, सरोज, शीतल, गायत्री, अर्चना, लवली, उपासना, रजनी, शिवबती, रामबिटोली, जय देवी, दीपा, सुनीता, विमला, किशोरी, नरेशी, मंजूलता, पुष्पा, रामा, कांति, रजनी, पूजा आदि मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### राहुल के मंदिर न जाने से रोकने पर कांग्रेसियों ने किया विरोध



**सोनभद्र।** असम में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला और राहुल गांधी के मंदिर न जाने से रोकने पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे के नेतृत्व में इसका विरोध किया। मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई। वही राहुल गांधी के सुरक्षा में भारी सेंध मारी का भी मुद्दा उठाया। इस दौरान महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि मोदी सरकार हिटलर शाही कर रही है। लोकतान्त्रिक देश मे यही देखना बाकी था, कहीं राहुल गांधी के यात्रा पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा हमला कराया जा रहा है तो कहीं उनपर फर्जी मुक़दमा कराया जा रहा है, और अब मंदिर जाने पर रोक संकुचित मानसिकता का परिचायक हैं। बेरोजगारी, किसानो, युवाओं के लिए संघर्ष कर रहे राहुल गाँधी को आरएसएस और बीजेपी के लोग रोक नहीं पायेंगे, शहादत देने वाले परिवार के नेता है।

### घने कोहरे से अनियंत्रित कार पलटी, चार घायल

**जालौन, उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 188 पर घने कोहरे के चलते अनियंत्रित कार पलट गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हुए। घायलों को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। झांसी जिले के चिरगांव निवासी रूपेश अपनी कार से अगम, दीपू व अंजुला के साथ इटावा की ओर जा रहे थे। उरई से उनकी कार बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आ गई। सुबह करीब सात बजे कार के पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी कार को ओवरटेक करते समय कट मार दिया। कार को बचाने के चक्कर में चालक कार से अपना नियंत्रण खे बैठे और कार पलटकर डिवाइडर से जाकर टिक गई। सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को कार से निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर कथा वाचक ने किया अनुष्ठान

**जालौन, उरई।** नगर के पत्रकारों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कथा वाचक हर्षिता किशोरी की उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान कराए और मिष्ठान का वितरण कराया। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के पत्रकार बबलू सिंह सेंगर के कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां कथा वाचक हर्षिता किशोरी ने धार्मि अनुष्ठान संपन्न कराए। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। इसके बाद प्रसाद में मिष्ठान का वितरण किया गया। पत्रकारों ने शॉल ओढ़ाकर कथा वाचक हर्षिता किशोरी का सम्मान किया गया। इस मौके पर आलोक खन्ना, महेश स्वर्णकार, शाकिर हसन वारसी, अनुराग श्रीवास्तव, बबलू सिंह सेंगर, राकेश प्रजापति, ब्रह्मकिशोर श्रीवास्तव, देवेश स्वर्णकार, रामकेश साहू, राजेंद्र बाथम, कपिल सोनी, जावेद अख्तर, कौशल किशोर श्रीवास्तव, लकी तोमर, इरफान पठान, पवन याज्ञिक,आशीष सोनी, विनय निगम, प्रदीप गुप्ता, मनेंद्र सिंह, विनय निगम, आशीष सोनी, अतुल पांडेय, अरूण वर्मा आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में बीएसएस कालेज जीता

## आदित्य ने 13 रन देकर 4 विकेट लिए अपने ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए चुने गए मैन ऑफ द मैच

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 2024 की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता टीकाराम महाविद्यालय मोंठ में आयोजित की गई जिसमें लगभग बुंदेलखंड के 30 से अधिक कॉलेज ने प्रतिभाग किया।



बीएसएस कॉलेज साइंस एंड आर्ट की विजेता टीम।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में पहली बार जनपद जालौन से बीएसएस कॉलेज साइंस एंड आर्ट ने जीत कर जनपद जालौन का मान बढ़ाया इसी के साथ ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टीम में कॉलेज के पांच खिलाड़ियों का भी चयन हुआ यह एक गौरव की बात है जनपद जालौन का यह कॉलेज जिले के रहने वाले शैलेंद्र सिंह सेंगर पूर्व रणजी क्रिकेटर जो वर्तमान में गोवा क्रिकेट एसोसिएशन अंडर-19 और अंदर 23 टीम के बॉलिंग कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं के नेतृत्व में बीएस कॉलेज की टीम में प्रतिभाग किया पहली बार फाइनल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है फाइनल में बीएस कॉलेज की टीम ने मऊरानीपुर के अग्रसेन कॉलेज को फाइनल में 52 रन से हराकर यह कीर्तिमान स्थापित किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसएस कॉलेज की टीम ने 25 ओवरों में विकेटकीपर स्वाभिमान के 31 बॉल पर 56 रन और आदित्य सिंह के 21 रन की बदौलत 154 रन का एक अच्छा स्कोर खड़ा किया जवाब में अग्रसेन कॉलेज की टीम 102 रन बनाकर ऑल आउट हो गई बीएसएस कॉलेज की टीम के तरफ से ऑल राउंड प्रदर्शन करते हुए आदित्य ने 13रन देकर 4 विकेट लिए अपने ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफद मैच चुने गए और पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते वाले स्वाभिमान को मैन ऑफद टूर्नामेंट ने नवाजा गया और टीम के 5 खिलाड़ी स्वाभिमान सिंह, संतोष, धवल साहू, विवेक यादव, आदित्य चित्रांश का सिलेक्शन भी ऑल यूनिवर्सिटी के लिए हो गया।

# विद्युत कटौती से क्रोधित हिंदू संगठनों ने सड़क पर लगाया जाम

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान बिजली विभाग द्वारा लगभग तीन घंटे की बिजली की कटौती कर दी गई। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने की भक्तों की मंशा पर बिजली विभाग द्वारा पानी फेरे जाने हिंदू सगठनों के कार्यकर्ताओं ने बिजली घर पहुंचकर सड़क पर जाम लगा दिया। जिसके बाद बिजली की आपूर्ति शुरू हुई।

सोमवार को अयोध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम था। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जो लोग शामिल नहीं हो सके हैं उन्हें घर पर ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को टीवी स्क्रीन पर लाइव देखने के लिए हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता लगभग एक माह से घर घर जाकर जागरूक कर जा रहे थे। सोमवार की सुबह अचानक से जब लाइट चली गई तो लोगों ने बिजलीघर में पता किया तो बताया गया कि ट्रिपिंग के चलते लाइट बंद हो गई है। लगभग 40 मिनट बाद लाइट की आपूर्ति शुरू हुई तो कुछ ही देर बाद लगभग नौ बजे लाइट बंद कर दी गई। अबकी बार बताया गया कि एक घंटे की रोस्टिंग की गई है। बार बार लाइट जाने से टीवी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देख रहे भक्त आहत थे। सुबह 10 बजे तक जब लाइट नहीं आई तो लोगों ने एक बार फिर बिजलीघर में पता किया तो बताया गया कि रोस्टिंग एक घंटे की और बढ़ा दी गई है।

# छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर डाला प्रकाश



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि जिला पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। सोमवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र ऐसे समाजवादी योद्धा थे जो हमेशा गरीबों नौजवानों अल्पसंख्यकों आदिवासियों और हर वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम किया द्य उन्ही के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने हमेशा हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं और अपनी सरकार में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश का विकास करने का काम किया और हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार परमेश्वर दयाल अनिल प्रधान अशोक पटेल महिला सभा जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव हिन्छ लाल के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा की।

# रामभक्तों ने कराये आयोजन, नगर का माहौल हुआ राममय

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से प्रेरित होकर संपूर्ण नगर आज राममय वातावरण में मग्न हो गया। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर यज्ञ व अखंड रामायण के पाठ आयोजित किये गये। समस्त मंदिरों में आकर्षक सजावट व भक्तिपूर्ण आयोजन संपन्न हुए। ग्रामीण क्षेत्र भी रामभक्ति से ओतप्रोत नजर आया।

अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि स्थल पर लगभग 500 वर्षों के बाद भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ है। राममंदिर के निर्माण के बाद रामलला के विग्रह की सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसको लेकर पूरा नगर व ग्रामीण क्षेत्र राममय नजर आया।



द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में रामनाम संकीर्तन में भाग लेते भक्त।

लोगों ने घरों और मंदिरों में सुंदरकांड, अखंड रामायण और रामचरित मानस के पाठ के साथ ही हनुमान चालीसा पाठ कराए। इस दौरान नगर के बंबई वाला मंदिर, बिरिया खेरा हनुमान मंदिर, श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर, सरस्वती माता मंदिर, 21 फुटा हनुमान मंदिर, नाना महाराज मंदिर को सजाया गया और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण व नाना महाराज मंदिर में एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। पुजारी कमलेश व हृदेश नारायण मिश्रा द्वारा रामनाम संकीर्तन का आयोजन कराया गया। ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सिहारी व उरगांव में संघ के नगर प्रचारक कार्तिक, विहिप नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, बजरंग दल संयोजक मनावेंद्र परिहार के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। कुठौंदा बुजुर्ग के रामजानकी मंदिर में अखंड रामायण का पाठ हुआ। इस दौरान नगर में जगह-जगह लोगों ने स्टॉल लगाकर भक्तों को चाय व नाश्ता कराया। झंडा चौराहा पर डीजे लगाकर राम भक्ति गीतों पर लोग झूमते हुए नजर आए। कार्यक्रमों में मृत्युंजय श्रीवास्तव, उषा गुप्ता, निशा माहेश्वरी, राजीव माहेश्वरी, अरविंद श्रीवास्तव, विनय माहेश्वरी, बलवंत राय देशपांडे, प्रेम गुप्ता, ईलू मेंबर, पंकज गर्ग, गिरीश नंदन, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, ओमकार निरंजन, पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल, पुनीत मित्तल, धीरज बाथम, पवन अग्रवाल, अनिल माहेश्वरी, अनीता, कंचन, करुणा, पीयूष गुप्ता, दीपचंद गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

# जिला अधिवक्ता एसो. संघ ने कराया भंडारा

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की धूम जिला अधिवक्ता एसोसियेशन अधिवक्ताओं में भी देखी गई जिला अधिवक्ता एसोसियेशन अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृष्ण दामोदर पाठक के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में रामायण मंगल पाठ हनुमान चालीसा राम धुन की आरती के साथ संपन्न हुआ अधिवक्ता संघ भवन पर भंडारे का आयोजन कर आए हुए राम भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया जिला अधिवक्ता एसोसियेशन अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृष्ण दामोदर पाठक ने कहा कि राम समरसता के प्रतीक माने जाते हैं। वनवास से लेकर लंका विजय तक की उनकी यात्रा वनवासियों, गिरिवासियों, समुद्रवासियों के सहयोग से पूरी हुई थी। इसलिए, उनकी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर कलेक्ट्रेट परिसर हनुमान मंदिर पर सुंदर पाठ कर संघ भवन पर भंडारे में आए हुए राम भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वैसे तो प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में राम भक्तों ने थानो चौकिया मोहल्ले मोहल्ले चौराहे चौराहे पर भंडारे का आयोजन कर राम भक्तों को प्रसाद वितरण कराया पूरा शहर ही राम मय हो गया लग रहा था कि पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी लंका से विजय प्राप्त कर अयोध्या आज लौटे हैं अयोध्या ही नहीं पूरा देश विदेश में राम भक्त दीप उत्सव रामायण पाठ पटाखे फोड़कर खुशियां मना रहे।

**कार्यवाही** — अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने चल रहे अभियान

# छह नफर अभियुक्त गिरफ्तार व 33 टन कोयला, कार, फोन बरामद

**चोपन सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने कोयले का अवैध कारोबार करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, गिरोह के मास्टर माइंड सहित अन्तर्राज्यीय/ अन्तर्रजनपदीय 06 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार व 01 ट्रक में लोड चोरी का 33 टन कोयला, 02 अदद कार, 06 अदद मोबाइल फोन, कूट रचित टैक्स इनवाइस/ ईवेबिल/ इलेक्ट्रानिक ट्रांजिट पास व नगद 5050/- रू0 बरामद पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कालू सिंह



कुशल नेतृत्व में व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण अपराध एवं अपराधियों व अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 21.01.2024 को समय 21.30 बजे थाना चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अटल आवासीय विद्यालय गुरमरा, वाराणसी- शक्तिनगर राज्य मार्ग पर पुलिया के पास से 06 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद ट्रक वाहन में लोड चोरी का 33 टन कोयला बरामद किया गया और स्विफ्ट डिजायर कार व 03 अदद कूटरचित टैक्स इनवाइस/ईवे बिल/ इलेक्ट्रानिक ट्रांजिट पास व 06 अदद मोबाइल फोन व नगद 5050 रू0 बरामद किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना चोपन में मु0अ0सं0 14/2024 धारा- 379, 411, 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व धारा 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना / पूछताछ का विवरणः- पकड़े गये व्यक्तियों ने पूछताछ पर बताया कि रिहन्द राज नायडू बिना रजिस्ट्रेशन का बैढन मध्यप्रदेश में अपना अवैध कोल डिपो चलाता है और कोयला खदानों से निकलने वाली गाडियो के ड्राइवर/ खलासी से सम्पर्क कर चोरी से 1500 रूपये प्रति टन के हिसाब से कोयला उतरवा कर खरीदता है तथा शुभम पाण्डेय निवासी मध्यप्रदेश से मिलकर कोयले का फर्जी व कूट रचित कागजात बनवाकर शुभम पाण्डेय को प्रति टन 500 रूपये देता है यह काम हम सभी लोग आपस में मिलकर योजना बद्ध तरीके से ग्राहक को चोरी के कोयले को करीब 5000 से 6000 रूपये प्रति टन के हिसाब से बेच देते है जबकि कोयले का वास्तविक मूल्य इस समय मार्केट में करीब 5300/- रूपये प्रति टन है ।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से मची धूम, भगवामय हुआ नगर



श्री राम मंदिर में राम नाम का जयकारा लगाते उत्साहित श्रद्धालु



श्री राम मंदिर में सजीव प्रसारण देखते श्रद्धालु



नगर में भ्रमण कर निरीक्षण करते डीएम व एसपी



नगर के मुख्य चौराहे पर स्क्रीन पर प्रसारण देखते लोग

- युवाओं ने बाइक रैली निकालकर लगाए जय श्री राम के जयकारे
- नगर में जगह-जगह प्रसाद वितरण व भंडारा का हुआ आयोजन
- धार्मिक आयोजनों की धूम, श्रद्धालुओं ने देखा सजीव प्रसारण

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**अयोध्या में** श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही नगर व क्षेत्र में उल्लास दिखाई दिया। इसको लेकर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर बड़ी स्क्रीन लगवाकर सजीव प्रसारण किया गया। जबकि युवाओं ने बाइक रैली निकाल कर प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया। सोमवार को सुबह से नगर जीटी रोड स्थित श्री राम मंदिर, सती माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, गंगेश्वरनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर आदि में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर के राम मंदिर में सुबह अखंड पाठ के समापन पर हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ श्रीराम मंदिर, तिर्वा रोड स्थित नई गल्ला मंडी, नगर के मुख्य चौराहा, ब्रहमदेव मंदिर आदि स्थानों पर बड़ी स्क्रीन लगाकर भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण दिखाया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। जबकि नगर को भगवा रंग से सजाया गया। नगर के मुख्य स्थानों पर स्वागत द्वार बनाएं गए। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने नगर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था व आयोजनों का निरीक्षण किया। भक्तों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। नगर में जगह-जहग प्रसाद वितरण व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक अर्चना पांडेय, अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, पुजारी राकेश चंद्र द्विवेदी, संतोष चतुर्वेदी, नीरज मिश्रा, पंकज गुप्ता, विजय दुबे, राकेश चन्द्र वर्मा, नीरज गुप्ता, रवि मिश्रा, राकेश कौशल, धर्मेंद्र कौशल, अनुराग गुप्ता, मानव गुप्ता, दिलीप गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा भारी पुलिस बल के साथ नगर में गस्त करते रहे और अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी।

### सम्मानित किए गए नगर के कार सेवक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोमवार को अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने नगर के कार सेवकों को सम्मानित किया। जिसमें पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कार सेवक रवि मिश्रा, राजीव दुबे, आदेश दुबे, विजय दुबे, मनोज कुशवाहा, अनिल गुप्ता, रामसेवक बाथम, विजय गुप्ता, शंभू दयाल गुप्ता, मानसिंह कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, अनिल गुप्ता, पटटीदार शर्मा, राकेश चौहान, मुनीम, विकास गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, आलोक कुमार, राकेश तिवारी को माला व भगवा पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया।

### युवाओं ने निकाली बाइक रैली

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोमवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उत्साहित युवाओं ने नगर में बाइक रैली निकाली और जय श्री राम के गगनभेदी जयकारे लगाकर वातावरण को राममय कर दिया। जबकि युवाओं ने रामधुन पर जमकर नृत्य भी किया। युवाओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे का उद्घोष किया।

## भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से जनपद हुआ राममय रामभक्तों ने की पूजा अर्चना, दीपोत्सव पर्व मनाया

- लम्बे इन्तजार के बाद यह शुभ दिन आया, रामभक्त हर्षोल्लास में डूबे हैं-सुब्रत पाठक
- आज यह बहुत मूल्यवान क्षण है, भगवान श्रीराम आज अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं: असीम अरुण
- इत्रनगरी समेत जिले भर में निकाली गई भव्य भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, शोभायात्रा में मन्त्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक समेत रामभक्तों का निकला काफिला
- मन्त्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने माता फूलमती मन्दिर में की पूजा अर्चना, रामभक्तों के साथ अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखा





कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**अयोध्या में** भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जनपद कन्नौज राममय हो गया। भोर होते ही श्रद्धालुजन मन्दिरों में पूजा अर्चना करने के लिए निकल पड़े। हांलाकि जिले में बीते 11 दिनों से मन्दिरों समेत घरों में धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। 22 जनवरी का लोग बेहद उत्साह से इन्तजार कर रहे थे। 500 वर्षों बाद रामलला अयोध्या में विराजमान होने पर सोमवार को रामभक्तों का उत्साह देखने को मिला। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लोगों ने टीवी पर लाइव टेलीकास्ट देखा। इस बीच जय श्रीराम के उद्घघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। शहर स्थित माता फूलमती मन्दिर परिसर में समाज कल्याण राज्यमन्त्री एवं सदर विधायक असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने पूजा अर्चना करने के बाद रामभक्तों के साथ अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम यहां लगाई गई एलईडी पर देखा। लाइव प्रसारण के दौरान सभी लोग भावविभोर होकर जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। जिससे पूरा पांडाल राममय हो गया था। इस दौरान कन्नौज की बेटी श्रेया दीक्षित ने प्रभु श्रीराम पर भजन सुनाया। साथ ही यहां हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इत्रनगरी में रामभक्तों ने जगह-जगह भगवान श्री राम से जुड़ी हुई झांकियां निकालीं। भगवान श्रीराम शोभायात्रा में मन्त्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, पवन पाण्डेय समेत रामभक्तों की विशाल भीड़ चल रही थी। शोभायात्रा में रामभक्त जय श्रीराम के उद्घघोष करते हुए रामभजन में लीन होकर नृत्य कर रहे थे। वहीं छिबरामऊ सौरिख गुरसहायगंज, तिर्वा में सांसद सुब्रत पाठक के अगुवाई में भगवान श्रीराम के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। इस बीच पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि आज 500 वर्षों के लम्बे इन्तजार के बाद यह शुभ दिन आया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आज मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य राम मंदिर का उद्घाटन और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा है। आज पूरे देश में खुशी और हर्षोल्लास का वातावरण है। लोग आज खुशी से झूम रहे हैं और अपने खुशियों का इजहार सड़क पर आकर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं इसलिए हर कोई आज बेहद खुश है। मन्त्री असीम अरुण ने कहा कि यह बहुत मूल्यवान क्षण है भगवान श्रीराम जी के बाल स्वरूप के भव्य कार्यक्रम को लोग जगह-जगह पर एलईडी लगाकर देख रहे हैं सभी लोग उत्साहित हैं। कहा कि पांच सौ वर्षों बाद यह दिन देखने को मिला है। इत्रनगरी में जगह जगह-भण्डारे का आयोजन किया गया। यहां लोगों ने भण्डारे का प्रसाद चखा। शाम को रामभक्तों ने अपने-अपने घरों में दीपोत्सव पर्व मनाया। मन्दिरों समेत सरकारी व अर्द्ध सरकारी कार्यालयों को रंगबिरंगी झालरों व दीपकों से सजाया गया। लोगों ने जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला व एसपी अमित कुमार आनंद ने फोर्स के साथ जनपद के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण किया। साथ ही मन्दिरों में लगाई गई एलईडी पर भगवान श्रीराम जी का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भी देखा। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए थे।

## रोडवेज बस ने बाइक सवारों को कुचला तीन की मौत

### मृतक के भाई ने दर्ज कराया घटना का मुकदमा

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**तेज गति** से आ रही रोडवेज बस ने बाइक सवारों को कुचल दिया। इससे बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। सदर कोतवाली कन्नौज की कांशीराम कॉलोनी ब्लॉक नंबर पांच निवासी सिकंदर पुत्र बच्ची लाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शनिवार की शाम उसका 23 वर्षीय भाई कुलदीप व 25 वर्षीय साथी ऋषिकांत एवं उसकी भाभी लक्ष्मी बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही जसोदा टोल प्लाजा के निकट पहुंचे तभी अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस के अज्ञात चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी जिला अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस ने रोडवेज बस के अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रभु श्रीराम के आगमन पर धूमधाम से निकाली श्रीराम की शोभा यात्रा

- श्रीराम के जयकारों से गूंजा जलालाबाद, चारों ओर हुआ भगवामय, शोभा यात्रा में हजारों महिलाओं पुरुषों ने लिया भाग

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

**अयोध्या में** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में कस्बा में श्रीरामलीला महोत्सव समिति के नेतृत्व में श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा पठकाना मोहल्ले से शुरू होकर अखिल नगर, सदर बाजार होते हुए जी टी रोड से ब्लॉक परिसर से होते हुए जेल रोड, पाण्डेयपुरवा पहुंची जहां शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा वापस होकर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई।

शोभा यात्रा में श्री राम के गीत गाए गए, युवा डीजे व बैंड की मोहक धुनों पर जमकर थिरके। इसके बाद सुंदर काण्ड के आयोजन के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक, सचिन पाठक, सतेंद्र कटियार, अनिल दुवे, वीरेंद्र पाठक, भोला गुप्ता, अंशुल तिवारी, आशीष पाठक, ग्रीस चंद्र पाठक, अनुज शर्मा, प्रीती, आरती सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष रहे। इसके अलावा जिला कारागार कन्नौज में प्रभु श्रीराम के आगमन पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। निरुद्ध बंदियों को श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई।





शोभायात्रा में शामिल प्रभु श्रीराम का रथ व हजारों की संख्या में शामिल लोग

## घर में घुसकर युवक को पीटा की तोड़फोड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के लोगों ने घर में घुसकर अभद्रता की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घर में रखा सामान भी तोड़फोड़ दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मिरगावां निवासी गुड्डू पुत्र अब्दुल समद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शनिवार की शाम वह अपने घर में था। तभी गांव के ही राशिद, राजू, सगीर, शमा परवीन, मुन्ना आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। जबकि घरेलू सामान को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## किराना स्टोर पर लगी आग लाखों का नुकसान




छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**शहर के** पुरानी तहसील के पास एक किराना स्टोर पर पटाखे की चिंगारी से दुकान में आग लग गई जिसमें लाखों का सामान जलकर राख हो गया पास पड़ोसी आकर आंख पर काबू किया और नगर पालिका का ट्रैक्टर लेकर जला हुआ सामान ले गया। जिस समय शहर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बड़ी जोर शोर से तैयारी चल रही थी इस समय किसी व्यक्ति ने आतिशबाजी चलाई जिसकी चिंगारी किराना स्टोर में आग लग गई आग लगने से अफरा तफरी बच गई जिसमें आनंनफानन में सभी पास पड़ोसियों ने मिलकर किसी तरह आंख पर काबू किया दुकान में रखा सामान लाखों रुपए का नुकसान हो गया। सिद्धार्थ किराना स्टोर के नाम से दुकान है जिसके प्रोपराइटर लालजी पुत्र आनंद निवासी मोहल्ला बजरिया कोतवाली छिबरामऊ के नाम से किराने की दुकान थी प्राण प्रतिष्ठा के समय 12~10 बजे किसी व्यक्त ने आतिशबाजी छुड़ाने का काम किया तो पटाखे की चिंगारी सिद्धार्थ किराना स्टोर के अंदर घुस गई जिसमें किराने का लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया मौके पर पास पड़ोस के लोगों ने आग पर काबू किया प्रशासन ने फायर बिग्रेड गाड़ी गाड़ी आई और पूरी तरह से आपको ठंडा किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ।

## पंडाल जय श्री राम के नारे से गूंजे

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**मर्यादा पुरुषोत्तम** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के तुरंत बाद भगवान राम के जयकारों से शहर गूंज गया प्रसाद वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हो गए भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होते ही जय श्री राम के नारों के साथ नगर में सैकड़ो स्थान पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भगवान राम की पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ किया गया शहर में राम दरबार मंदिर व रोडवेज बस स्टैंड पर टीवी लगाकर लाइव प्रसारण देखा गया लाइव प्रसारण पर जैसे ही भगवान राम की प्रार्थना कार्यक्रम संपन्न हुआ वैसे ही तली की साथ जय श्री राम के नारों के बीच प्रसाद वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हो गए शहर में अनेकों स्थान पर सुंदरकांड का पाठ कराया गया मोहल्ला सराफान स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर में रामलीला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई यज्ञ आचार्य भारत चतुर्वेदी मुख्य जजमान गणेश शंकर तिवारी ने पत्नी के साथ हवन पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ प्रसाद वितरण किया गया। शाम को भंडारे का आयोजन किया पूजा गद्दा हाउस के पास विधायिका श्रीमती अर्चना पांडे को प्रभु श्री राम का मंदिर व चरण पादुका भेट की सुंदर काण्ड का पाठ विधायिका अर्चना पांडे ने पढ़ा इस अवसर पर प्रभु की आरती हुई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राजेश पांडेय ,राहुल रतन पांडे छोटू , मिट्ठू पांडे ,चेयरमैन मनोज दुबे,जिला संयोजक संध्या त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता, सूर्यकांत त्रिपाठी, नवनीत वर्मा, राकेश मिश्र, प्रशांतनंद चंदन तिवारी, ऋषभ मिश्रा, पंकज दुबे, आनंद गुप्ता, संदीप दुबे, अभिषेक वर्मा, विनीत अग्निहोत्री, नीरज दुबे, शिवम राठौर, विवेक दुबे, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।









मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# नगर में रामलला की निकाली गई यात्रा, श्री राम के जयकारों से गूंजायमान हुआ पूरा नगर

- बाबा केदारनाथ की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र
- जगह-जगह पुष्प वर्षा तथा जमकर की गई आतिशबाजी, पूरा कस्बा दिखा राममय



भगवान केदारनाथ की पूजा अर्चना करते भक्तगण



भगवान राम का तिलक करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष राजबेटी शंखवार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज** नगर में विशाल मूर्ति हनुमानगढ़ी पर कल रामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया था। इसके बाद आज दोपहर में हवन पूजा के बाद शाम 5.00 के लगभग भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसे देखते ही बन रहा था कि नगर में डोली लेकर भगवान राम की यात्रा निकाली गई। जिसमें सभी के आराध्य भगवान श्री राम को डोली में विराजमान किया गया। उसके बाद में हनुमान मंदिर विशाल गढ़ी से हवन पूजा तथा आरती के बाद यात्रा प्रारंभ की गई. जो कि पूरे नगर में श्रीराम पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं श्रीराम के जयकारों से नगर गुंजायमान हो गया। वहीं नगर के लोगों ने जगह-जगह भगवान की झांकी रोककर आरती उतारी और पूजा की तथा पुष्प वर्षा की। नगर पंचायत अध्यक्ष राज बेटी शंखवार भगवान श्री रामचंद्र जी की यात्रा में शामिल हुई और आरती की। इसके बाद में नगर में जमकर आतिशबाजी छुड़ाई गयी। वहीं भगवान केदारनाथ के भक्त जमकर ढोल नगाड़ा तथा डमरू झांझर झींका मंजीरा से भगवान शिव को प्रसन्न करते हुए नजर आए। इस मौके पर नगर में कई जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। विशाल मूर्ति हनुमानगढ़ के पास खिचड़ी तथा हलवे का भंडारा खूब भक्तों ने छका। इस मौके पर नगर के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे, तो वहीं थाना अध्यक्ष ने व्यवस्था को चाक चौबंद किया।

# रामोत्सव के उत्सव में डूबा कस्बा नवाबगंज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या में** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा कस्बा राममय हो गया। मंदिरों में जहां सुंदरकांड का पाठ हुआ, वहीं जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया।

कस्बा नवाबगंज में अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ हुए। वहीं कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। कस्बे के मेन चौराहे पर पंचवटी मंदिर पर अलीगंज से आए दुष्यंत पांडे ने सुंदरकांड का पाठ किया। जिसको सुनकर लोग राम भक्ति में डूबे। वहीं मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। जिसमें झांकियां भी निकल गईं। झांकियां के स्वरूप में हनुमान बने दिव्यांश, राम बने हिमान्या, सीता का स्वरूप बनी दुर्गा, वहीं दुर्गा मां का स्वरूप बनीअपेक्षा, लक्ष्मण बने सूर्यांश ने लोगों का मन मोह लिया। कस्बे के मंदिर पर मनमोहक झांकियां को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस मौके पर पुरोहित पंडित दुष्यंत पांडे, मंदिर के व्यवस्थापक डॉक्टर विनय सक्सेना, विनोद कुमार गुप्ता ,योगेंद्र सिंह राठौड़, सुदेश, स्वदेश, विजय प्रताप, जय प्रताप, अमित प्रताप, गोल्डी गुप्ता, नवनीत उर्फ मोंटी सक्सेना, देवेंद्र राठौर सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे। कस्बे में तथा मंदिर पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों ने जमकर प्रसाद छका। शाम को दीपावली जैसा माहौल दिखा। लोगों ने जमकर आतिशबाजी छुड़ाई।



कस्बे के मंदिर पर सजायी गयीं झाकियां — समृद्धि न्यूज

# सदर विधायक ने छात्राओं को वितरित किये स्मार्ट फोन

- उपजिलाधिकारी बोले छात्रायें फोन का उपयोग शिक्षा में करें



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक, एसडीएम व स्मार्टफोन के साथ छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कृष्णा देवी** बालिका डिग्री कालेज लोहियापुरम आवास विकास में छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस मौके पर छात्राओं से कहा कि गया कि वह स्मार्ट फोन का उपयोग पढ़ाई लिखाई में करें।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी तथा उप जिलाधिकारी आशीष भारद्वाज ने छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस दौरान करीब 300 स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्रायें काफी खुश नजर आयीं। इस मौके पर सदर विधायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्मार्ट फोन का उपयोग पढ़ाई लिखायी में ही करें। उसका दुरुपयोग न करें। वहीं उप जिलाधिकारी ने कहा आज बढ़ रही संचार क्रांति में आप लोगों के लिए यह स्मार्ट फोन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वह पढ़ लिखकर अपने देश व मां बाप का नाम रोशन करें। इस मौके पर ई0डी0एम0 अभिषेक चौहान, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 प्रेमलता श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अरिमर्दन सिंह, अनुराग यादव, डॉक्टर रुबी यादव व महाविद्यालय के अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# भूमि का फर्जी बैनामा कराने के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर प्रार्थिनी की भूमि का बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला तिवारी वाली गली निवासी राजेंद्र भारद्वाज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी पत्नी विजया भारद्वाज के नाम गाटा संख्या 540/0.0186 हेक्टेयर भूमि स्थित अमेठी कोहना तहसील सदर फर्रुखाबाद में स्थित है। जिस महेश सिंह व गंगा देवी पत्नी महेश सिंह निवासी न्यू सैनिक कालोनी फतेहगढ़ ने दिनांक 24 अक्टूबर 2009 को एक फर्जी कूटरचित अवैध बैनामा जिलाधिकारी की अनुमति के बगैर सागर पुत्र कालीचरण निवासी भगुआ नगला पांचाल घाट से गलत चौहद्दी डालकर करा लिया। प्रार्थी की पत्नी के गाटा संख्या 540 पर उक्त अवैध बैनामा के बल पर कब्जा करने की नियत से ईट गिट्टी आदि निर्माण सामग्री अपने अज्ञात साथियों से मिलकर डाल दी। जानकारी होने पर प्रार्थी ने दिनांक 11 अक्टूबर 2022 को प्रार्थी पत्रदिया था। पुनः अनुस्मारक प्रार्थना पत्र डीएम को दिनांक 23 मार्च 2023 को दिया। जिसकी जांच तहसीलदार सदर से करायी गयी। जिसमें सीमांकन कर अभिलेखीय व स्थलीय जांच पूर्ण कर लेखपाल की आख्या के क्रम में तहसीलदार सदर व उप जिलाधिकारी सदर फर्रुखाबाद ने जांच आख्या जिलाधिकारी को दी। जिस पर तहसीलदार सदर व उप जिलाधिकारी सदर की जांच आख्या दिनांकित 23 दिसंबर 2023 के आधार पर पीड़ित प्रार्थना पत्र दे रहा है। पुलिस ने उपरोक्त तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# खबरें चलते-चलते

## रामोत्सव में डूबी अपराकाशी, लोगों ने जलाये घी के दिये



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लगभग 500 वर्षों बाद देशवासियों की आस्था की केंद्र अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का सपना साकार हो गया। इस दौरान लोगों ने घी के दिये जलाकर भगवान श्रीराम के वनवास से लौटने का दृश्य मानो सार्थक कर दिया। उत्साही युवाओ ने जमकर आतिशबाजी छुड़ाई और मिठाई आदि बांटी। जानकारी के अनुसार आज से करीब पांच सौ वर्षो से अयोध्या राम मंदिर का विवाद चला आ रहा है। हमारी कई पीढ़ियां अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मदिर के सपने को साकार होते नहीं देख सकीं। हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जो आज इस सपने को साकार होते देख रहे हैं। आज जब अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई, तो अपरा काशी हर्ष और उल्लास में डूब गयी। हर किसी जुबान पर आज श्रीराम का नारा गूंज रहा था। इस खुशी में जहां लोगों ने अपने-अपने घरों में घी के दिये जलाये और सुंदरकांड व अखण्ड पाठ का आयोजन किया। चारों तरफ माहौल राममयनजर आया। मंदिरों को भव्यता से सजाया गया और विधि विधान से लोगों ने पूजा अर्चना की। वहीं घरों में भी शुभ मूर्हत में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गयी। हर सनातनी के चेहरे पर खुशी व राम की भक्ति देखी गयी। अधिकांश लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें और इस शुभ घड़ी को हर्षोल्लास के साथ सभी के साथ साझा किया। शाम के समय लोगों ने खुशी के इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी छुड़ायी और जय श्रीराम के नारे लगाये। कुल मिलाकर पूरा शहर रामोत्सव में डूबा नजर आया। आज के इस ऐतिहासिक दिन को दुनिया हमेशा याद रखेगी।

## भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुई पूजा अर्चना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विकास खण्ड कार्यालय पर पूजा अर्चना की गयी तथा घी के दिये जलाये गये। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर सोमवार को अयोध्या में हुई भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विकास खंड कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया। कार्यालय को झालरों से सजाया गया था घी के दिये जलाये गये। जिससे दीपावली का त्यौहार सार्थक हो उठा। राम सीता व लक्ष्मण की मूर्तियों पर पुष्प अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। ढोल नगाड़ों के बीच लोगों ने खूब खुशी मनायी गयी। इस मौके पर एकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, लिपिक सुरेश चंद्र, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, मनोज शाक्य, बिंदा प्रसाद, लवलेश यादव सहित सभी ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र में भी सभी सचिवों ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायत पर दीपोत्सव का त्यौहार मनाया। शाम को लोगो ने जमकर आतिशबाजी छुड़ायी और खुशी मनायी।

## चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** कमरे की कुंडी खोलकर कॉस्मेटिक सामान व नगदी चोरी करने वाले आरोपी के खिलाफ पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौखडा निवासी दीक्षा पुत्री रामावतार सक्सेना ने यही के निवासी पड़ोसी अतुल उर्फ अभिषेक पुत्र केशव पाठक के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है घर के बाहर कमरे में उसका कास्मेटिक सामान तथा पांच हजार नगदी रखी थी। दो दिन पूर्व घर के बाहर कमरे की कुंडी खोलकर आरोपी द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोप है कि आरोपी इससे पूर्व में भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका। हालांकि चोरी की घटना के बाद काफी खोजबीन की। मगर कुछ पता नहीं चला। पीड़िता ने चोरी के आरोपी के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की की थी। पीड़िता की तहरीर पर शमशाबाद थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 380 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बन्दूक साफ करते समय चली गोली से घायल हुए जवान की मौत



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन बन्दूक साफ करते समय अचानक चली गोली से घायल हुए सैनिक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार अनिरुद्ध प्रताप सिंह पुत्र हरिकरन सिंह निवासी ग्राम नगरिया गिरधर पोस्ट भरखा थाना राजेपुर आर्मी में हवलदार के पद पर देहरादून में तैनात थे। बीती 17 जनवरी को वह अपने घर छुट्टी पर आये थे। बीते दिन घर पर अपने पिता की दोनालू बंदूक साफ कर रहे थे, तभी बंदूक से अचानक गोली चल गयी। जो उनके लग गयी थी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें फतेहगढ़ स्थित एम.एच. में भर्ती कराया गया था। जहां सोमवार सुबह करीब 7 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। उनकी मौत का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की एक बहन प्रियंका है। फिलहाल घटना को लेकर लोगों की जुबान पर तरह-तरह की चर्चायें हैं।

# रामलला की भक्ति में सराबोर हो गये कस्बावासी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**कस्बा नवाबगंज** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। चारों तरफ कोई भंडारे कर रहा है, तो कोई अपने घर में सुंदरकांड का पाठ कर रहा है। कई स्थानों पर डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आये। थाने के पास हनुमान मंदिर को भव्यता के साथ सजाया गया और हनुमान की पूजा अर्चना की गयी। जहां लोगों ने पहुंचकर पूरे श्रद्धाभाव से माथा टेंका। हर तरफ यही धुन सुनाई दे रही थी कि राम आयेंगे तो पालना झुलाऊंगी......। लोगों ने अपने-अपने घरों में झालरें आदि लगायीं। छतों पर भगवा झंडे लगाये। ऐसे माहौल लगा जैसे राम आज बनवास से अयोध्या वापस आ रहे हों। मंदिरों को भव्य रुप से सजाया गया। जहां पर सुंदरकांड के पाठ हुए तथा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया और लोगों के मस्तक पर चंदन को तिलक लगाया गया। युवा अपने गले में भगवा पटुका डाले नजर आये। किशन स्वरूप, सोहन स्वरूप, पंकज भारद्वाज आदि लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में पुरुष बच्चे एवं महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजकिशोर पांडे, मनोज पांडे, गोल्डी गुप्ता, पंकज राठौर, अजीत यादव, रणवीर सिंह यादव, नरेंद्र सिंह यादव आदि लोगों ने व्यवस्था संभाली।



भगवान हनुमान की पूजा अर्चना करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

# राममय हुआ कस्बा, जगह-जगह हुए भंडारे



भंडारे में प्रसाद छकते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या में** श्रीराम लला अपने भव्य और दिव्य मंदिर में आज पूर्णतया विराजमान हो गए हैं। 500 वर्षों की कठिन परीक्षा के बाद विश्व भर के सनातनियों को यह सौभाग्य का अवसर मिला है। जिससे पूरे विश्व के सनातनी आज जगह-जगह भंडारे कर प्रसाद वितरण कर रहे हैं। अमृतपुर क्षेत्र में भी सैकड़ों जगह भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। अमृतपुर ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी द्वारा अमृतपुर कस्बे को भगवा रंग के झंडों से सजाया गया। जिसमें लगे गुब्बारे और झंडा पूरे क्षेत्रवासियों का आकर्षण कर मन मोह रहे थे। प्रधान द्वारा हनुमान मूर्ति के पास विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और जय श्री राम के नारे लगाए। वहीं भाजपा नेता भास्कर दत्त द्विवेदी के द्वारा अपने पेट्रोल पंप पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। वही अमृतपुर कस्बा स्थित शुभम ज्वेलर्स पर भी श्रद्धांलुओं ने स्वादिष्ट प्रसाद का आनंद लिया। बाबूजी फैमिली ढाबा पर कमेटी के सदस्यों द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रास्ते में आने-जाने वाले यात्रियों को हाथ जोड़कर रुकने का आह्वान करने के बाद उन्हें प्रसाद खिला रहे थे, तो वही यात्री भी श्रद्धा भाव को देखते हुए कमेटी के सदस्यों की तारीफ करते नहीं थक रहे थे।

भंडारा — पांचाल घाट पर किया भंडारा, जिले में कई कार्यक्रमों किया प्रतिभाग

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भाजपा नेता विकास राजपूत ने संतों का किया सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या में** 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। उपरोक्त कार्यक्रम पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा भव्यता के साथ संपन्न किया गया। इसी उपलक्ष्य में भाजपा नेता विकास राजपूत ने एक सैकड़ा से अधिक संतों को सम्मानित किया। साथ ही उनके हर सुख में हमेशा तत्पर रहने का वायदा भी किया।

फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी से टिकट के प्रबल दावेदार विकास राजपूत आम जनता के बीच लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। सोमवार को पांचाल घाट मेला श्रीराम नगरिया पहुंचे विकास राजपूत ने बच्चों बाबा सहित कई संतों से आशीर्वाद लिया। 100 से अधिक संतो का सम्मान किया। साथ ही एक दर्जन से अधिक संतों को भगवा शॉल ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विकास राजपूत ने खुदागंज व ग्राम रजीपुर में आयोजित राम मंदिर से जुड़े हुए कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास राजपूत को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि 500 वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इन 500 वर्षों के बीच सैकड़ों लोगों ने भगवान राम के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन सभी को हम नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि रामराज्य तभी आयेगा,जब हम प्रभु श्रीराम के बताये रास्ते पर चलें और अपने अंदर की बुराइयों का त्याग करें।



संतों की सेवा करते विकास राजपूत — समृद्धि न्यूज

# झूलेलाल मंदिर में शिक्षकों ने की पूजा अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय जनता** पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने सिंधी कालोनी पहुंचकर भगवान झूले लाल के मंदिर में पूजा अर्चना की। श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में जनपद में जगह-जगह पूजा अर्चना हुई। डा0 संदीप चतुर्वेदी के नेतृत्व में झूले लाल मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की गई। उस उत्सव को होल्लास पूर्वक शिक्षकों ने मनाया और सुख-समृद्धि की प्रभु श्रीराम से कामना की। उन्होंने श्लोक दोहराया कि दीन दयाल विरिदु संभारी, हरहु-नाथ मम संकटभारी के साथ पूजा अर्चना की। इस मौके पर डा0 जितेन्द्र कुमार यादव, संजीव चौहान, अखिलेश पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज में भी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना व हवन हुआ। बच्चे भगवान श्रीराम के स्वरुप व हनुमान के स्वरुप बने। सभी ने पूजा अर्चना की। छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद वितरण किया गया।



झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना करते शिक्षक

## कचहरी में अधिवक्ताओं ने भण्डारे का किया आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ में अधिवक्ताओं ने भण्डारे का आयोजन किया। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कचहरी प्रांगण में भी रामभक्तों की धूम दिखायी पड़ी। अधिवक्ताओं ने पूजा अर्चना कर भण्डारे का आयोजन किया और वादकारियों के अलावा अधिवक्ताओं ने भण्डारे में भाग लिया। राममय उत्सव को लेकर अधिवक्ताओं के चेहरों पर प्रसन्नता दिखायी पड़ी। ऋषि कुमार अवस्थी, राहुल कुमार तिवारी, सोनू मिश्रा के बिस्तर पर भण्डारा सम्पन्न हुआ। भक्तों ने हलवा का प्रसाद चखा और भगवान श्रीराम की आरती उतारी। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



भण्डारे में प्रसाद छकते अधिवक्ता

# हनुमान मंदिर में रामायण पाठ के साथ हुआ पूजन

- डा. राजीव पाठक ने परिवार के साथ दीपक जलाकर मनाया पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भगवान श्रीराम** की अयोध्या में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को हुई। जिसके तहत जनपद में जगह-जगह सुंदरकाण्ड पाठ, पूजा अर्चना व भण्डारे का आयोजन हुआ। शहर को लोगों ने भगवामय बनाया और पूरे दिन पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। देर शाम घरों को सजाकर दीपक जलाये और प्रभु श्रीराम की आरती उतारी। फतेहगढ़ कानपुर स्थित हनुमान मंदिर में डा0 राजीव पाठक व उनकी पत्नी विनीता पाठक ने पूजा अर्चना की और रामायण का पाठ कर भण्डारे का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से अनुभूति मिल रही है। ऐसे में धार्मिक अनुष्ठान से मन प्रसन्न हुआ है। देर शाम परिजनों के साथ आतिशबाजी छुड़ाई और मंगल गीतों के साथ दीपक जलाये। इस मौके पर डा0 वैभव पाठक, डा0 सुभ्रा पाठक, डा0 आयुष पाठक सहित बड़ी संख्या में परिवार के लोग शामिल हुए।


हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करते डा0 राजीव पाठक व विनीत पाठक

## खबरें एक नजर में

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नगर का माहौल हुआ राममय



**कालपी (जालौन)।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भले ही अयोध्या में हुई हो लेकिन उत्साह नगर व क्षेत्र में भी कम नहीं रहा। इस मौके पर सभी मंदिरों में पूजा पाठ और रामायण के सुन्दरकाण्ड का आयोजन हुआ और भण्डारों का भी आयोजन हुआ। अयोध्या में राममंदिर निर्माण का मुद्दा महज कुछ वर्षो का नहीं है बल्कि 1528 में बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा राम मंदिर और अयोध्या को नष्ट करने के बाद ही शुरू हो गया था तभी तो तब से अब तक 77 बार मंदिर को लेकर जनसंघर्ष हो चुका था और अनगिनत लोगों का बलिदान भी हुआ है और तब कहीं जाकर जनता का यह सपना साकार हुआ है और शायद इसी के चलते इस सपने को साकार होने का साक्षी आम जनता भी बनी है। हालांकि इस सपने की तारीख काफी पहले निर्धारित हो चुकी थी और इसी के चलते तैयारियां भी खुब हुई है और आलम यह रहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी रहे पाहूलाल मंदिर, बनखण्डी देवी मंदिर, टरननगंज स्थित रामजानकी मंदिर, सिद्धदात्री मंदिर, दुर्गा मंदिर, मनीगंज स्थित शिव मंदिर, स्टेशन चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, भीमसेनी हनुमान मन्दिर, तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर, बिहारी जी मंदिर, शीतला माता के मंदिर आनंदी मंदिर सहित नगर के सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भजन पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये गये तो रामजानकी मंदिर तथा सिद्धदात्री मंदिर में अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया। रामायण के सुन्दर काण्ड का पाठ भी कराया गया एवं नगर की हर गली चौराहे पर भण्डारो का भी आयोजन हुआ।

### पाहूलाल मंदिर आयोजित के कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने की हिस्सेदारी

**कालपी।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर वैसे तो नगर के विभिन्न हिस्सो में भजन कीर्तन पूजन और भण्डारो का आयोजन किया गया लेकिन पाहूलाल मंदिर में पूर्व विधायक डा अरूण मेहरोत्रा ने और भी भव्यता से इस कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमे पार्टी जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, माधौगढ विधायक मूलचन्द्र निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन, भाजपा नेता कैलाश स्वारूप वाजपेई पार्टी के नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष अमित पांडे सहित बड़ी संया में पार्टी कार्यकर्ताओं तथा जनता ने भागीदारी की।

### टरननगंज बाजार रहा बंद, भण्डारो के आयोजन में लगे रहे व्यापारी

**कालपी।** सोमवार को नगर का बाजार पूरी तरह बंद रहा। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष नमन अग्रवाल ने व्यापारियों से प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भण्डारे के आयोजन की अपील की थी और जिसके चलते सोमवार को बाजार तो बन्द रहा लेकिन इस दौरान बाजार को काफी सजाया सँवारा गया था और दिन भर भण्डारों का आयोजन चलता रहा।

### नगर का जुलहटी बाजार की दुकानों के नहीं खुले ताले

**कालपी।** वैसे प्रशासन ने बाजार बंदी का ऐलान नही किया था जिससे लग रहा था कि धर्म विशेष के क्षेत्र स्थित जुलहटी बाजार खुला रहेगा लेकिन यहां भी दुकानदारों ने किसी भी तरह की दुकानें नहीं खोली जिसको लेकर तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

### कोल समाज ने वितरित किया मिष्ठान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राम सबरी आदिवासी कोल समाज सेवा संस्थान द्वारा श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष मंजू शिखा के निवास पर मिष्ठान वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस पल को देखते हुए अनुभूति मिल रही है। आने वाले समय में भारत अखण्ड भारत बनेगा और दुनिया में भारत विश्व गुरु बनेगा। इस मौके पर राकेश कोल, राजा कोल, कंचन कोल, गीता कोल, शंभू कोल, सनी कोल, शेरु कोल, रवि कोल, रोशन कोल, अर्जुन कोल, भारत कोल, पप्पू कोल, बच्चू कोल, कमला कोल आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने जनेश्वर मिश्र की पुण्य तिथि पर किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पंडित जनेश्वर** मिश्र की पुण्यतिथि आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। छोटे लोहिया के नाम से जाने जानेवाले पंडित जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की। सभी ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। चन्द्रपाल यादव ने कहा कि उनके सानिध्य में काम करने का अवसर मिला। वह हृदय के धनी थे। उनके मन में प्यार की भावना कूट-कूटकर भरी थी। उन्होंने हमेशा समाजवाद को आगे बढ़ाया। लोकसभा प्रभारी नवल किशोर शाक्य ने कहा कि जनेश्वर मिश्र के बारे में जितना कहा जाए कम है, उन्होंने नेताजी के साथ मिलकर समाजवादी पार्टी को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि वह जनेश्वर मिश्र का अनुसरण करते हुए समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा जनेश्वर मिश्र ने हर समाज को समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का काम किया। मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने कहा कि 2024 का चुनाव विचारधारा बनाम झूठ फैलाने वालों के बीच की है। यूनुस अंसारी ने जनेश्वर मिश्र से मिले सानिध्य को साझा किया। जहान सिंह लोधी, सौरभ कटियार, नंद किशोर दुबे, धीरज मिश्रा ने विचार रखे और नेता जी के साथ जनेश्वर मिश्र ने हर लड़ाई लड़ी और संघर्ष करते हुए पिछड़ों की लड़ाई लड़ी। इस मौके पर इलियास मंसूरी, जितेंद्र सिरौली, सुधांशु पाठक, बेंचेलाल यादव, अनूप मिश्रा, रवी यादव, राजन यादव, विनीत परमार, निजाम अंसारी, आशुतोष अवस्थी, सूर्यांश अवस्थी आदि मौजूद रहे। संचालन मुन्ना यादव ने किया।



गोष्ठी में मौजूद सपा नेता — समृद्धि न्यूज

# शिव मंदिर पर भक्तों ने किया भण्डारे का आयोजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या** में श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अवसर पर नगर में शिव मंदिर के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो सुबह से शाम तक चलता रहा। भण्डारे का आयोजन अमित तिवारी, संजय विश्नोई, संतोष दुबे, संजू चौरसिया, दीपक सुनार, शिवम गुप्ता, सुनील वर्मा, मल्लू गुप्ता, बंटू अग्रवाल ने किया। वहीं युवा ग्राम समिति द्वारा ग्राम सिरोंज में कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। गरिमा गौरी सेवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित कन्या भोज एवं भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। इस दौरान सैकड़ो भक्तगण मौजूद रहे।


प्रसाद वितरण करते अमित तिवारी आदि

## कारसेवकों का हनुमान मंदिर में हुआ सम्मान


कारसेवकों को सम्मानित करते बृजकिशोर मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या में** श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कारसेवकों को सम्मानित किया गया। 1990 से 92 तक कार्य सेवा करने वाले पर आपात काल लगाया गया था। उन कारसेवकों को आपातकाल के प्रदेश अध्यक्ष बृजकिशोर मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें महंत मोहनदास, ब्रह्मलीन बाबा, बालक दास ने रामजन्म भूमि आंदोलन में सहभागिता की थी। जिसके तहत सोमवार को भोलेपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में संतों व कारसेवकों का सम्मान किया गया। साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान गेंदालाल वर्मा, मनोज मिश्रा, संदीप तिवारी, गोपाल पालीवाल आदि कारसेवकों का सम्मान हुआ।

# भक्तों ने पल्ला देवी मठिया पर की पूजा अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्रीराम प्राण** प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शहर के मंदिरों को सजाया गया। सोमवार को पूरा वातावरण राममय दिखा। पल्ला देवी मठिया मंदिर के पुजारी ने मंदिर को सजाकर पूजा अर्चना की।

देर शाम तक पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा। भक्तों ने पल्ला देवी मठिया मंदिर पर माथा टेंका और प्रसाद चढ़ाया। भक्तों ने घरों पर भगवा झण्डा लगाया और परिवार के साथ पूजा अर्चना की। देर शाम तक प्रसाद वितरण कार्यक्रम चलता रहा। पुजारी ने बताया कि 500 वर्षों के बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अयोध्या में हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि राम का वनवास आज ही खत्म हुआ है। इस उत्सव का पूरा देश साक्षी बना। सभी मंदिरों में यह उत्सव राममय बनाया गया और भगवा ध्वज लहराकर महाआरती का आयोजन हुआ।


पल्ला मठिया देवी की पूजा अर्चना करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

# सातनपुर में जितेन्द्र शाक्य व मनोज राजपूत के संयोजन में हुआ हवन पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्रीराम लला** प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मोहल्ला सातनपुर में भाजपा बूथ अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य के मदिर पर हवन पूजन का आयोजन हुआ। भाजपा नगर उपाध्यक्ष मनोज राजपूत के संयोजन में भजन, कीर्तन, हवन पूजन कर प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण किया गया। भगवान श्रीराम की आरती उतारी गयी। हवन पूजन में क्षेत्र के सभी लोगों ने आहूतियां देकर मंगल कामनायें की। इस मौके पर राजेंद्र गुप्ता, अरुण शाक्य, राजू शाक्य, महेंद्र शाक्य, राहुल राजपूत, अवधेश शाक्य, नरेंद्र सक्सेना, रामनरेश सक्सेना, नानक राम दुबे, सचिन शाक्य, कल्पना शाक्य, प्रभा शाक्य, मीना शाक्य, धनदेवी शाक्य, नैना शाक्य, दिशा शाक्य, सुजाता शाक्य, कविता शाक्य, सविता शाक्य आदि उपस्थित रहे।


हवन पूजन करते सातनपुर के लोग — समृद्धि न्यूज

# सातनपुर मण्डी में आलू आढ़तियों ने पूजन कर बांटा मिष्ठान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मंडी में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंडी के व्यापारी, आढ़तियों ने श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया।

सातनपुर मण्डी में अध्यक्ष सुधीर वर्मा व परशुराम वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही मिष्ठान वितरण कर जय श्रीराम के नारे लगाये गये। इस मौके पर ओमप्रकाश सेतिया, राकेश राजपूत, प्रदीप दीक्षित, दीपू कटियार, दुंविजय सिंह यादव, विमल कटियार, सतीश राजपूत, बेचेलाल वर्मा, सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, आनन्द सिंह राजपूत, विश्राम सिंह, अरविन्द राजपूत, मलिखान सिंह, गौरव गंगवार, हरिश्चंद्र राजपूत, गिरंद सिंह शाक्य, सुभाष कटियार, अमरदीप शाक्य, राजू सिंह, अरविन्द शाक्य, हरिनारायन यादव, मलिखान सिंह यादव, धीरेन्द्र कुमार, देवकीनन्दन आदि मौजूद रहे।



श्रीराम के चित्र पर फूल चढ़ाकर पूजा करते आलू आढ़ती

# फतेहगढ़ में भण्डारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रामलीला** परिषद फतेहगढ़ के तत्वाधान में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर फतेहगढ़ में उत्सव मनाया गया। श्रीराम स्वरुप बनकर बच्चे आगे-आगे चल रहे थे। डीजे की धुन पर बच्चे नाचते गाते शहर के प्रमुख मार्ग से शोभा यात्रा निकली।

प्राण प्रतिष्ठा पर्व को लेकर जगह-जगह भण्डारे का आयोजन हुआ। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। राहगीरों को बुलाकर भण्डारा छकाया गया। कोतवाली कचहरी रोड पर आयोजित भण्डारे में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान रिजवान अहमद ताज, राजीव बाजपेयी, राहुल परमार, राघवेन्द्र सिंह रामू, डा0 बाल गोविन्द दुबे, मजहर मोहम्मद खां, युनूस अंसारी, राजेश मिश्रा, शिवम वर्मा, देवेन्द्र शुक्ला, रीतेश प्रजापति, सतेन्द्र कनौजिया, मनोज कुमार, राजा वैर्ष्णेय, तारिक वसीर, श्याम सिंह यादव, बबलू गोस्वामी व विजय यादव आदि लोग मौजूद रहे।


भण्डारे में तिरंगा लहराते युनूस अंसारी — समृद्धि न्यूज

**कलश यात्रा** | समाजसेवियों द्वारा जगह जगह मिष्ठान, चाय, पानी व फल बांटे

# श्रीराम महायज्ञ शुभारंभ पर गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**श्रीवीर** बालाजी हनुमान बालाजी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा व नौ कुंडीय श्रीसीताराम यज्ञ का सोमवार से शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम के पहले दिन नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़ व श्रीराम के गीतों से नगर भक्ति रस में डूब नजर आ रहा था।

प्रभू श्रीराम के आगमन व अयोध्या में विराजमान होने की चहुंओर खुशी दिख रही है। उल्लास के इस पल को हर कोई अपने ढंग से मनाने का प्रयास कर रहा है। नगर के प्रमुख हनुमानजी के मंदिर श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पर सोमवार से नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के साथ श्रीराम लीला महोत्सव व श्रीमद्भागवत कथा के साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन मंदिर से भव्य व विशाल शोभायात्रा यात्रा निकाली गई जो देवनगर चौराहे से काली माता मंदिर सरस्वती माता मंदिर, गणेशजी मंदिर, नाना महाराज मंदिर, बड़ी माता मंदिर, द्वारिकाधीश, छोटी माता मंदिर होकर कथा स्थल पर पहुंची। घोड़े के नृत्य के साथ झांकियों व बैंड बाजा पर बज रहे भजनों की ध्वनि पर भक्त जयकारे लगाते व नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे तो महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति के रस में सराबोर होकर आगे बढ़ रही थी। भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा जिस मार्ग से निकली बैंड-बाजे व डीजे में बज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया था। लोगों ने शोभायात्रा पर फूलों से वर्षा की। मंदिर के पुजारी कमलेश अपने सिर पर श्रीमद्भागवत गीता महाग्रंथ को धारण कर आगे बढ़ रहे थे। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम दरबार समेत भगवान के विभिन्न रुपों की झांकी एवं कथा व्यास आचार्य आशीष कृष्ण शास्त्री चल रहे थे। पारीक्षित कमलेश पुजारी व पुष्पा देवी के साथ श्रीसीताराम महायज्ञ के प्रधान जजमान सुमन व शैलू सिकरवार, सुचि व आलोक शर्मा, अंजू व अरविंद, साधन व रूद्र प्रताप, तारा व भगवानदास, कुसुम व ओमप्रकाश, रेखा व रिंकू, सुषमा व उमाशंकर, कंचनराजा व बलवान गुर्जर, अंजनी श्रीवास्तव, मनोज द्विवेदी, यखिल पटेल, अनुराग श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार, रामू गुप्ता, रिषभ यादव, अभिषेक, शिवम, अरविंद सोनी, सन्नी, अंशुल गुर्जर, पुष्पा निरंजन, मीना, मंजू, नीलम, अर्चना, ममता, सुनीता, अर्पणा, कल्पना, विनीता, संगीता, विवेचना, प्रवीना आदि भक्त शोभायात्रा में स मलित रहे। शोभायात्रा में स मिलित भक्तों के लिए समाजसेवियों द्वारा जगह जगह मिष्ठान, चाय, पानी व फल की व्यवस्था की गई थी।



# त्रेतायुगीन आभूषणों को धारण किये हैं श्रीरामलला

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होकर अपने महा प्रासाद में भगवान श्री रामलला जी दिव्य आभूषणों और वस्त्रों से सजधज कर विराजमान हैं।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया कि इन दिव्य आभूषणों का निर्माण अध्यात्म रामायण, श्रीमद् वाल्मिकि रामायण, श्रीरामचरिमानस तथा आलवन्दार स्तोत्र के अध्ययन और उनमें वर्णित श्रीराम की शास्त्रसम्मत शोभा के अनुरूप शोध और अध्ययन के उपरान्त किया गया है। इस शोध के अनुरूप अयोध्या राज परिवार यतींद्र मिश्र की परिकल्पना और निर्देशन से इन आभूषणों का निर्माण लखनऊ के अंकुर आनन्द की संस्थान हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स ने किया है।भगवान बनारसी वस्त्र की पीताम्बर धोती तथा लाल रंग के पटुके/अंगवस्त्रम में सुशोभित हैं। इन वस्त्रों पर शुद्ध स्वर्ण की ज़री और तारों से काम किया गया है, जिनमें वैष्णव मंगल चिन्ह- शंख, पद्म, चक्र और मयूर अंकित हैं। इन वस्त्रों का निर्माण श्री अयोध्या धाम में रहकर दिल्ली के वस्त्र सज्जाकार मनीष त्रिपाठी ने किया है। शीश पर मुकुट/किरीटयह उत्तर भारतीय परंपरा में स्वर्ण निर्मित है, जिसमें माणिक्य, पन्ना और हीरों से अलंकृत किया गया है। मुकुट के ठीक मध्य में भगवान सूर्य अंकित हैं।






मुकुट के दायीं ओर मोतियों की लड़िया पिरोई गई हैं। कुंडलमुकुट/किरीट के अनुरूप और इस डिजाइन के क्रम में भगवान के कर्ण-आभूषण बनाए गए हैं, जिसमें मयूर आकृतियां बनी हैं और यह भी सोने-हीरे, माणिक्य और पन्ने से सुशोभित है। कण्ठगले में अर्द्ध चंद्राकार रत्न से जनित कण्ठा सुशोभित है, जिसमें मंगल का विधान रचते पुष्प अर्पित हैं और मध्य में सूर्यदेव बने हैं। सोने से बना हुआ यह कण्ठहार हीरे, माणिक्य और पन्नों से जड़ा है, कंठे के नीचे पन्ने की लड़िया लगाई गई हैं। भगवान के हृदयभगवान के हृदय में कौस्तुभ मणि धारण कराया गया है, जिसे एक बड़े माणिक्य और हीरो के अलंकरण से सजाया गया है। यह शास्त्र विधान है कि भगवान विष्णु तथा उनके अवतार हृदय में कौस्तुभ मणि धारण करते हैं, इसलिए इसे धारण कराया गया है। पदिककंठ से नीचे तथा नाभि कमल से ऊपर पहनाया गया हार होता है। जिसका देवता अलंकरण में विशेष महत्व है। यह पदिक पांच लड़ियों वाला हीरो और पन्ने का ऐसा पांच लड़ा है, जिसके नीचे एक बड़ा सा अलंकृत पेंडेंट लगाया गया है। वैजयंती या विजयमालयह भगवान को पहनाया जाने वाला तीसरा और सबसे लंबा और स्वर्ण से निर्मित हार है। इसमें कहीं-कहीं माणिक्य लगाए गए हैं। इस विजय के प्रतीक के रूप में पहनाया जाता है, जिसमें वैष्णव परंपरा के समस्त मंगल चिन्ह, सुदर्शन चक्र पद्म, पुष्प, शंख और मंगल कलश दर्शाया गया है। इसमें पांच प्रकार के देवताओं को प्रिया पुष्पों का भी अलंकृत किया गया है, जो मणिक, चंपा, पारिजात कुंड और तुलसी हैकमर में कांची/करधनीभगवान के कमर में करधनी धारण कराई गई है, जिससे रतनजोत बनाया गया है। स्वर्ण पर निर्मित इसमें प्राकृतिक सुषमा का अंकन है और हीरे, माणिक्य, मोतियों और पन्नों से यह अलंकृत है। पवित्रता का बोध कराने वाली छोटी-छोटी 05 घंटियां भी इसमें लगाई गई है। इन घंटियों से मोती, माणिक्य और पन्ने की लड़ियां लटक रही हैभुज बंद/ अंगदभगवान की दोनों भुजाओं में स्वर्ण और रत्न से जड़ित भुजबंध बनाए गए हैंकोंकण कंगनदोनों ही हाथों में रत्न से सुंदर कंगन पहनाए गए हैं। मुद्रिकाबाएं और दाएं दोनों हाथों की मुद्रिकाओं में रत्न जणित मुद्रिकाएं सुशोभित हैं। जिनमें से मोतिकाया लटक रही है।पैरों में छड़ा और पैजानियापैरों में छड़ा और पैजानिया पहनाए गए हैं, जो स्वर्ण की बनी है।भगवान के बाएं हाथमें स्वर्ण का धनुष है। जिसमें मोती माणिक और पन्ने की लटकने लगी हैं। इसी तरह दाहिने हाथ में स्वर्ण का बाण धारण कराया गया है।भगवान के गले मेंभगवान के गले में रंग-बिरंगे फूलों की आकृतियों वाली वनमाला धारण कराई गई है। जिसका निर्माण हस्त शिल्प के लिए समर्पित शिल्प मंजरी संस्था ने किया है।भगवान के मस्तक परभगवान के मस्तक पर उनके पारंपरिक मंगल तिलक को हीरे और माणिक्य से रचा गया है।

# ढाई हजार मंदिरों में प्रसारित किया गया प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को दिल्ली में भी लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। राजधानी दिल्ली में दीपोत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। मंदिरों के साथ बाजारों को भी लोगों ने खूब सजाया। इसके साथ भारतीय जनता पार्टी ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण करने के लिए करीब ढाई हजार से अधिक मंदिरों में एवं सार्वजनिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दिल्ली के विभिन्न मंदिरों में राम भक्तों के साथ केन्द्रीय मंत्री शामिल हुए और पूजा -अर्चना की।

दिल्ली प्रदेश भाजपा सूत्रों के अनुसार प्रदेश, जिला और मंडल इकाइयों ने अपने कार्यालयों को दीपों से रोशन किया और फूलों से सजाया और भागवान राम के आगमन की खुशी में आतिशबाजी की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में राम मंदिर सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा झंडेवालान मंदिर में सामुदायिक समारोह में भक्तों के साथ शामिल हुए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख सांसद अनिल बलूनी, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कंठ और दिल्ली भाजपा मीडिया संपर्क प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के प्रसिद्ध बिड़ला मंदिर में भक्तों और मंदिर के ट्रस्टियों के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अवलोकन किया और उससे पूर्व सुन्दरकांड पाठ किया। इस अवसर पर विधान सभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रमुख संजय मयूख भी उपस्थित थे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह श्रद्धालुओं के साथ दरियागंज में एक कार्यक्रम में शामिल हुए और समारोह देखा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हौज खास में जगन्नाथ मंदिर में सामूहिक समारोह में भक्तों के साथ शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नेहरू प्लेस मार्केट में व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से समारोह देखा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने घडोली मंदिर में और तरुण चुघ ने सनातन धर्म मंदिर, पहाड़गंज में स्थानीय भक्तों के साथ समारोह देखा। इस अवसर पर विजेन्द्र धामा एवं पार्षद मनीष चड्ढा उपस्थित थे। सांसद डॉ. हर्ष वर्धन गौरी शंकर मंदिर में और रमेश बिधूड़ी पालम में, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय चाण्क्यपुरी राम मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए और उनके साथ समारोह देखा, जबकि प्रवेश साहिब सिंह ने अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विशेष पूजा की।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा शाम को घंटा घर चौक पर दिल्ली हिंदुस्तानी मर्चेंटाइल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए।

इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज का दिन सभी सनातन धर्म अनुयायियों के जीवन में एक यादगार दिन है। दिल्ली भाजपा के संगठन महासचिव पवन राणा ने दिल्ली गेट क्षेत्र में जाटव समाज मंदिर में समारोह देखा। दिल्ली भाजपा महासचिव हर्ष मल्होत्रा शिव मंदिर शाहदरा में, योगेन्द्र चंदोलिया करोल बाग और कमलजीत सहरावत शिव मंदिर, अंबराही, द्वारका में सामुदायिक दर्शन में भक्तों के साथ शामिल हुए जबकि मीडिया प्रवीण शंकर कपूर खारी बावली के किराना ट्रेडर्स के सामुदायिक समारोह में शामिल हुए।

# प्राचीन रामलला के विग्रह का हुआ अभिषेक

**जयपुर, एजेंसी**

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोताद्रि श्री गलता जी में सोमवार को अयोध्या में हुई भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में विभिन्न आयोजन अनुष्ठान आदि किए गए।

श्री गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि श्री गलता पीठ उत्तर भारत का प्रथम व प्रमुख श्री राम भक्ति केन्द्र है एवं देश भर के राजा महाराजा एवं धर्मप्राण भक्त भागवतजन सदा से इस पवित्र स्थल को इसी रूप में पूजते आ रहे हैं। अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री गलता पीठ में 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन रामलला के विग्रह का प्रातः 9.15 बजे विद्वानों द्वारा वैदिक विधि एवं मंत्रो'चार के साथ पंचामृत, सर्व औषधि, फलों, मेवों आदि से पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके पश्चात भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई। रामलला के साथ साथ सीताराम जी, रामकुमार जी, रघुनाथ जी के उत्सव विग्रहों का भी अभिषेक, श्रृंगार व महाआरती की गई। इसके पश्चात भगवान राम का 1000 नामों से पुष्पयाग किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री गलता जी की इस महान तपोभूमि को विद्वानों व महापुरुषों ने आस व त्रास मिटाने वाली तपोस्थली, जिसके कण कण में राम बसते हैं, इस दिव्य प्रभाव को अनुभव करते हुए अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति की। इस अवसर पर श्री गलता पीठ परिसर को फूलों से सुस'जत किया गया, रंगोलियां आदि बनाई गईं। साफ सफाई, सुरक्षा आदि की विशेष व्यवस्था की गई।



अयोध्या में आयोजित होने वाले भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को आगंतुक श्रद्धालुजनों ने श्री गलता पीठ में लगाई गई डिस्प्ले स्क्रीन पर लाईव देखा। उपरोक्त कार्यक्रम में श्री गलता पीठ से जुड़े भगवतजनों, स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा। नगर निगम द्वारा सफाई, रोशनी एवं दीपदान आदि किए गए। पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कुबेर टीला पहुंचे थे पीएम

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अयोध्या यात्रा में राम मंदिर परिसर के भीतर एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक यात्रा शामिल थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर परिसर में स्थित कुबेर टीला का दौरा किया। उनकी यात्रा में कुबेर टीला पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना भी शामिल थी। प्रधान मंत्री ने जलाभिषेक किया, जो शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि कुबेर टीला में जलाभिषेक%के माध्यम से भगवान शिव को श्रद्धांजलि दिए बिना अयोध्या की यात्रा अधूरी रहती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, धन देवता कुबेर सदियों पहले इस स्थान पर आये थे। कुबेर ने राम लला की पूजा शुरू करते हुए भगवान राम के जन्मस्थान के पास एक शिव लिंग की स्थापना की। राम लला के साथ, इस स्थल पर भगवान गणेश, देवी पार्वती, भगवान कार्तिकेय, भगवान कुबेर और नंदी की मूर्तियाँ हैं, जो कुबेर टीला पर नौ देवी मंदिर का निर्माण करती हैं। इन देवताओं की उपस्थिति से कुबेर टीला को नौ रत्न नाम मिलता है। **कुबेर टीला का महत्व:** रावण पर विजय के लिए भगवान राम द्वारा रामेश्वरम में भगवान शिव की पूजा करने के समान, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर का निर्माण शुरू करने से पहले कुबेर टीला में भगवान शिव के लिए दुग्धाभिषेक अनुष्ठान किया। कुबेर टीला न केवल धार्मिक एवं पौराणिक सन्दर्भों में महत्व रखता है बल्कि पुरातात्विक महत्व भी रखता है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि** 1902 में अयोध्या में 84-कोसी परिक्रमा के दौरान 148 स्थानों की पहचान में कुबेर टीला को शामिल किया गया था।

# श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की साक्षी बनीं विभूतियां



**अयोध्या/नई दिल्ली, एजेंसी**

अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के दिग्गज उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) प्रमुख मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे। इसके साथ ही उनके छोटे भाई अनिल अंबानी भी शामिल हुए। रिलायंस प्रमुख मुकेश अंबानी और उनकी धर्मपत्नी नीता अंबानी अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम दौरान भाव-विभोर दिखे। इस अवसर पर मुकेश और नीता अंबानी ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद रहना हमारा सौभाग्य है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी एवं उनकी धर्म पत्नी श्लोका मेहता अंबानी, पुत्री ईशा अंबानी और उनके पति आनंद पीरामल तथा छोटे बेटे अनंत अंबानी भी मौजूद रहे। मुकेश अंबानी परिवार के अलावा अयोध्या श्रीराम मंदिर में आयोजित रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला, वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल, भारती एयरटेल के सुनील मित्तल और रेमंड समूह के मुखिया अनिल सिंघानिया भी शामिल हुए।

> **राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद रहना हमारा सौभाग्य**

उल्लेखनीय है कि आरआईएल ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर अपने कार्यालयों में छुट्टी, अपने परिसर स्थित मंदिरों में विशेष पूजा, जियो संबद्ध संपत्तियों पर समारोह का सीधा प्रसारण और अपनी खुदरा दुकानों में सभी आगंतुकों को दीये बांटने की व्यवस्था की है।

## राम मंदिर के लिए फिल्म हनुमान के निर्माताओं ने दिया 2.66 करोड़ का दानहर

कोई भगवान राम के स्वागत के लिए तैयार है। इन सबके बीच फिल्म जगत के लोग भी इस मंदिर के निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। तेज सहज के 'हनुमान' के निर्माताओं ने भी राम मंदिर के उद्घाटन के लिए 2.66 करोड़ रुपये का दान दिया है। इससे पहले डायरेक्टर प्रशांत वर्मा के मुताबिक उन्होंने फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन से 14 लाख रुपये दान किए थे।'हनुमान' के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर दान की गई राशि का उल्लेख किया है। उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर के लिए 2.66 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा, अयोध्या राम मंदिर के लिए 2,66,41,055 रुपये का दान देने में मदद करने वाले लोगों को धन्यवाद। आप भी फिल्म 'हनुमान' देखकर इस अद्भुत पहल का हिस्सा बन सकते हैं।÷उस पोस्ट में मेकर्स ने आगे लिखा, आपके खर्च किए गए हर टिकट में से 5 रुपये अयोध्या के राम मंदिर में जाएंगे। हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज़ इवेंट के दौरान मेगास्टार चिरंजीवी ने कहा था कि प्रत्येक हनुमान टिकट से 5 रुपये राम मंदिर के निर्माण के लिए दान किए जाएंगे।

## सीएम सुक्खू ने हनुमान मंदिर में नवाया शीश

**शिमला, एजेंसी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर देवभूमि हिमाचल प्रदेश भी पूरी तरह से राम के रंग में रंगा और सुबह से जगह-जगह शोभा यात्राएं निकाली गई। मंदिरों में भजन-कीर्तन, अखंड पाठ, सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया गया। रा'य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने इस मौके पर सोमवार को रा'य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाखू में शीश नवाया और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भगवान हनुमान प्रभु श्री राम के परम भक्त थे। हनुमान के बिना रामायण भी अधूरी है। प्रभु राम उनकी ही मदद से ही लंका विजय कर अयोध्या लौट कर आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर है। ऐसे में वह भी हनुमान मंदिर पहुंचे और हनुमान चालीसा का पाठ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को आज के इस अवसर की बधाई दी और प्रदेश की जनता से अपने घर पर दीप दिया जलाने का आह्वान किया।



## अयोध्या पहुंचकर कंगना रनौत बोलीं...



जैसे मैं किसी पौराणिक समय में पहुंच गयी हूंराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। कंगना ने अयोध्या में राम मंदिर को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा, आज मैं अयोध्या नगरी में आयी हूं और ऐसा महसूस हो रहा है जैसे मैं किसी पौराणिक समय में पहुंच गयी हूं। जैसा कि हम पौराणिक कहानियों में पढ़ते थे कि कैसे उस समय बड़े-बड़े भवन, यज्ञ हुआ करते थे, जहां संपूर्ण सृष्टि से संबंधित देवता गंधर्व आते थे। यह एक अद्भुत और अलौकिक अनुभव है। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को बदल दिया है। कंगना रनौत ने कहा, अयोध्या पूरी दुनिया में न केवल विकास के नजरिए से बल्कि आध्यात्मिक नजरिए से भी रोम के वेटिकन सिटी से जाना जाएगा। इस बीच राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के लिए बॉलीवुड हस्तियों में अमिताभ बच्चन, चिरंजीवी, राम चरण, जैकी श्रॉफ, राजकुमार हिरानी, मधुर भंडारकर मंदिर परिसर में पहुंच गए हैं।

## समारोह पर भावुक हुए अभिनेता मनोज जोशी



अयोध्या के राम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापित किये जाने के लिए अयोध्यानगरी सज-धज कर तैयार है। हाल ही में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री और थिएटर में धूम मचाने वाले अभिनेता मनोज जोशी ने भी मीडिया से बातचीत के दौरान अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। मनोज जोशी ने बताया कि यह दिन हर किसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और खासकर भारतीय आज बहुत भावुक हैं। मीडिया से बात करते हुए मनोज जोशी ने कहा, यह बहुत अलग एहसास है। आज हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। कई पीढ़ियों ने कई वर्षों तक इसका इंतजार किया है। कई पीढ़ियों ने इसका सपना देखा था। अब आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। ये हमारे लिए बेहद भावुक पल है। इसे व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

## सोनू निगम, शंकर महादेवन ने गाए राम भजन



सोनू निगम ने राम सिया राम की खूबसूरत प्रस्तुति दी और अपनी आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शंकर महादेवन और अनुराधा पौडवाल भी राम भजनों की विभिन्न प्रस्तुतियों का हिस्सा थे।सोनू निगम बॉलीवुड के जाने-माने गायक हैं और उन्होंने आज भी लोगों और अपने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर रखा है। गायक अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ कार्यक्रम में शामिल होने वाली मशहूर हस्तियों में से एक थे। सोनू निगम ने राम सिया राम की खूबसूरत प्रस्तुति दी और अपनी आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शंकर महादेवन और अनुराधा पौडवाल भी राम भजनों की विभिन्न प्रस्तुतियों का हिस्सा थे।राम सिया राम के पद गाते हुए सोनू निगम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। प्रशंसक इतनी खूबसूरती से गाने के लिए गायक की प्रशंसा करना बंद नहीं कर सके और कैसे वे उनकी आवाज में खो गए। गायिका अनुराधा पौडवाल ने भी अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में अपनी मधुर आवाज में राम भजन गाया। गायक-संगीतकार शंकर महादेवन ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होने से पहले राम भजन गाया।आखिरकार 500 वर्षों की बेहद लंबे इंतजार के बाद वह शुभ घड़ी आ गई है जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर के गर्भ ग्रह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है।

## एक झलकियां













### जय श्री राम के नारे लगाते हुए झंडा फहराते एक्टर राजपाल यादव का डांस वायरल:

आज पूरे देश में राममय माहौल देखने को मिल रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का आज उद्घाटन किया जाएगा और भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस ऐतिहासिक पल का पूरे देश के लोगों को बेसब्री से इंतजार था। आखिरकार वह क्षण आ ही गया। इस प्राणप्रतिष्ठा समारोह के लिए कई दिग्गज अयोध्या पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के साथ साउथ सुपरस्टार्स भी रामनगर पहुंचे हैं। कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इस तरह दर्शकों को हंसाने वाले एक्टर राजपाल यादव के वीडियो ने सभी का ध्यान खींचा है। एक्टर राजपाल यादव का एक इंस्टाग्राम वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में राजपाल यादव जबरदस्त अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। एक्टर झंडा लहराते हुए और जय श्री राम का नारा लगाते हुए डांस करते नजर आ रहे हैं। राजपाल यादव का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक्टर राजपाल यादव के इस वीडियो पर नेटिजन्स ने खूब रिएक्शन दिए हैं। इस बीच अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, माधुरी दीक्षित, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, रोहित शेट्टी, आयुष्मान खुराना, राजकुमार हिरानी, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ, कंगना रनौत, मधुर भंडारकर जैसी कई हस्तियां अयोध्या पहुंच चुकी हैं।